खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 27°C
न्यूनतम : 23°C

मुजफ्फरनगर, मंगलवार 5 अगस्त 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 204 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com श्रावण शुक्ल पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 10 सफर 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा कब मिलेगा: फारूक अब्दुल्ला पेज 2



ओवल टेस्ट: भारत की रोमांचक जीत, सिराज का पंजा खेल टाइम्स



अगस्त क्रांति: स्मृतियों के बीच राष्ट्रभक्ति पर सुलगते सवाल सम्पादकीय



रूस और ईरान से तेल खरीदना बंद नहीं करेगा चीन पेज 12

# मेरठ की तस्वीर बदल देगी नई टाउनशिप: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मेरठ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को मेरठ को एक बड़ी सौगात दी। उन्होंने शहर में नई टाउनशिप परियोजना का भूमि पूजन किया और इसे नए मेरठ की तस्वीर की शुरुआत बताया। सीएम योगी ने कहा कि आज मेरठ में न्यू टाउनशिप की नींव रखी गई है और अब नए मेरठ की तस्वीर जल्द ही सभी के सामने होगी। यह योजना मेरठ के नागरिकों के लिए आधुनिक और सस्ती जीवनशैली लेकर आएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सावन के अंतिम सोमवार को शिलान्यास कर सभी को बधाई देता हूं। यह एनसीआर की ऐसी परियोजना है जिसे आज यहां प्रस्तुत किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 2517 करोड़ की इस परियोजना को 750 एकड़ भूमि में विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत आवासीय, औद्योगिक और कमर्शियल सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे लोगों को रहने, व्यापार और रोजगार की सभी जरूरतें एक ही क्षेत्र में मिलेंगी, जो शहर की पहचान को पूरी तरह से बदल देगा। उन्होंने कहा कि इस टाउनशिप में लोगों को सस्ते दामों में घर उपलब्ध कराए जाएंगे और यह -शेष पृष्ठ दो पर



मेरठ: भूमि पूजन करते हुए सीएम योगी व साथ में बैठे संसदीय राज्य मंत्री।

- मेरठ की पहचान अब एक्सप्रेसवे, रैपिड रेल और खेल
- नई टाउनशिप परियोजना का भूमि पूजन किया

### आतंक को संरक्षण देती है सपा व कांग्रेस कोर्ट के हालिया फैसले इसका सबूत: योगी

**सहारनपुर ( ब्यूरो )।** मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भाजपा विरासत के संरक्षण के साथ-साथ विकास के लिए भी संकल्पित है। विरासत के संरक्षण के लिए मां शाकंभरी देवी कॉरिडोर बन रहा है। किसी भी मौसम में देशभर के श्रद्धालु आ सकते हैं। इसी तरह महाकुंभ में इतने श्रद्धालु आए, इससे कांग्रेस और उसके सहयोगी दल परेशान हैं। उन्हें परेशानी यह हो रही है कि सनातन धर्म का वैभव इतना ऊपर क्यों हो रहा है। उन्हें भारत की विरासत पर गौरव की अनुभूति नहीं हो रही है। कांग्रेस और सपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर आतंकी वारदात होती है, तो यह संरक्षण देने के लिए छाती चौड़ी करके आगे बढ़ने का काम करते हैं। हाल ही में दो घटनाओं पर न्यायालय ने निर्णय दिया। महाराष्ट्र के मालेगांव में कांग्रेस की तत्कालीन सरकार ने हिंदुओं को अभियुक्त बनाया था, जिसके खुलासे अब हो रहे हैं।

## रक्षाबंधन पर महिलाओं के लिए तीन दिन रोडवेज की यात्रा फ्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

- आठ अगस्त की सुबह से 10 अगस्त की रात्रि तक मिलेगी सेवा

**लखनऊ।** रक्षाबंधन के पर्व को देखते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने आठ अगस्त की सुबह से 10 अगस्त की रात्रि 12 बजे तक यूपीएसआरटीसी की बसों व नगरीय बस सेवा की बसों में महिलाओं को नि:शुल्क यात्रा के लिए व्यवस्था करने के निर्देश परिवहन विभाग को दिए हैं।

अधिकृत सूत्रों ने सोमवार को बताया कि वर्ष 2017 में प्रदेश की बागडोर संभालने के बाद मुख्यमंत्री का रक्षाबंधन के पर्व के मद्देनजर माताओं और बहनों को नि:शुल्क यात्रा कराने का क्रम जारी है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में माताओं और बहनों को नि:शुल्क यात्रा कराने का निर्देश दिया है। वर्तमान में उप्र परिवहन निगम के बेड़े में 13850 बसें शामिल हैं। जबकि 2022 में इनकी संख्या 12758 थी। बीते वर्ष रक्षाबंधन केवल एक दिन का था। इस बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 3 दिन नि:शुल्क यात्रा कराने का निर्देश दिया है। ऐसे में परिवहन निगम ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है।

### मालेगांव विस्फोट में भगोड़ों पर आरोप तय करने का रास्ता साफ

**मुंबई।** एनआईए की एक विशेष अदालत ने एजेंसी को फरार आरोपियों रामचंद्र कलसांगरा और संदीप डांगे की गिरफ्तारी के बाद उनके खिलाफ अलग-अलग आरोपपत्र दाखिल करने की अनुमति दे दी है। यह निर्देश 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में सात लोगों को बरी करने के अदालत के फैसले के साथ आया है। मध्य प्रदेश के इंदौर निवासी कलसांगरा और डांगे, एनआईए द्वारा जांचे गए इस मामले में आधिकारिक तौर पर वांछित आरोपी (एए-1 और एए-2) के रूप में सूचीबद्ध हैं।

### दिल्ली में सांसद सुधा रामकृष्णन से चेन छीनी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में कांग्रेस सांसद सुधा रामकृष्णन से चेन छीनने का मामला सामने आया है। घटना सोमवार सुबह 6 बजे तमिलनाडु भवन के पास की है। वे डीएमके सांसद रजती के साथ सैर कर थीं, तभी जब स्कूटी पर सवार बदमाश ने घटना को अंजाम दिया। चेन खींचने की वजह सांसद की गर्दन पर चोट आ गई है। दिल्ली पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। सुधा ने सुधा ने लेटर लिखकर पुलिस, स्पीकर और गृह मंत्रालय को शिकायत की है। गृह मंत्री अमित शाह को लिखे लेटर में कहा, श्मेरी चार से ज्यादा सावरेन (करीब 32 ग्राम) वजन की सोने की चेन खो गई और मैं इस आपराधिक हमले से बहुत सदमे में हूं।

### बिहार में मतदाता सूची के मसौदे पर किसी दल की ओर से कोई आपत्ति नहीं

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने कहा है कि बिहार में नई मतदाता सूची के मसौदे पर सोमवार अपराह्न तीन बजे तक किसी भी राजनीतिक दल की ओर से नाम काटने या जोड़ने को लेकर कोई दावा या आपत्ति प्राप्त नहीं हुई है पर मतदाताओं की ओर से तीन दिन में 1900 से अधिक दावे और आपत्तियां दर्ज कराई गई हैं। आयोग ने सोमवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि एक अगस्त अपराह्न तीन बजे (मसौदा सार्वजनिक होने का समय) से चार अगस्त अपराह्न तीन बजे तक राजनीतिक दलों की ओर से एक भी दावा या आपत्ति नहीं दर्ज काराई गई है।

# चीन ने जमीन हड़पी, सबूत कहां?, SC ने राहुल से पूछा

## विश्वसनीय जानकारी क्या है, अगर आप सच्चे भारतीय होते, तो ऐसा नहीं कहते

शाह टाइम्स ब्यूरो

- सेना पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में लखनऊ कोर्ट में राहुल के खिलाफ चल रही कार्रवाई पर रोक लगाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को भारतीय सेना पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष व लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी को फटकार लगाई।

सुप्रीम कोर्ट ने पूछा आपको कैसे पता चला कि चीन ने भारत की 2000 वर्ग किमी जमीन पर कब्जा कर लिया है, विश्वसनीय जानकारी क्या है, अगर आप सच्चे भारतीय होते, तो ऐसा नहीं कहते। कोर्ट ने कहा कि जब सीमा पार संघर्ष चल रहा हो, तो क्या आप ये सब कह सकते हैं। आप संसद में सवाल क्यों नहीं पूछ सकते? आप (राहुल गांधी) विपक्ष के नेता हैं, संसद में बोलें, सोशल मीडिया पर नहीं बोलें। इसके साथ, सेना पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में लखनऊ की कोर्ट में राहुल के खिलाफ चल रही कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी। कोर्ट ने इस मामले में शिकायतकर्ता (उदय -शेष पृष्ठ दो पर

### भूपेश बघेल की याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2160 करोड़ रुपये के कथित शराब घोटाला समेत अन्य मामलों से जुड़े संबंधित धन शोधन के आरोपों में घिरे छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल और उनके बेटे चैतन्य बघेल को कोई राहत न देते हुए उनकी याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने हालांकि पिता-पुत्र से कहा कि वे इस मामले में पहले हाईकोर्ट या निचली अदालत के समक्ष राहत की गुहार लगा सकते हैं।



### तमिलनाडु में विज्ञापन विवाद : सुप्रीम कोर्ट सरकार की याचिका पर शुक्रवार को करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में जीवित व्यक्तियों के नाम और तस्वीरें लगाने पर रोक के खिलाफ तमिलनाडु सरकार की ओर से दायर याचिका पर छह अगस्त को सुनवाई करेगा। पीठ ने राज्य सरकार की अपील पर शीघ्र सुनवाई करने की गुहार स्वीकार की। राज्य सरकार की ओर से पेश अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने मामले को अति महत्वपूर्ण बताते हुए याचिका पर तत्काल सुनवाई करने का अनुरोध किया। मद्रास हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में तमिलनाडु की सरकार की विभिन्न विज्ञापनों में कल्याणकारी योजनाओं में जीवित व्यक्तियों, पूर्व मुख्यमंत्रियों, पार्टी नेताओं या राजनीतिक दलों के नामों और तस्वीरों के इस्तेमाल पर अंतरिम रोक लगा दी थी।

# झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रणेता शिबू सोरेन नहीं रहे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/रांची।** पृथक झारखंड आंदोलन के अग्रदूत एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का सोमवार को यहां निधन हो गया। वह 81 वर्ष के थे। श्री सोरेन एक माह से भी अधिक समय से यहां सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती थे।

उनका किडनी तथा हृदय संबंधी बीमारियों का इलाज चल रहा था। उन्होंने सोमवार सुबह अस्पताल में ही अंतिम सांस ली। श्री सोरेन के पुत्र एवं झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया एक्स पर उनके निधन की जानकारी देते हुए लिखा कि आदरणीय दिशोम गुरुजी हम सभी को छोड़कर चले गए हैं। आज मैं शून्य हो गया हूं। दिशोम गुरुजी के नाम से लोकप्रिय श्री सोरेन के निधन की खबर मिलते ही समूचे झारखंड में शोक की लहर दौड़ गई। पिछले कई दिनों से राज्य में उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना व दुआएं की जा रही थी।



### मुर्मू, मोदी व राहुल गांधी ने जताया शोक

**नई दिल्ली।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम मोदी, राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों तथा कई अन्य वरिष्ठ नेताओं और गणमान्य व्यक्तियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। राष्ट्रपति मुर्मू ने सोशल मीडिया के एक्स पर लिखा कि श्री सोरेन का निधन सामाजिक न्याय के क्षेत्र की एक बड़ी क्षति है। उन्होंने आदिवासी अस्मिता और झारखंड राज्य बनाने के लिए संघर्ष किया। प्रधानमंत्री मोदी ने शोक व्यक्त करते हुए लिखा कि श्री सोरेन जमीनी नेता थे। उनका जनता के प्रति अटूट समर्पण था। श्री मोदी ने अस्पताल पहुंच कर श्री सोरेन को श्रद्धासुमन अर्पित किए और शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया। श्री गांधी ने कहा कि आदिवासी समुदाय की सशक्त आवाज रहे श्री सोरेन ने अपना जीवन उनके अधिकारों और हकों के लिए संघर्ष में खपा दिया।

## बांके बिहारी मंदिर विवाद: उप्र सरकार के अध्यादेश पर सुप्रीम कोर्ट का सवाल

- हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जज की अध्यक्षता में समिति गठित करने का प्रस्ताव रखा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उप्र में वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर विवाद मामले में राज्य सरकार के अध्यादेश जारी करने पर सवाल उठाया और हाईकोर्ट के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने का भी प्रस्ताव रखा।

पीठ ने कहा कि श्री बांके बिहारी जी मंदिर न्यास अध्यादेश, 2025 की वैधता पर उच्च न्यायालय द्वारा जब तक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक मंदिर के प्रबंधन की देखरेख के लिए एक सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की अध्यक्षता में गठित एक समिति को अपना काम करना चाहिए।

### जातीय रैलियों पर रोक मामले में सुनवाई तीन सितम्बर को

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने जातीय रैलियों पर रोक के मामले में केंद्र सरकार को जवाब दाखिल करने को समय देकर अगली सुनवाई तीन सितम्बर को नियत की है। पहले कोर्ट ने केंद्र सरकार को मामले में जवाब पेश करने का मौका दिया था। साथ ही कोर्ट ने याची को भी पिछले 10 साल में राजनीतिक दलों द्वारा आयोजित की गई जातीय रैलियों का ब्योरा नए हलफनामे पर दाखिल करने को कहा था।

## 'आप' के पूर्व मंत्री जैन को मिली बड़ी राहत

- चार साल चली जांच में नहीं मिले सीबीआई को भ्रष्टाचार के सबूत, राउज एवेन्यू कोर्ट ने बंद किया केस

**नई दिल्ली ( ब्यूरो )।** लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में पेशेवरों की अनियमित नियुक्ति और असंबंधित परियोजना निधि से भुगतान के आरोपों से संबंधित एक मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई की तरफ से दायर क्लोजर रिपोर्ट राउज एवेन्यू कोर्ट ने स्वीकार कर ली है। मामला दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन और अन्य के खिलाफ था।

विशेष न्यायाधीश दिग्विनय सिंह ने कहा कि कई वर्षों की जांच के बावजूद आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम या किसी अन्य अपराध के तहत आरोपों का समर्थन करने के लिए कोई सुबूत नहीं मिला। कोर्ट ने कहा कि इतने लंबे समय बाद भी जांच एजेंसी को कोई सुबूत नहीं मिला ऐसे में आगे की कार्यवाही किसी काम की नहीं है। भ्रष्टाचार के प्रावधानों को लागू करने के लिए कुछ सामग्री तो होनी ही चाहिए। केवल कर्तव्य की उपेक्षा या कर्तव्य का अनुचित प्रयोग ही अधिनियम के तहत उल्लंघन नहीं माना जा सकता।

### पहलगाम हमले के आतंकी पाकिस्तानी थे, लोकल नहीं

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन महादेव में 28 जुलाई को मारे गए तीन आतंकी लोकल नहीं, पाकिस्तानी थे। यह जानकारी सुरक्षा एजेंसी के अधिकारी ने सबूतों के आधार पर एक न्यूज एजेंसी को दी है। अधिकारी ने बताया कि आतंकियों और एनकाउंटर साइट से मिले 6 सबूत से स्पष्ट हुआ है कि वे पाकिस्तान से थे। एनकाउंटर साइट से सुरक्षाबलों को आतंकियों के पास से पाक वोटर आईडी समेत अन्य सबूत मिले थे। सुरक्षा एजेंसी ने इन सबूतों को पाकिस्तान के नेशनल डेटाबेस एंड रजिस्ट्रेशन अथॉरिटी से मैच किया। आतंकियों के वोटर आईडी, बायोमेट्रिक रिकॉर्ड पाकिस्तान सरकार की ओर से जारी डिटेल्स से मैच हुए। इनमें सैटेलाइट फोन और जीपीएस डेटा भी शामिल हैं। अधिकारी ने कहा कि ये सबूत आतंकियों की पाकिस्तानी नागरिकता साबित करते हैं। जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर के दाचीगाम नेशनल पार्क के पास हरवान इलाके में 28 जुलाई को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन पाकिस्तानी आतंकी मारे गए थे।

## शेख अली की गुमटी में पार्क का इस्तेमाल बैडमिंटन या बास्केटबॉल कोर्ट के रूप में न हो

- सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारियों को कियोस्क या दुकानों सहित किसी भी व्यावसायिक गतिविधि के खिलाफ भी दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** लोधी-कालीन स्मारक 'शेख अली की गुमटी' परिसर के अंदर स्थित पार्क का इस्तेमाल बैडमिंटन या बास्केटबॉल कोर्ट के निर्माण के लिए नहीं किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को यह आदेश दिया। इससे पहले शीर्ष अदालत ने दिल्ली सरकार को लोधी-कालीन स्मारक 'शेख अली की गुमटी' को कानून के तहत संरक्षित स्मारक घोषित करने के लिए एक नई अधिसूचना जारी करने का निर्देश दिया था।

जस्टिस सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने अधिकारियों को इस क्षेत्र में कियोस्क या दुकानों सहित किसी भी व्यावसायिक गतिविधि के खिलाफ भी निर्देश दिया। शीर्ष अदालत को यह भी आश्वासन दिया गया कि चार खंडों वाले इस पार्क का रखरखाव और सौंदर्यकरण किया जाएगा, ताकि इसकी प्राकृतिक सुंदरता बनी रहे। इसका उपयोग आम जनता के लाभ के लिए किया जा सके। पीठ के 31 जुलाई के आदेश में कहा गया कि यहां केवल यही निर्देश दिया जाना चाहिए कि इसका उपयोग किसी अन्य उद्देश्य के लिए नहीं किया जाना चाहिए। इसके साथ ही क्षेत्र की सीमाओं को ध्यान में रखते हुए बैडमिंटन कोर्ट, बास्केटबॉल कोर्ट आदि का निर्माण जैसी कोई भी गतिविधि नहीं की जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने कोर्ट कमिश्नर को पार्क के रखरखाव और सौंदईकरण के लिए बागवानी विभाग सहित संबंधित विभागों के साथ समन्वय करने का निर्देश दिया। मामले की सुनवाई 28 अगस्त के लिए निर्धारित की गई है। स्मारक को लेकर विवाद तब सामने आया, जब शीर्ष अदालत ने डिफेंस कालोनी रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन को अपने ढांचे खाली करने और 1960 के दशक से इस ऐतिहासिक स्थल पर कब्जे के लिए मुआवजे के रूप में दिल्ली सरकार के पुरातत्व विभाग को 40 लाख रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत डिफेंस कॉलोनी निवासी राजीव सूरी की ओर से दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उन्होंने प्राचीन स्मारक और पुरातात्विक स्थल एवं अवशेष अधिनियम, 1958 (एएमएएसआर अधिनियम) के तहत गुमटी को संरक्षित स्मारक घोषित करने की मांग की थी। दिल्ली हाईकोर्ट की ओर से 2019 में उनकी याचिका खारिज करने के बाद शीर्ष अदालत में यह याचिका दायर की गई थी। शीर्ष अदालत नियमित रूप से अतिक्रमण हटाने, अवैध कब्जे हटाने और स्मारक या उसके आसपास के क्षेत्र के सौंदईकरण को सुनिश्चित करने के लिए निर्देश देती रही है।

**संक्षिप्त समाचार**

### काशी में छत और गलियों में हो रहा दाह संस्कार

**वाराणसी।** वाराणसी में गंगा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। अस्सी घाट, सामने घाट, शीतला घाट और दशाश्वमेध घाट से गंगा का पानी अब सड़कों की ओर बढ़ रहा है। मणिकर्णिका घाट पर छत पर और हरिश्चंद्र श्मशान घाट पर बाढ़ के कारण गलियों में शवदाह किया जा रहा है। अंतिम संस्कार के लिए दो से तीन घंटे इंतजार करना पड़ रहा है। केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार सोमवार को गंगा का जलस्तर 72.03 मीटर दर्ज किया गया। गंगा का जलस्तर एक सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है। चेतावनी बिदु 70.26 मीटर, खतरे का बिंदु 71.26 मीटर और अधिकतम जलस्तर 73.90 मीटर है। मणिकर्णिका घाट पर शवदाह के लिए बलिया से आए सोहन कुशवाहा ने बताया कि उन्हें ढाई घंटे इंतजार करना पड़ा। गंगा के बढ़ते जलस्तर ने मुश्किलें बढ़ा दी हैं। शवयात्री मुन्ना पाल ने बताया कि शवों की कतार लग रही है और गलियों में भी पानी प्रवेश कर चुका है।

### सोरेन के निधन पर योगी ने जताया दुख

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने जनजातीय समुदाय के कल्याण के लिए पूरा जीवन समर्पित कर दिया।

योगी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर सोमवार को लिखा, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का निधन अत्यंत दुखद है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को सद्गति एवं उनके शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

#### पूर्वी व पश्चिमी यूपी के 45 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

# प्रयागराज में गंगा-यमुना ऊफनी, घरों में पानी

**लखनऊ, वार्ता**

यूपी के अधिकांश जिलों में मूसलाधार बारिश की वजह से नदियों और नालों का जलस्तर बढ़ गया है। प्रदेश के 17 से ज्यादा जिले बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। सैकड़ों गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया है, जिसकी वजह से अन्य गांवों से संपर्क कट गया है। बाढ़ के चलते हालात बिगड़ते दिखाई दे रहे हैं।

मौसम विभाग की चेतावनी और बारिश से हुए नुकसान को देखते हुए 23 जिलों में सभी स्कूल और कॉलेज को बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने अगले 48 घंटों तक 45 जिलों में भारी से अति भारी बारिश और गरज-चमक के साथ बिजली



■ 23 जिलों में सभी स्कूल और कॉलेज को बंद रखने का आदेश, 250 से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में

गिरने की चेतावनी जारी की है।

गंगा, यमुना, केन, सरयू और मंदाकिनी समेत तमाम नदी और नालों का जलस्तर बढ़ा हुआ है। प्रयागराज में गंगा-यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर है। 180 से अधिक मोहल्ले और गांवों में बिजली आपूर्ति और पठन-पाठन बाधित हो गया है। इसे देखते हुए प्रशासन की ओर से हाई अलर्ट घोषित किया गया है। चेतावनी बिंदु को पार करने के बाद गंगा-यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से कई मीटर ऊपर पहुंच गया है। प्रयागराज और कौशांबी में 250 से अधिक गांव और मोहल्ले बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। इनमें ज्यादातर गांव-मोहल्ले प्रयागराज के हैं। कानपुर, लखीमपुर खीरी, बांदा, चित्रकूट, आगरा, चंदौली, वाराणसी, प्रयागराज, हमीरपुर, इटावा, गाजीपुर, मीरजापुर, औरैया और फतेहपुर जिलों के चार सौ गांव बाढ़ की चपेट में है। बारिश और बाढ़ की वजह से इन इलाकों में 80,392 लोग प्रभावित हुए हैं, जबकि 343 मकान क्षतिग्रस्त हो गए। प्रशासन की ओर से बाढ़ से राहत दिलाने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा जा रहा है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में नाव के जरिए खाने-पीने का सामान और दवाइयां पहुंचाई जा रही हैं।

#### मुजफ्फरनगर, शामली व सहारनपुर में भारी बारिश की चेतावनी जारी

आईएमडी ने 45 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है, जिनमें लखनऊ, अयोध्या, रायबरेली, अमेठी, प्रयागराज, मिर्जापुर, संभल, बाराबंकी, भदोही, कानपुर, बरेली, मुरादाबाद, अंबेडकर नगर, सीतापुर, लखीमपुर, गाजीपुर, बांदा, चित्रकूट, एटा, रामपुर, बदायूं, अमरोहा, सोनभद्र, संत रविदास नगर, बलिया, देवरिया, उन्नाव, बहराइच, श्रावस्ती, गोंडा, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, गोरखपुर, कुशीनगर, आजमगढ़, मऊ, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, मैनपुरी, इटावा, औरैया, कासगंज, जौनपुर, बस्ती और फतेहपुर शामिल हैं।

## उप्र में बाढ़ प्रभावित इलाकों में उतरे प्रभारी मंत्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र में खासतौर से पूर्वांचल के कई जिलों में बाढ़ के हालात के बीच योगी सरकार के मंत्रियों ने अपना काम शुरू कर दिया है। सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री बाढ़ की स्थिति पर कड़ी नज़र रख रहे हैं और प्रभावी राहत प्रयासों को सुनिश्चित करने के लिए समय पर निर्देश जारी कर रहे हैं, जबकि राज्य के मंत्री प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर रहे हैं।

प्रवक्ता ने कहा कि 'हर पीड़ित तक सरकार' के सिद्धांत के प्रति प्रतिबद्धता, मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि हर प्रभावित व्यक्ति तक सहायता पहुंचनी चाहिए। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और पीएसी द्वारा बचाव अभियान जारी है, स्थानीय प्रशासन जमीनी स्तर पर चौबीसों घंटे समन्वय सुनिश्चित कर रहा है।

राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने कहा कि बाढ़ ने 37 तहसीलों और 402 गांवों को प्रभावित किया है, जिससे 84,392 लोग प्रभावित हुए हैं। इनमें से 47,906 को पहले ही सहायता मिल चुकी है और 2,759 जानवरों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। दूसरी ओर मुख्यमंत्री योगी ने अपने मंत्रियों को भी जिम्मेदारी दी है। उन्होंने संबंधित मंत्रियों और अधिकारियों से कहा है कि यह सहानुभूति, सतर्कता और जनसेवा का समय है। हर सरक. ारी अधिकारी और संसाधन ज़रूरत की घड़ी में लोगों के साथ खड़े होने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा कब मिलेगा: फारूक

**श्रीनगर, वार्ता**

5 अगस्त को भारत के संविधान से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के भारत सरकार के फैसले को 6 साल पूरे होने वाले हैं, जिसे लेकर नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डा. फारूक अब्दुल्ला ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने भाजपा की तरफ इशारा करते हुए कहा कि उन्होंने जम्मू-कश्मीर को बेहतर बनाने की दिशा में क्या प्रयास किए हैं?

भाजपा सरकार ने पिछले छह सालों में जम्मू-कश्मीर में सुधार के नाम पर क्या किया है। मुझे ये पूरा भरोसा है कि एक दिन उनको ये फैसला करना ही पड़ेगा। इसके अलावा कोई और रास्ता नहीं बचा। यहां जम्मू-कश्मीर में राजभवन में एक वायसराय बैठे हैं, लेकिन



मुख्य व्यक्ति राजभवन में बैठे वायसराय ही हैं। इस व्यवस्था को बदलने का समय आ गया है, यह एक लोकतांत्रिक देश है। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में जारी मुठभेड़ पर फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि मैंने कभी नहीं कहा कि आतंकवाद पूरी तरह खत्म हो गया है, लेकिन जो लोग ये कहते थे कि अनुच्छेद 370 आतंकवाद के लिए जिम्मेदार है, वो कई सालों तक यहां प्रभारी थे। पहलगाम हमले से पहले उन्होंने दावा किया था कि उन्होंने सभी आतंकी शिविरों को खत्म कर दिया है।

### मानसून सत्र का छोटा रखना जनसमस्याओं पर चर्चा से भागना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 11 अगस्त से विधानसभा का मानसून सत्र शुरू होने जा रहा है। यह सत्र केवल चार दिन ही चलेगा। छोटे सत्र को लेकर अब समाजवादी पार्टी ने योगी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि सरकार जनता की समस्याओं पर चर्चा से भाग रही है। सरधना विधानसभा से सपा विधायक अतुल प्रधान ने विधानसभा सत्र की समयावधि को कहा कि उत्तर प्रदेश 403 विधानसभाओं का एक विस्तृत राज्य है। प्रदेश की जनता और जनप्रतिनिधि इंतजार करते है कि विधानसभा सत्र चलेगा और आम जन की समस्याओं और परेशानियों के निराकरण के लिए एक मंच तैयार होगा, लेकिन उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार नही चाहती कि प्रदेश की जनता की समस्याओं का निराकरण हो।

## पहली सितम्बर से बंद हो जाएगी डाक विभाग की रजिस्ट्री सेवा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** दो दशक से भी ज्यादा समय बाद 1877 में डाक विभाग की तरफ से शुरू की गई रजिस्ट्री पोस्ट सेवा पहली सितंबर से इतिहास के पन्नो में दर्ज हो जाएगी। भारतीय डाक विभाग ने रजिस्ट्री सेवा को बंद करने का निर्णय लिया है। विभाग की तरफ से विकल्प के तौर पर स्पीड पोस्ट सेवा जारी रहेगी।

डाक विभाग ने सभी विभागों, अदालतों, संस्थानों और लोगों को 1 सितंबर से नई व्यवस्था का उपयोग करने को कहा है। हालांकि 31 अगस्त तक यह सेवा पहले की तरह चलती रहेगी। लखनऊ के पोस्ट मास्टर जनरल सुनील कुमार ने बताया कि यह मंत्रालय का निर्णय है। उन्होंने बताया कि रजिस्ट्री सेवा को स्पीड पोस्ट में मर्ज कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्पीड पोस्ट सेवा कम समय मे डिलीवर होने के साथ ही इसकी ट्रैकिंग भी आसान है। शायद इस वजह से मंत्रालय ने निर्णय लिया है।

गौरतलब है कि 2000 के दशक तक डाकघरों में रजिस्ट्री चिट्ठी या रजिस्टर्ड पार्सल का अपना एक अलग रुतबा होता था। रजिस्ट्री वाली चिट्ठी भेजने के लिए अलग से काउंटर होता था। डाकघर वाले उसके लिए आपको एक रसीद काट कर देते थे। उस चिट्ठी के डिलीवर होने पर आपको पावती या एकनॉलेजमेन्ट भी मिलता था। कुल मिला कर यह डाकघर की प्रीमियम सर्विस थी। इस सर्विस को डाक विभाग ने अब बंद करने का फैसला किया है। वही रजिस्ट्री चिठी या रजिस्टर्ड पोस्ट की अभी तक बड़ी इज्जत रही है। कोई महत्वपूर्ण कागजात भेजना हो, बाहर पढ़ने वाले बच्चों को बैंक ड्राफ्ट बना कर भेजना हो या रक्षा बंधन पर राखी, सबके लिए रजिस्टर्ड पोस्ट का इस्तेमाल होता है। आजादी के बाद से ही रजिस्टर्ड पोस्ट बेहद भरोसेमंद माना जाता था। सरकार भी अपाइन्टमेंट लेटर भेजने में इसका इस्तेमाल करती रही है। साथ ही अदालत भी कानूनी नोटिस इसके जरिए भेजा करती थी।

### बगैर यूजीसी की मान्यता के ड्यूल डिग्री प्रोग्राम चलाने वालों पर होगी कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बगैर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के मान्यता के ड्यूल डिग्री प्रोग्राम चलाने शिक्षण संस्थानों सहित एडटेक कम्पनियों को यूजीसी ने चेतावनी दी है। यूजीसी ने कहा है कि दोषी उच्च शिक्षा संस्थानों और एडटेक कंपनियों के विरुद्ध लागू कानूनों/नियमों/विनियमों के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही आयोग ने छात्रों को भी सतर्क रहने को कहा है। यूजीसी के सचिव प्रो मनिष आर जोशी के स्तर से जारी नोटिस में कहा गया है कि कई उच्च शिक्षा संस्थानों/कॉलेजों ने आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त न होने वाले विदेशी-आधारित शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोगात्मक समझौते किए हैं। ऐसे विदेशी-आधारित शैक्षणिक संस्थानों/कॉलेजों में नामांकित छात्रों को डिग्री जारी करने की सुविधा प्रदान कर रहे हैं। इसी प्रकार कुछ एडटेक कंपनियां भी कुछ विदेशी विश्वविद्यालयों/संस्थानों के सहयोग से ऑनलाइन माध्यम से डिग्री और डिप्लोमा कार्यक्रमों की पेशकश करते हुए समाचार पत्रों/सोशल मीडिया/ टेलीविज़न आदि में विज्ञापन दे रही हैं। नोटिस में सचिव ने कहा है कि जबकि इस प्रकार का कोई भी व्यवस्था विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं है। साथ ही इन संस्थानों की डिग्रियां भी आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं हैं।

---

सेंसेक्स 81081.72
निफ्टी 24722.75

सोना रु. 99759
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार

चांदी रु. 111508
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में तेजी, सेंसेक्स 0.52 व निफ्टी 0.64 प्रतिशत लाभ में बंद

**मुंबई, वार्ता**

वैश्विक बाजारों में कमजोरी के बावजूद भारतीय शेयर बाजारों ने सप्ताह के पहले दिन सोमवार को मजबूती दिखाई और बीएसई का 30 प्रमुख शेयरों वाला सेंसेक्स 418.81 अंक यानी 0.52 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,018.72 अंक और एनएसई का निफ्टी.50 भी 157.40 अंक (0.64 प्रतिशत) सुधरकर 24,722.75 अंक पर बंद हुआ।

स्थानीय बाजारों में धातु, वाहन, मीडिया, निर्माण और आईटी कंपनियों के शेयरों में निवेशकों का विश्वास बढ़ा हुआ था, जबकि बैंकिग क्षेत्र के शेयरों में मिला-जुला रुख दिखा। बीएसई के 30 में से 26 शेयर लाभ और चार हानि में बंद हुए। लाभ में रहे प्रमुख शेयरों में टाटा मोटर्स में 4.31 प्रतिशत, बीईएल में 3.55



प्रतिशत, अडानी पोर्ट्स में 3.24 प्रतिशत और टेक महिंद्रा में 2.53 प्रतिशत की अच्छी तेजी दर्ज की गयी। टीसीएस, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, ट्रेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा मोटर्स तथा मारुति सुजुकी भी लाभ में रहे। एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और स्टेट बैंक में भी हल्की तेजी रही। इसके विपरीत, पावर ग्रिड 1.10 प्रतिशत टूट गया। एचडीएफसी बैंक में करीब एक प्रतिशत और आईसीआईसीआई बैंक में 0.60 प्रतिशत की गिरावट रही। हिदुस्तान यूनीलिवर लीवर में 0.25 प्रतिशत घाटे में रहा। सेंसेक्स सुबह 80,765.83 अंक पर तेजी की धारणा के साथ खुला और बीच में ऊपर में 81,093.19 तथा नीचे में 80,500.51 तक गया था। पिछले सप्ताहांत यह 80,599.91 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी-50 सुबह 24,596.05 अंक पर खुलने के बाद नीचे 24,554 अंक और ऊपर 24,736.25 अंक तक जाने के बाद अंत में 24,722.75 अंक पर बंद हुआ जो पिछले बंद से 157.40 (0.64 प्रतिशत) अधिक है। निफ्टी बैंक पिछले स्तर पर बना रहा जबकि अपेक्षाकृत व्यापक बाजार का प्रतिनिधित्व करने वाले निफ्टी-100 में 0.72 प्रतिशत का सुधार दर्ज किया गया। एनएसई में कुल 3,093 शेयरों में खरीद-फरोख्त हुई जिनमें से 1,833 लाभ में और 1,168 हानि में बंद हुए।

### सोने का दाम बढ़कर 99,759 प्रति 10 ग्राम हुआ

**नई दिल्ली।** सोमवार को सोने-चांदी के दाम में बढ़त देखी गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 1,506 रुपए बढ़कर 99,759 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले सोने का भाव 98,253 रुपए पर था। चांदी की कीमत भी 1,862 रुपए बढ़कर 1,11,508 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,09,646 रुपए पर थी। देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,550 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,100 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,400 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,950 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,400 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,950 रही, वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,400 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,950 थी, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,450 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,000 रही। सोना केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि अमेरिका के टैरिफ के चलते जियो पॉलिटिकल टेंशन बने हुए हैं। इससे गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है।

## एफडीआई में हुई कई गुना वृद्धि, यूपी बना निवेशकों की पहली पसंद

**लखनऊ।** 2017 से पहले यूपी निवेश मानचित्र पर मुश्किल से स्थान पा रहा था, वहीं अब यह राज्य वैश्विक निवेशकों के लिए पहला विकल्प बन गया है। पिछले आठ वर्षों में लाखों करोड़ का निवेश और दुनिया भर के निवेशकों का उत्तर प्रदेश की ओर रुझान इसी ओर इशारा कर रहा है।

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो वर्ष 2000 से 2017 तक 17 वर्षों में यूपी को महज तीन हजार करोड़ रुपए का एफडीआई प्राप्त हुआ था। 2016-17 में यह आंकड़ा गिरकर 50 करोड़ रुपए तक सिमट गया था, जो राज्य की छवि और औद्योगिक अभाव को दर्शाता है। राज्य में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की रैंकिग औसत थी, सिगल विंडो सिस्टम जैसी बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी थी। यही नहीं, औद्योगिक विकास के लिए न तो स्पष्ट विज़न था और न ही स्थिर कानून व्यवस्था, जिससे निवेशकों में विश्वास की कमी बनी रही। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने 'निवेश के लिए सर्वश्रेष्ठ गंतव्य' बनने का संकल्प लिया। इसके चलते 2019 से 2023 के बीच यूपी ने हजारों करोड़ से अधिक के एफडीआई को आकर्षित किया, जो पूर्व की तुलना में कई गुना अधिक वृद्धि रही। सरकार ने दो इन्वेस्टर्स समिट (2018 यूपी इन्वेस्टर्स और 2023 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट) सफलतापूर्वक आयोजित किए। 2018 जीआईएस से 4.28 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जबकि 2023 जीआईएस से रिकॉर्ड 33.50 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव हासिल हुए। योगी सरकार ने इन निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए अब तक चार ग्राउंड ब्रेकिग सेरेमनी (जीबीसी) का सफलतापूर्वक आयोजन किया और अब जीबीसी-5 की तैयारी ज़ोरों पर है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक जो चार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी आयोजित की गई हैं, उनके माध्यम से 16,000 से अधिक परियोजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं। इनमें 8,000 से अधिक में वाणिज्यिक संचालन शुरू हो चुका है, जबकि 8,000 से अधिक कार्यान्वयनाधीन हैं।

---

### प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मेरठ की...** योजना मेरठ के स्मार्ट सिटी मिशन को भी मजबूती देगी। अपने संबोधन में सीएम योगी ने मेरठ के अतीत को याद करते हुए कहा कि याद कीजिए, ये वही मेरठ है, जो कभी सोतीगंज के नाम से जाना जाता था। लेकिन आज सोतीगंज अपने आकाओं के साथ सो गया है... सोतीगंज समाप्त। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस दंगा भी करते हैं और सोतीगंज के व्यापारियों की चरण वंदना करते हैं। सोतीगंज उनकी पहचान थी, हमारी पहचान विकास, खुश हाली की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें स्वदेशी को अपनाना होगा। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट भी स्वदेशी का अभियान है। उन्होंने आगे कहा कि अब मेरठ की पहचान बदल चुकी है- 12 लेन एक्सप्रेसवे, रैपिड रेल प्रोजेक्ट, और 'एक जिला एक उत्पाद' (ओडीओपी) योजना में खेल सामग्री के उत्पादन केंद्र के रूप में मेरठ की पहचान बन रही है। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि आने वाले समय में मेरठ, पश्चिमी उत्तर प्रदेश का विकास केंद्र बनेगा। कार्यक्रम में प्रशास. निक अधिकारियों, जन प्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में शहरवासियों की भागीदारी रही। स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री की इस पहल का स्वागत करते हुए इसे मेरठ के सुनहरे और सुरक्षित भविष्य की दिशा में एक मजबूत कदम बताया।

**चीन ने...** शंकर श्रीवास्तव) और यूपी सरकार को नोटिस भेजा है। 16 दिसम्बर 2022 में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल ने विवादित बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि लोग भारत जोड़ो यात्रा के बारे में पूछेंगे, लेकिन चीन ने 2000 वर्ग किमी भारतीय जमीन पर कब्जा किया है, 20 भारतीय सैनिक मारे गए और हमारे सैनिकों को अरुणाचल में पीटा जा रहा है। राहुल गांधी के बयान पर बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन (बीआरओ) के पूर्व निदेशक उदय शंकर श्रीवास्तव ने लखनऊ की एमपी-एमएलए कोर्ट में मानहानि केस दर्ज कराया था। इसी साल 29 मई को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गांधी की याचिका खारिज कर दी थी और समन भेजा था। राहुल गांधी ने समन और शिकायत को चुनौती दी थी। उन्होंने कहा कि शिकायत दुर्भावनापूर्ण तरीके से और बदनीयती के तहत दर्ज कराई गई थी।

### मौद्रिक नीति समिति रेपो में 0.25 प्रतिशत कमी के आसार

**नई दिल्ली।** भारत के निर्यात पर अमेरिका में प्रशुल्क बढ़ाए जाने और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच ज्यादातर बाजार विश्लेषकों का मानना है कि भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) इस सप्ताह तटस्थ नीतिगत रुख बरकरार रखते हुए फौरी उधार के लिए अपनी ब्याज दर (रेपो) को वर्तमान स्तर पर बनाए रख सकती है। इसके विपरीत कुछ को नीतिगत ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की 'अप्रत्याशित' कमी किए जाने की संभावना भी दिखती है। खुदरा मुद्रास्फीति के जून में करीब साढ़े छह साल के न्यूनतम स्तर आने से रिजर्व बैंक को मिले सुकून और वैश्विक चुनौतियों के बीच आर्थिक वृद्धि को संभालने की आवश्यकताओं के मद्देनजर कुछ विशेषज्ञों का अनुमान है कि केंद्रीय बैंक रेपो 0.25 प्रतिशत और कम कर सकता है।

## सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने के आरोप में एटीएस ने दो को किया गिरफ्तार

**लखनऊ, वार्ता**

उप्र में आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने सोशल मीडिया पर देश विरोधी अपरा. धिक षड्यंत्र रचने और सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने के आरोप में अमरोहा से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार अभियुक्तों में अमरोहा के नौगांव थाना क्षेत्र निवासी अजमल और महाराष्ट्र के ठाणे जिले का निवासी डॉ. उसामा माज शेक शामिल हैं। गिरफ्तार अभियुक्त विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से राष्ट्र विरोधी व गैर मुस्लिम के प्रति कट्टरपंथी विचारधारा को प्रसारित कर रहे थे। एटीएस की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि अजमल अली 'रिवाइविग इस्लाम' नाम से एक व्हाट्सएप



ग्रुप चलाता है। जिसके तीन एडमिन है। साथ ही इसमें लगभग 400 पाकिस्तानी सदस्य शामिल है। पूछताछ के लिए इन्हें मुख्यालय पर बुलाया गया था। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि व्हाट्सएप ग्रुप पर रिवाइविंग इस्लाम ग्रुप के अलावा वह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कई पाकिस्तानी व्यक्तियों के संपर्क में थे। पूछताछ में उसने बताया कि वह एक इंस्टाग्राम आईडी, जिसका उपयोग डॉक्टर उसामा माज कर रहा था। अजमल ने पूछताछ में बताया कि वह डॉक्टर उसामा को अपना सीनियर मेंटोर मानता है। डॉक्टर उसामा उसे इंस्टाग्राम व सिग्नल एप के माध्यम से भारत विरोधी बातें करता था तथा देश की चुनी हुई सरकार गिर कर शरिया लागू करने की बात कही जाती थी। गौरतलब है कि एटीएस ने एक अगस्त को लखनऊ में मामला दर्ज करने के बाद अभियुक्त अजमल को गिरफ्तार किया था। इसी क्रम में आज अभियुक्त डॉक्टर उसामा माज शेख को भी महाराष्ट्र के गिरफ्तार किया गया है। यह दोनों सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म के माध्यम से कई पाकिस्तानियों व्यक्तियों के संपर्क में थे। साथ हिंसात्मक जिहाद के माध्यम से भारत में गजवा-ए-हिद करके सरिया कानून लागू करना चाहते थे।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिसीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# करंट से रिक्शा चालक सहित दो की मौत

## लद्दावाला में हुआ दर्दनाक हादसा, परिवार में मचा कोहराम, छाया शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बरसात के मौसम में नगर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला लद्दावाला में अलग अलग स्थानों पर तेज करंट लगने से दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। रिक्शा चालक व इलैक्ट्रोनिक मिस्त्री की करंट लगने से हुई मौत के बाद जहां परिवार में कोहराम मच गया वहीं मौहल्ले में भी शोक छा गया है, हालांकि एक आस के चलते उन्हे अस्पताल ले जाया गया था, लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम बचने के लिए इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं कराई।

बताया जाता है कि लद्दावाला निवासी 45 वर्षीस अनीस पुत्र सगीर इलेक्ट्रॉनिक मिस्त्री था वह अन्य मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता था। बताया जाता है कि आज सोमवार को वर्षा के चलते वह घर पर ही कमरे की विद्युत बिजली को ठीक कर रहा थ इस समय बिजली भागी हुई थी, अचानक तारों मे दौड़े करंट ने अनीस को जकड लिया और कुछ देर बाद ही उसकी हालत गंभीर हो गई। अनीस को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरो ने उसको मृत घोषित कर दिया। परिजन किसी तरह शव को घर ले आए, हालांकि इस मामले की जानकारी अस्पताल कर्मचारियों ने शहर कोतवाली पुलिस को दे दी थी, लेकिन परिजनों की गुहार पर पुलिस ने इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं की जिसके बाद अनीस के जनाजे को सुपुर्दे-ए-खाक कर दिया गया। अब इस मौहल्ले में शोक छाया हुआ था और लोग अनीस को दफनाकर घर लौटे ही नहीं थे इसी बीच रिक्शा चालक फूल खान को भी करंट ने जकड लिया और उसकी भी मौत हो गई। बताया जाता है कि फूल खान बारिश के चलते आज रिक्शा चलाने नहीं गया था और वह घर पर बिजली के तारों को ठीक कर रहा था घटना शाम करीब सवा सात बजे की है अचानक तारों में आए करंट ने फूल खान को जकड लिया और उसकी मौके पर ही मौत हा गई यह नजारा देखकर परिवार में रोना पीटना पड गया। शोरगुल सुनकर आस-पास के लोग भी मौके पर पहुंच गए और फूल खान के शव को देखकर यहां भी शोक छा गया। कुछ ही देर में फूल खान के घर लोगों की भीड इकट्ठा हो गई। फूल खान के जनाजे को भी शाम के समय सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।

### सरेआम छात्राओं से छेड़खानी, तीन दबोचे

**मुजफ्फरनगर।** मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश व जनपद के पुलिस मुखिया की कडी कार्यवाही के चलते भी नगर से छेड़खानी के मामले रोके नहीं रूक रहे। छेड़खानी की घटनाएं एक दम से इस तरह जोर पकड रही है कि छात्राओं का स्कूल जाना व आना भी दुभर हो गया है।

हाल ही में घटना नगर कोतवाली क्षेत्र के शाहबुद्दीनपुर रोड की बताई जा रही है जहां स्कूल की छुट्टी के बाद शरारती युवकों ने छात्राओं के साथ छेडखानी की। शोरगुल होने पर कुछ लोगों ने इसका विरोध किया तो अन्य लोगों ने छेड़खानी करने वालों को पकडने का प्रयास भी किया, लेकिन अपने को घिरा देख आस पास की गलिया व मौहल्लों में घूमने वाले मजनू मौके से फरार हो गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने छेडखानी की शिकार छात्राओं से घटना की जानकारी ली और आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों को चैक किया। इसके बाद पुलिस ने तीन मजनुओं को हिरासत में लिया शाम तक पकडे गए आरोपियों से पूछताछ चलती रही। उधर क्षेत्र के लोगों का कहना है कि स्कूल की छात्राओं के साथ आए दिन छेड़खानी की घटनाएं हो रही है और लगातार इसकी जानकारी संबंधित चौकी से लेकर थाने तक भी जा रही है।

**कोतवाल उमेश रोरिया** ने बताया कि इस मामले में तीन को हिरासत में लिया गया है और तीनों ही नाबालिक है उन्होने यह भी बताया कि छेड़खानी की घटना की उन्हे भी जानकारी है और पकडे गए तीनों नाबालिक छात्र है और इस संबंध में उनके परिवार के लोगो को थाने बुलाया गया है।

# पंखा ठीक कर रहे युवक की दर्दनाक मौत, मचा कोहराम

## स्टूल से फिसलकर गिरा, सिर में लगी थी गंभीर चोट

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** तहसील क्षेत्र के थाना रतनपुरी क्षेत्र के गांव सठेडी में उस समय शोक की लहर दौड गई, जब एक युवक की पंखा ठीक करते समय स्टूल से फिसलकर गिरने से मौके पर ही मौत हो गई। मृतक युवक नोएडा की एक निजी कंपनी में नौकरी करता था और कुछ महीनों बाद रविवार को ही अपने गांव लौटा था।

जानकारी के अनुसार, सठेडी गांव निवासी प्रवीण पुत्र चंदन सिंह नोएडा में एक बैंक नोकरी करता था। पिछले कुछ समय से वहीं रह रहा था। रविवार शाम वह अपने गांव सठेडी पहुंचा, जहां गांव के कुछ दोस्तों से मिलने के बाद वह अपने घर लौट आया। घर पर पहुं. चने के बाद जब उसने देखा कि पंखा खराब है, तो उसने स्वयं पंखा ठीक करने का निर्णय लिया। पंखा ठीक करने के लिए प्रवीण स्टूल पर चढघ, लेकिन अचानक उसका पैर स्टूल से फिसल गया और वह संतुलन खो बैठा।

जमीन पर गिरते समय उसका सिर सीधा फर्श से टकराया, जिससे उसे गंभीर चोट आ गई। सिर में गहरी चोट लगने के बाद वह बेहोश हो गया। परिजनों ने आनन-फानन में ग्रामीणों की मदद से प्रवीण को खतौली सीएचसी में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर रतनपुरी थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई करते हुए पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के वास्तविक कारण की पुष्टि हो सकेगी। मृतक की असामयिक मृत्यु से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। परिजन गहरे सदमे में हैं। बताया जा रहा है कि प्रवीण की दो पत्नियां थी। प्रवीण घर का इकलौता चिराग था। रतनपुरी पुलिस ने बताया कि घटना प्रथम दृष्टया एक हादसा प्रतीत हो रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। परिजनों से पूछताछ की जा रही है।



मुजफ्फरनगर : शहर के हृदय स्थल शिव चौक पर जलाभिषेक करने को लेकर उमडी भीड़।

# सावन के अंतिम सोमवार को शिवालयों में उमड़ी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सावन माह के आखिरी सोमवार को शिवालयों में पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं के भीड उमडी रही। शहर से लेकर देहात तक के मंदिरो में शिव भक्तों के साथ ही महिला श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। सोमवार को सुबह सवेरे से ही शिवालयों में लोगों की भीड पहुंचने लगी थी। शिव चौक पर भक्तों ने कतारबद्ध होकर भगवान शिव के शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। इस दौरान भक्तों ने भगवान शिव को फल-फूल, बेलपत्र के पत्ते, दूध, दही, शहद, मिश्री आदि अर्पित किए। गांधी कालोनी के अनन्तेश्वर महादेव मंदिर पर भी शिवभक्तो की काफी भीड़ भगवान शिव की पूजा अर्चना करने के लिए लगी रही। यहां भक्तों ने भगवान शिव को जलाभिषेक करते हुए पूजा अर्चना की। भगवान शिव की आराधना की तथा शिवलिंग पर जलाभिषेक करते हुए धूप-दीप प्रज्जवलित कर बेलपत्र, फल-फूल, धतूरा अर्पित किए। सावन मास के अंतिम सोमवार को शहर के सभी शिवालयों में शिवभक्तों की सुबह से ही काफी भीड़ रही। शहर के हृदय स्थल शिव चौक पर शिव भक्तों का तांता लगा रहा। इसके अलावा सर्राफ बाजार, पंचमुखी, घास मंडी, दाल मंडी, लोहिया बाजार, रूडकी रोड, मेरठ रोड, गांधी कालोनी, नई मंडी, कूकडा मंडी, अग्रसेन विहार, प्रेमपुरी, कृष्णापुरी, मौहल्ला गऊशाला नदी रोड आदि शहर के सभी मौहल्लों के शिवालयो में भक्तों ने प्रातरूकाल से ही पहुंचकर भगवान शिव को जल अर्पित करते हुए पूजा कर भगवान भोले शंकर को मनाया।





मुजफ्फरनगर : पत्रकार वार्ता कर हथियार तस्करों को पेश करते एसएसपी व अन्य अधिकारी।

### वीडियो वायरल के बाद तीन गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** मंडी क्षेत्र के ग्राम पचैंडा कलां में हुई मारपीट के बाद वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने इस मामले में संज्ञान लेते हुए दोनो पक्षों के पांच लोगों को जेल भेजा है।

नई मंडी कोतवाली पुलिस ने बताया कि ग्राम पचैंडा कलां में मारपीट के मामले की एक वीडियो वायरल हो रही थी जिसमे पुलिस ने एक पक्ष से पंकज, सचिन और दूसरे पक्ष से सनी, अजय व प्रदीप को हिरासत में लिया है पुलिस का कहना है कि शांतिभंग के अशंका के चलते पांचों को लिखापढ़ी के बाद जेल भेज दिया।

# हथियारों के 14 तस्कर गिरफ्तार, भारी असलाह किया बरामद

## गिरफ्तारी के बाद आधा दर्जन पिस्टल, एक रिवॉल्वर, तमंचे व मस्कट किए बरामद

**मुजफ्फरनगर।** भोपा पुलिस ने एक ऐसे गिरोह के 14 लोगों को गिरफ्तार किया है जो बिहार के मुंगेर से अवैध असलाह खरीदकर उनकी बिक्री करते थे। इस गिरोह में पकडे गए अधिकतर लोग खरीदार है। बिहार से मंदे रेटों पर खरीदकर यहां लाकर उनको मेहंगे रेट पर बेचते थे। पकडे गए गिरोह में एक पूर्व मंत्री का नजीद. ीकी बताया गया है जबकि एक रिटायर्ड फोजी का बेटा बताया जा रहा है। इन लोगों से पन्द्रह लाख से अधिक के हथियार बरामद होना बताया गया है। और यह गिरोह एडवांस पैसा लेकर हथियारों की बिक्री करते थे।

पुलिस लाइन के सभागार में सोमवार को आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि भोपा पुलिस ने जानकारी के बाद गांव नन्हेडी के रजबाहे की पुलिया से 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना लाकर की गई पूछताछ के बाद इन लोगों से बडा ही चौकाना वाला सनसनी खैज मामला सामने आया है। यह गिरोह पिस्टल की खरीद फिरौख्त में शामिल है और अब तक यह गिरोह 60 से अधिक पिस्टल बेच चुका है। एसएसपी ने बताया कि इस गिरोह का फिरोज अंसारी उर्फ बंटी है और वह अपने साथी आशू, व गुरमंत के साथ अवैध हथियारों की तस्करी का धंधा करते है। उन्होने यह भी जानकारी दी कि इस गिरोह ने अमरीश, केशव, हार्दिक, अक्षय, अमन, मोहित, मोनू, सलमान, रईसुदीन, संजीव को शस्त्र बेचने के लिए बुलाया था ये सभी पकडे गये। पुलिस गिरफ्त में आए तीनों तस्कर करीब एक वर्ष से इस धंधे को कर रहे है। पुलिस के खुलासे में यह भी आया कि यह गिरोह बिहार के मुंगेर व अन्य स्थानो से अवैध पिस्टल व स्वचलित हथियार खरी. दकर लाते है और उन्हे अच्छी कीमत पर बेच देते है। पिस्टल की कीमत एक लाख से लेकर ओर अधिक की कीमत का बेचने का मामला भी एसएसपी ने बताया है। एसएसपी ने बताया कि बिहार के मुंगेर से पिस्टल करीब 25 हजार में खरीदकर उसको 50 हजार व उससे अधिक की कीमत पर भी बेचते थे। फिरोज, आशू व गुरूमन के खिलाफ विभिन्न थानों में मुकदमे दर्ज है। पुलिस गिरफ्त में आए हथियारों की तस्कर भोपा, नई मंडी व हरिद्वार के निवासी है। और फिरोज आशू व गुरूमन के खिलाफ दूसरे जनपद व मुजफ्फरनगर में मामले दर्ज है। जनपद के पुलिस मुखिया ने यह भी जानकारी दी कि उनकी पुलिस दो दिन में अट्ठारह लोगों को गिरफ्तार कर दो दर्जन से अधिक पिस्टल जैसे हथियार बरामद कर चुकी है और इस टीम को 25 हजार रूपयें से पुरस्कृत किया जाएगा। इस दौरान एसपी देहात आदित्य बंसल, सीओ भोपा रवि शंकर मिश्रा, भोपा थाना प्रभारी ओमप्रकाश सिंह मौजूद रहे।

**पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए तस्करी के आरोपियों की नाम इस प्रकार है :** फिरोज अंसारी उर्फ बंटी निवासी ग्राम पटौली थाना भोपा, आशु उर्फ विक्रान्त निवासी रहमतपुर थाना भोपा, अमरीश कुमार, हार्दिक, अक्षय निवासी नई बस्ती कस्बा भोकरहेडी थाना भोपा, केशव निवासी भूमिया मन्दिर के सामने वाली गली, भोपा, अमन निवासी ग्राम बहुपुरा थाना भोपा, मोहित कुमार निवासी मोहल्ला शक्तिनगर थाना नई मण्डी, रईसुद्दीन उर्फ भूरा निवासी ग्राम बेलडा थाना भोपा, गुरूमन सिंह, सलमान निवासी जौली थाना भोपा, संजीव कुमार निवासी मुनीम कालोनी थाना नई मण्डी, हर्ष कश्यप निवासी रामनगर थाना गंगनहर, रुडकी हरिद्वार, हाल पता- आजाद नगर, संतोषी माता मन्दिर के सामने वाली गली पनियाला रोड, रुडकी थाना गंग. नहर, हरिद्वार, मोनू उर्फ हिमान्शु निवासी ग्राम छछरौली थाना भोपा।

**पुलिस ने इस गिरोह से यह किया असलाह बरामद:** 6 अवैध पिस्टल, 1 रिवाल्वर, 5 तमंचे, 1 मस्कट, 1 बंदूक, 30 जिन्दा कारतूस, 1 महेंद्रा थार (बिना नंबर), 3 मोटर साइकिल, 46 हजार रुपये।

### पढ़ा-लिखा है हथियार तस्करों का गैंग

**मुजफ्फरनगर।** गिरोह के सरगना फिरोज ने रुड़की से गणित से बीएससी की शिक्षा पाई है। बरामद थार गाडी भी उसकी ही है। इसके अलावा आशु कक्षा बारह तक पढ़ने के बाद खेती करता था। अमरीश प्रॉपर्टी डीलर है। हार्दिक बीपीएड कर रहा है। केशव बीए करने के बाद खेती करता था। अक्षय ने बीए पास की है। बीए पास अमन ने मुर्गी फार्म खोला है। बीकॉम करने के बाद मोनू ने इलेक्ट्रानिक की दुकान खोली है।

# पालिका बोर्ड गठन के ढ़ाई साल के सफर में भी नहीं बनी समितिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भले ही नगर पालिका में नए बोर्ड गठन के बाद चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के नेतृत्व वाले नए बोर्ड ने अपनी सफलता का करीब ढ़ाई साल का सफर पूरा कर लिया हो, लेकिन नगर पालिका में सात समितियों का गठन नहीं होने से सवाल भी उठ रहे हैं नगर पालिका के कार्य बिना समितियों के चल रहे है।

दरअसल सांसद हरेन्द्र मलिक ने भी समितियों का गठन कराने के लिए डीएम को पत्र भेजा था। तत्कालीन एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह ने नगर पालिका ईओ को सात समितियों का गठन कराने के निर्देश दिए थे। नगर पालिका में सबसे महत्वपूर्ण सात समितियां है। जिनमें टैक्स समिति, जलकल समिति, स्वास्थ्य समिति, स्ट्रीट लाइट समिति, वित्त समिति, निर्माण समिति, नगर पालि. का कन्या इंटर कॉलेज समिति शामिल है। इन समितियों के अध्यक्ष और सदस्यों को चुना जाता है। ताकि इन समितियों से संबंधित कार्य सहीं तरह से चलते रहे, लेकिन अभी तक नगर पालिका में इन सात समितियों का गठन नहीं किया गया है। तबकि चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के बोर्ड को करीब ढाई साल पूर्ण हो गए है। पिछले दिनों सांसद हरेन्द्र मलिक ने डीएम को पत्र भेजकर समितियों के गठन के लिए अनुरोध किया था। उन्होंने बताया था कि पालिका अधिनियम 1916 की धारा 104 से 109 तक में स्पष्ट उल्लेखित वर्णित नियमों के अनुसार समितियों का गठन किया जाना न्यायहित में अति आवश्यक है।

उधर एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह का ताबादला होने पर उक्तकार्य भी रूक गया है।

# मंत्री कपिल देव के प्रस्ताव पर लगी मुहर

## मंडलीय समीक्षा में योगी ने अफसरों से मांगा 'इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट प्लान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सहारनपुर में लोक निर्माण विभाग, नगर विकास विभाग एवं पर्यटन विभाग की प्रगति समीक्षा कर पारदर्शी,समयबद्ध व जनकल्याणकारी कार्यों पर विशेष बल दिया।

मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने अपने गांधीनगर स्थित आवास से जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री से बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रस्ताव देते हुए नगर पालिका क्षेत्र की वर्तमान स्थिति, विस्तार और बढ़ती जनसंख्या को दृष्टिगत रखते हुए एक समग्र विकास योजना का अनुरोध किया। उन्होंने अवगत कराया कि सीमा विस्तार के बाद मुजफ्फरनगर न केवल भौगोलिक रूप से फैला है, बल्कि अब इसकी जनसंख्या भी 6 लाख के समीप पहुंच चुकी है। ऐसे में नगर की आवश्यकताओं के अनुरूप आधुनिक बुनियादी ढाँचे, बेहतर जल निकासी, ट्रैफिक प्रबंधन, ऊर्जा आपूर्ति और व्यापारिक केंद्रों का विकास समय की अनिवार्य माँग बन चुका है। ऐसे में बिना विलंब किए, समग्र योजना के तहत आधारभूत संरचनाओं का विकास समय की माँग है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने मंत्री कपिल देव अग्रवाल के आग्रह को स्वीकारते हुए कहा कि मुजफ्फरनगर जैसे महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक नगर को अब बुनियादी सुविधाओं और नगरीय प्रबंधन के क्षेत्र में एक उदाहरण के रूप में स्थापित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि हर नगर न केवल रहने योग्य हो, बल्कि जीवन की गुणवत्ता के हर पैमाने पर उत्कृष्टता को प्राप्त करे। इसी दृष्टिकोण से उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि नगर पालिका क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए एक समग्र हइंटीग्रेटेड डेवलपमेंट प्लानह (आईडीपी) तैयार कर एक ऐसी विकास योजना तैयार करें, जो आने वाले वर्षों में मुजफ्फरनगर को पश्चिम उत्तर प्रदेश के एक स्मार्ट और आत्मनिर्भर शहर के रूप में परिवर्तित कर सके। मंत्री कपिल देव ने बताया कि उत्तर प्रदेश की जनकल्याणकारी भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा प्रदेश के तीव्र विकास की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। उनके प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुजफ्फर नगर पालिका क्षेत्र के सर्वांगीण एवं सुनियोजित विकास हेतु इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट प्लान तैयार करने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि शहरवासियों की अपेक्षाओं और संभावनाओं को नई उड़ान देने वाली यह योजना निश्चित रूप से मुजफ्फरनगर के लिए एक ऐतिहा. सिक बदलाव का आरंभ होगी।

# रणधीर हत्याकांड: महिला सहित चार को उम्र कैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मंसूरपुर थाना क्षेत्र के गांव मनव्वरपुर निवासी धूम सिंह पुत्र चरतू ने सोलह दिसम्बर 2011 को पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा लिखवाया था कि 13 दिसम्बर को सुधीर पुत्र दयाचंद उसका भाई महेन्द्र, अतुल उर्फ टिंकल पुत्र जगबीर व जगबीर सिंह पुत्र दिलावर, गीता पत्नी सुधीर ने उस पर व उसकी पत्नी, भाई व भाई की पत्नी पर घर में घुसकर धारदार हथियार व लाठी डंडो से हमला कर दिया जिससे उसकी भाई की मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले को धारा 148, 323, 149, 302, 452 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 18 दिसम्बर 2011 को जगबीर आदि को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने इस मुकदमें की विवेचना को आगे बढ़ाया और सुधीर,अतुल उर्फ टिंकल व गीता को 23 दिसम्बर 2011 को और महेन्द्र को 26 दिसम्बर को जेल भेज दिया था। इसके बाद पुलिस ने आठ जनवरी 2012 को इस मुकदमें से संबंधित आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया। तभी से यह मामला एडीजे एफटीसी-द्वितीय के यहां विचाराधीन था।

कोर्ट ने दोनो पक्षों के अधिवक्ताओं की दलीले सुना और सबूत व गवाहों के आधार पर सुधीर उसकी पत्नी गीता, भाई महेन्द्र व एक अन्य को आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए उन पर नौ-नौ हजार रूपयें का जुर्माना भी किया है।

# शादी में ड्रोन की लेनी पड़ेगी अनुमति:डीएम

## अराजकता फैलाने वालों पर होगी गैंगस्टर की कार्रवाई: एसएसपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद के चारो ओर फैला ड्रोन के खौफ को लेकर सोमवार को जिलाधिकारी उमेश मिश्रा व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को एक संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता करनी पड़ी। उन्होने स्पष्ट रूप से कहा कि ड्रोन की अफवाह है और ऐसी अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। एसएसपी ने बताया कि अफवाह फैलाने वालों के लिए पुलिस सत्य और उनकी गिरफ्तारी के लिए करीब 177 गांवों को चिन्हित कर उनमें खूफिया कैमरा जिसे हिरन कैमरे के नाम से जाना जाता है, लगाए जाएगे। एसएसपी ने बताया कि ड्रोन की अफवाह फैलाने वाले पर पुलिस गैंगस्टर की कार्यवाही भी करेगी। उन्होने यह भी कहा कि यदि किसी गांव में मामला और सख्त व गंभीर पाया गया तो पुलिस ऐसे लोगों पर रासूका की कार्यवाही भी अमल में लाई जा सकती है।

पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी ने गांव-गांव में टीमे लगा दी है और ऐसे लोगों की गिरफ्तारी के लिए गांव के चौकीदारों को भी सतर्क कर दिया गया है। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की समीक्षा के बाद जिलाधिकारी उमेश मिश्रा और एसएसपी संजय कुमार वर्मा जिले में रहस्मय ड्रोन को लेकर गांव-गांव से जानकारी ले रहे है। जिलाधिकारी ने कहा कि इस अफवाह के अलावा कुछ भी नहीं है और लोगों को अफवाहों से डराया जा रहा है। इस तरह से माहौल खराब करने का भी उद्देश्य हो



सकता है। पुलिस शहर व गांव में जाकर कुछ संदिग्ध लोगों के संबंधों में भी जानकारी ले रही है। एसएसपी ने बताया कि कुछ लोग ड्रोन की अफवाह फैलाकर माहौल खराब करना चाहते है। और इस तरह की उन्हे अब तक करीब 55 शिकायते मिली है सभी शिकायतों पर काम चल रहा है। बात दे कि पुलिस ड्रोन की फर्जी खबरो को लेकर गम्भीर है और अब तक पुलिस खतौली, ककरौली सहित कई थानों में दो दर्जन से अधिक लोगों पर कार्यवाही कर चुकी है। जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक का कहना है कि अफवाह फैलाने वालों के लिए बख्सीस का कोई खाना नहीं है और उन पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही कराई जाएगी।

# एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स में बीएससी माइक्रोबायोलॉजी के विद्यार्थी सम्मानित



**मुजफ्फरनगर।** मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर द्वारा बी.एस.सी. (माइक्रोबायोलॉजी) तृतीय वर्ष का परीक्षाफल घोषित किया गया, जिसमें एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स, मुजफ्फरनगर के (माइक्रोबायोलॉजी) तृतीय वर्ष का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा।

इस अवसर पर इन सभी विद्यार्थियों को प्राचार्य डा. सचिन गोयल एवं विभागाध्यक्षा डा. मोनिका रूहेला द्वारा परीक्षा में छात्रों के श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। विद्यार्थियों ने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन का श्रेय अपने माता-पिता व महाविद्यालय के समस्त अध्यापकों को दिया। बी.एस.सी. (माइक्रोबायोलॉजी) तृतीय वर्ष भूमिका शर्मा ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर खुशी चौहान ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए व नीलू शर्मा ने 78 प्रतिशत अंको के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डा. सचिन गोयल ने सभी विद्यार्थियों को उनके इस प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह उत्कृष्ट प्रदर्शन विद्यार्थियों व सभी शिक्षकों के कठिन परिश्रम का परिणाम है तथा भविष्य में भी सभी विद्यार्थियों को इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन बनाए रखने के लिए कठोर परिश्रम करना होगा।

इस अवसर पर विभागाध्यक्षा डा. मोनिका रूहेला व सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी और विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी प्रकार उन्नति करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर विज्ञान संकाय से डा. सौरभ जैन, डा. महेन्द्र सिंह, डा. नीरज कुमार, डा. ज्ञानेन्द्र कुमार पाण्डेय, मोनिका पंवार, अनामिका शर्मा, डा. वर्तिका गर्ग, वर्षा पांचाल, रजत धारिवाल, ओंमकार सिंह, शेखर सिंह, वंशिका गुप्ता, शिखा पाल, राखी धीमान, दीपक व मुसन्निफ आदि मौजूद रहे।

शिवा ग्रुप ऑफ कॉलेज
COURSE OFFERED
D. PHARMA (डी. फार्मा)
C.C.-1491
POLYTECHNIC
(ELECTRICAL, CIVIL, MECHANICAL, FASHION DESIGNING)
(डिप्लोमा) C.C.-1183
ITI (आई0टी0आई) C.C.-3978
(ELECTRICIAN, FITTER, COPA, FASHION DESIGING)
इण्टर कॉलेज (PCM, PCB, COMM., ART)
C.C. 1339
पता:- NEAR NH-58, जौली रोड, बिलासपुर, मुजफ्फरनगर
Ph. 9690731170, 9411449915, 9927075234, 8077158717

# विद्युत तार के करंट से लोकेश गोयल राजू का निधन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** कस्बे के प्रसिद्ध समा. जसेवी और कपड़ा व्यवसायी लोकेश गोयल उर्फ राजू का आज सुबह 7 बजे बिजली करंट की चपेट में आने से दुखद निधन हो गया। इस हृदयविदारक घटना से पूरे कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई है।

जानकारी के अनुसार, वह सुबह अपनी बाइक से दूध लेने निकले थे। उनके घर के पास शिव मंदिर के निकट एक टूटा हुआ बिजली का तार पड़ा था, जिसकी चपेट में वह आ गए। गंभीर रूप से घायल होने के बाद उन्हें तत्काल एक निजी चिकित्सक के पास ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वह स्थानीय क्रिकेट के प्रबल समर्थक और आयोजक थे, जिन्हें कस्बे में क्रिकेट का जन्मदाता कहा जाता था। इसके अलावा, वह पुरकाजी की श्री रामलीला में अपने शानदार रावण के किरदार और राजा-महाराजा जैसे प्रभावशाली रोल के लिए भी प्रसिद्ध थे। उनकी खनकती आवाज और मंच पर जीवंत प्रदर्शन हमेशा दर्शकों के दिलों में बसा रहेगा।

## ट्रक ने टैंपू में टक्कर मार सबमर्सिबल तोडा, खुद भी पलटा

**बुढ़ाना।** फुगाना थाना क्षेत्र में करनाल वाया मेरठ हाइवे पर रेत से भरा एक तेज रफ्तार ट्रक आगे जा रहे दूसरे ट्रक से टकरा गया। इस घटना में रेत से भरा ट्रक सडक किनारे खेत में गिरकर पलट गया। जिसमें सड़क किनारे खड़ा हुआ एक खाली टैम्पू और एक किसान के खेत में लगा नया सबमर्सिबल भी क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना में ट्रक का चालक घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार हरियाणा राज्य के जिला यमुनानगर से चालक इंतजार अहमद अपने ट्रक में रेत लेकर मेरठ जिले मे जा रहा था। तब मेरठ वाया करनाल हाइवे पर फुगाना थाना क्षेत्र के सराय गांव के पास दूसरे वाहन को ओवर टेक करते समय रेत से भरा ट्रक सामने जा रहे ट्रक से टकरा गया। इस घटना में रेत से भरा ट्रक सडक किनारे खेत में गिरकर पलट गया। इस घटना में ट्रक का चालक इंतजार घायल हो गया। जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढाना में भर्ती करवाया गया। इस घटना में सडक के किनारे खड़ा एक खराब खाली टैम्पू और किसान के खेत में लगा एक सबमर्सिबल भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। उधर फुगाना पुलिस ने उक्त मामले की जांच शुरु कर दी है।

# खतरे के निशान पर बह रही है गंगा



**मीरापुर।** शिवालिक पहाड़ियों पर हो रही लगातार वर्षा के चलते गंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है और अब यह चेतावनी बिंदु के समीप पहुँच गया है। गंगा इस समय पूरे उफान पर है, जिससे निचले क्षेत्रों में स्थित गाँवों के लोगों के बीच दहशत का माहौल है। गंगा बेराज के जेई पीयूष द्वारा बताया गया कि हरिद्वार से 1,51,969 क्यूसेक पानी छोड़ा गया, जिससे गंगा का जलस्तर बढ़कर 221.5 मीटर के आसपास पहुँच गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए गंगा बेराज से 1,39,439 क्यूसेक पानी का निस्तारण किया गया, जिससे जलस्तर घटकर 219.5 मीटर पर आ गया। जलस्तर में थोड़ी गिरावट आने से प्रशासन ने राहत की सांस ली है, लेकिन खतरा अभी टला नहीं है। गंगा के आसपास बसे गाँव ख्र अहमदवाला, हंसावाला, चूहापुर, फरीदपुर और धर्मपुरा के ग्रामीण बेहद चिंतित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि गंगा में और जलप्रवाह हुआ तो बाढ़ की स्थिति बन सकती है, जिससे जान-माल का खतरा बढ़ जाएगा। सिचाई विभाग के अधिकारी गंगा बेराज नियंत्रण कक्ष से लगातार जलस्तर की निगरानी कर रहे हैं और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# पुलिसिया अत्याचार के खिलाफ भाकियू क्रांतिकारी का प्रदर्शन

## आरोपी पुलिसकर्मी कपिल नागर को बर्खास्त कर दर्ज हो मुकदमा

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** मथुरा जनपद में एक किसान के साथ हुए कथित पुलिसिया उत्पीड़न के विरोध में भारतीय किसान यूनियन क्रांतिकारी संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने सोमवार को खतौली तहसील में प्रदर्शन किया और एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने मांग की कि जिस पुलिसकर्मी कपिल नागर पर किसान के साथ अमानवीय व्यवहार का आरोप है, उसे तत्काल प्रभाव से बर्खास्त किया जाए और उसके खिलाफ कठोर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाए। भाकियू क्रांतिकारी के जिला अध्यक्ष डॉ. संजय चौहान ने कहा कि किसान के साथ किया गया व्यवहार न केवल निंदनीय है, बल्कि पूरे पुलिस विभाग की छवि को धूमिल करता है। उन्होंने कहा कि कपिल नागर जैसे पुलिसकर्मी पुलिस महकमे पर धब्बा हैं और उन्हें विभाग में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है।

राष्ट्रीय संगठन मंत्री ठाकुर जगपाल सिंह ने कहा कि यदि प्रशासन द्वारा आरोपी पुलिसकर्मी के खिलाफ उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो संगठन मथुरा पहुंचकर बड़ा आंदोलन करेगा और पीड़ित किसान परिवार को न्याय दिलाने का काम करेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भाकियू क्रांतिकारी हर स्थिति में पीड़ित किसान के साथ खड़ा है और उसे न्याय दिलवाने के लिए संगठन सड़क से लेकर उच्च स्तर तक संघर्ष करेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान संगठन के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे जिनमें प्रमुख रूप से सेवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राजीव राणा, जिला सचिव मनोज राणा, चिकित्सा प्रकोष्ठ के तहसील अध्यक्ष मोहित सोम, ब्लॉक उपाध्यक्ष सुंदर चौहान, युवा प्रकोष्ठ के ब्लॉक अध्यक्ष गौरव चौहान, संगठन के सलाहकार दिनेश कुमार, ग्राम महासचिव मोि. हत शर्मा, ग्राम उपाध्यक्ष राम भूल सिंह, शिवम सोम आदि शामिल रहे। संगठन ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि जल्द कोई कार्रवाई नहीं होती तो किसान संगठन राज्यव्यापी आंदोलन करने को बाध्य होगा।

# पश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की बैठक का हुआ आयोजन

## व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अजीत सिंह छाबड़ा व महामंत्री नूर हसन को सौंपी नगर की कमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानसठ।** पश्चिम-उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की एक बैठक आदर्श कॉलोनी अजीत सिंह छाबड़ा के निवास स्थान पर आयोजित की गई। इस दौरान व्यापार हितों को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

सोमवार को पश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की एक बैठक व्यापार मंडल के अध्यक्ष अजीत सिंह छाबड़ के निवास स्थान आदर्श कॉलोनी में आयोजित की गई।

इस दौरान बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेशअध्यक्ष घनश्याम गर्ग एवं जिलाध्यक्ष रामकुमार तायल रहे।

बैठक का संचालन प्रदीप कांबोज ने किया बैठक में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को लेकर प्रदेश अध्यक्ष ने सभी की राय ली तथा निर्विरोध कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें 22 वर्षो से अध्यक्ष पद पर रहे भीष्म पितामह अजीत सिंह छाबड़ा को सभी की सहमति से अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया।महामंत्री मोहम्मद नूर हसन तेवड़ा को बनाया गया, उपाध्यक्ष अमरपाल पवार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अवनी सैनी , तथा संगठन मंत्री मामचंद सैनी, युवा नगर अध्यक्ष नीरज वर्मा युवा महामंत्री अंकुर सिंघल को बनाया गया। तथा बाकी कार्यकारिणी का शीघ्र विस्तार किया जायेगा।

इस दौरान बैठक मे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान व्यापारियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए प्रदेश अध्यक्ष ने व्यापारी को संबोधित करते हुए व्यापारी दुर्घटना बीमा ,व्यापारी स्टोक बीमा, व्यापारी पेशन 60 साल से ऊपर प्रत्येक व्यापारी को 3 000/दिलाई जाए सरकारी कर्मचारी के द्वारा शोषण के विरुद्ध आंदोलन के लिए परियोजना बनाए जाने पर मंथन किया गया। उन्होंने अंत में 14 सितंबर को गाजियाबाद में होंने वाले व्यापारी सम्मेलन में अधिक से अधिक व्यापारियों से पहुंचने का आह्वान किया। इस दौरान बैठक में बड़ी संख्या में व्यापारियों ने भाग लिया।

# हड़ताल पर गए अधिवक्ताओं ने नहीं किया कोई कार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानसठ।** सोमवार को बार और बेंच के अध्यक्ष शशि सैनी के नेतृत्व में पश्चिम उत्तर प्रदेश हाई कोर्ट बैच की मांग के समर्थन में हाई कोर्ट बेंच केंद्रीय संघर्ष समिति हड़ताल पर रहे तथा तहसील मे जाकर उपनिबंधक कार्यालय में रजिस्ट्री का समस्त कामकाज बंद करा दिया।

उसके उपरांत तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शशी कुमार सैनी एडवोकेट के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने एक ज्ञापन माननीय प्रधानमंत्री के नाम उप जिला मजिस्ट्रेट जानसठ को सौंपा और शीघ्र ही पश्चिम उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बेंच की स्थापना हेतु मांग की उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया की विगत 1 अगस्त 2025 को महाराष्ट्र राज्य में राज्य की चौथी बेंच कोल्हापुर जिले में स्थापित की गई है, जबकि पश्चिम उत्तर प्रदेश के जिलों की जनसंख्या कहीं ज्यादा अधिक है। नागरिकों व अधिवक्ताओं की इस विकट समस्या



से निदान हेतु हाईकोर्ट बैंच की मांग की। केंद्रीय संघर्ष समिति के आह्वान पर अधिवक्ता हड़ताल पर रहे। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व अध्यक्ष प्रदीप गर्ग,, हसीन हैदर जैदी, जावेद हुमायूं, पूर्व सचिव दीपेश गुप्ता, एडवोकेट, ज्ञानचंद सैनी, प्रमोद शर्मा कामरेड, सुरेंद्र गुर्जर, सोहित कांबोज, शमशुल हसन, वेद प्रकाश सैनी, लव कुश चौधरी, वसीम अहमद, मांगेराम, असलम अंसारी,विकास गुप्ता, दिनेश बंसल, शिवचरण सैनी, संजीव चौधरी,मोहम्मद इरशाद, मित्र सेन, कपिल चौधरी, विमल पोसवाल,अनुज काकराण, गुरुजीत सिंह, इमान अली, नौशाद अहमद, जितेंद्र तोमर, अनुज पाल, प्रदीप वालिया, श्री राम, प्रमोद कुशाल, शशि, भूषण, रविंद्र पाल, रघुनाथ सिंह, शुमाल जैदी, परवेज जैदी आदि अधिवक्ता शामिल रहे।

# बंदरों के झुण्ड का हमला साइकिल व बाइक सवार घायल

**मोरना।** मोरना -शुक्रताल मार्ग पर बंदरो के झुण्ड ने गुजर रहे राहगीरो पर हमला कर दिया। जिस कारण साइकिल व बाईक की भिड़ंत हो गयी जिसमे दो महिलाओ सहित चार व्यक्ति घायल हो गये। थाना क्षेत्र के गांव बरूकी निवासी अन्नू कुमार, रुपन, कमलेश बाईक द्वारा इलाहबास गांव मे रस्म तेहरवीं मे शामिल होने जा रहे थे। दूसरी ओर साइकिल सवार अज्ञात युवक शुक्रताल की ओर से आ रहा था। तभी बंदरो के झुण्ड ने हमला कर दिया। जिससे साईकिल सवार घबरा गया और उसका संतुलन बिगड गया। जिससे उसकी साईकिल बाईक से जा टकराई। घायलों को उपचार के लिए निकटवर्ती प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर लाया गया।गंभीर रूप से घायल अज्ञात साईकिल सवार को बेहोश हालत मे जिला चिकित्सालय रेफर किया गया।

# श्रावणी पर्व पर यज्ञ हवन का हुआ आयोजन

## हास्य अभिनेता मास्टर देव शर्मा भी रहे मौजूद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** आर्य समाज द्वारा मनाए जाने वाले श्रावणी पर्व पर आज बुढ़ाना कस्बे में सोमवार के दिन यज्ञ और हवन का आयोजन किया गया। इस मौके पर आर्यजनों ने वेदों की महिमा का जमकर गुणगान किया।

श्रावणी पर्व के कार्यक्रम के यज्ञमान प्रवीण राणा और सोनिया राणा संयुक्त रूप से रहे। यज्ञ हवन में आर्यजनों ने बारी बारी से आहुति दी। इस दौरान यहां पर प्रवीण राणा ने कहा कि वैदिक युग में ;षियों ने वर्षाकाल को वेद स्वाध्याय के लिए शुभ माना है। श्रावण की पूर्णिमा से कल्याणकारी कार्य की शुरुआत की जाती है। ईश्वर ने अपना ज्ञान मनुष्यों के लिए प्रदान किया है। इसलिए हर मनुष्य का कर्तव्य है कि वह वेद का पठन पाठन करें। कार्यक्रम के संचालक संजीव आर्य ने कहा कि



महषि दयानंद महान समाज सुधारक थे। स्वामी दयानंद ने समाज में फैली कुरीतियों, अंधविश्वास, पाखंडवाद का पुरजोर विरोध किया था। इस कार्यक्रम में बार एसोसिएशन बुढाना के अध्यक्ष विनोद कुमार त्यागी, प्रशांत शर्मा एडवोकेट, डॉक्टर सतेंद्र आर्य, नीलेश मलिक, हास्य अभिनेता मास्टर देव शर्मा, ओमपाल चौहान, मास्टर तेजपाल सहरावत, तरुण त्यागी और धर्मेंद्र चौधरी सहित अन्य कई आर्यजनों की भी मौजूदगी देखने को मिली।

# जाग होने पर भागे चोर

**बुढ़ाना।** सोमवार को दिन निकलने से पहले ही अर्धरात्रि में लगभग दो बजे अज्ञात चोरों ने घर के बाहर खड़ी एक ई-रिक्शा का बैट्रा चुराने के उद्देश्य से उसके पैंच खोले लेकिन महिला के जाग जाने पर चोर बैरंग ही लौट गये। अलीशेर पुत्र गुलशेर मंसूरी निवासी मौहल्ला शाहवाडा धो. बियान बुढ़ाना ने सोमवार को बताया कि अर्ध रात्री में अज्ञात चोरों ने ई-रिक्शा में लगी बडी बैट्री के सभी पैंच खोल लिए और उसको ले जाने लगे लेकिन तभी उसकी मां की आंख खुल गयी और लाइट जलने पर चोर बिना बैट्रा लिए ही फरार हो गये। अलीशेर अपने परिजनों के साथ लाठी डंडे लेकर घर से बाहर निकला तो देखा कि ई-रिक्शा के बैट्रे के सभी पैंच खुले हुए हैं और बैट्रा भी अपने स्थान से खिसका हुआ है। अलीशेर ने बुढ़ाना पुलिस को अफवाहों के चलने के डर से नहीं दी लेकिन सुबह मौहल्ले कै लोगों को घटना की जानकारी जरुर दी।

# अच्छे अनुशासन के कारण श्रीराम कॉलेज के छात्र बनते हैं टॉपर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्रीराम कॉलेज ऑफ लॉ, के एलएल0बी0 पाठ्ङक्रम के चतुर्थ सेमेस्टर में इस वर्ष छात्र/छात्राओं ने परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की।

इस क्रम में एल0एल0बी0 चतुर्थ सेमेस्टर में निकिता राठी ने 68.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान व प्रवीण कुमार 68 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान व आफरीन 67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे।

इस अवसर पर स्थान प्राप्त करने वालों ने अपनी सफलता का श्रेय विभाग के प्रवक्ताओं, माता पिता, कॉलेज एवं विभाग द्वारा प्रदान किये गये शैक्षिक वातावरण एवं मार्गदर्शन को देते हुए बताया कि विभाग के प्रवक्ताओं द्वारा दी जाने वाली मूल्यवान शिक्षा द्वारा विभिन्न विषयों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारियां मिलती है। जिससे उनके ज्ञान में निरन्तर वृद्धि हो रही है। दूसरा स्थान प्राप्त करने पर प्रवीण कुमार ने हर्ष व्यक्त करते हुये कहा कि विभाग एवं महाविद्यालय द्वारा प्रदान की जाने वाली उच्च कोटि की शैक्षिक सुविधायें तथा समय-समय पर विभाग द्वारा स्किल डेवलपमेंट, के लिये कराये जाने वाली कार्यशालाओं के माध्यम से विद्यार्थियों में व्यवहा. रिक एवं व्यावसायिक कौशल विक. सित होता है। उन्होंने बताया कि इन तमाम शैक्षिक गतिविधियों से विद्यार्थियो का चहुमुखी विकास होता है। श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेजज के चेयरमैन डॉ0 एस0 सी0 कुलश्रेष्ठ ने सभी छात्र-छात्राओं को उनकी



सफलता के लिये आर्शीवाद प्रदान किया।श्री राम कॉलेज ऑफ लॉ की प्राचार्या डॉ0 पूनम शर्मा ने कहा कि कॉलेजका अनुशासनात्मक वातावरण छात्र/छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक होता है, इस अवसर पर संजीव कुमार, सोनिया गौड़, आंचल अग्रवाल, राखी प्रमोद तुपे, रितु धीमान, आक्षी कष्यप, अर्पित कुलश्रेष्ठ, विनय तिवारी, प्रीती व त्रिलोक ने सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए बधाई दी।

# एमडीएस विद्या मन्दिर में इन्वेस्टिचर सेरेमनी का भव्य आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** एम.डी.एस. विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज में विद्यालय के सत्र 2025-26 हेतु छात्र परिषद् गठन के उपलक्ष्य में इन्वेस्टिचर सेरेमनी का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह में विद्यालय के योग्य, अनुशासित एवं नेतृत्व गुणों से परिपूर्ण 40 छात्र-छात्राओं को विभिन्न पदों पर नियुक्त कर निष्ठा, कर्तव्यपरायणता एवं अनुशासन की शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, उत्तरदायित्व और अनुशासन विकसित करना है।

कार्यक्रम का शुभारम्भ शुभारंभ प्रबंधक संदीप कुमार, प्रधानाचार्य अनिल कुमार एवं संचालक अनिल शास्त्री के द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इसके उपरांत विद्यालय के स्कूल कैप्टन, वाइस कैप्टन, हेड गर्ल, हेड ब्वाय, वाइस हेड गर्ल, वाइस हेड ब्वाय एवं चारों हाउस के कैप्टन एवं वाइस कैप्टन, सांस्कृतिक सचिव, सांस्कृतिक प्रभारी, साहित्यिक सचिव, साहित्यिक प्रभारी, अनुशासन सचिव, अनुशासन प्रभारी, पर्यावरण सचिव, पर्यावरण प्रभारी, खेल सचिव, खेल प्रभारी (स्पोर्टस कैप्टन), संपादकीय बोर्ड सचिव, संपादकीय बोर्ड प्रभारी एवं विद्यालय प्रतिनिधियों को उनकी जिम्मेदारियों का बोध कराते हुए उन्हें बैज पहनाकर अलंकृत भी किया गया। सभी चयनित प्रतिनिधियों ने निष्ठा, कर्तव्यपरायणता एवं अनुशासन के साथ कार्य करने की शपथ ली। प्रबंधक संदीप कुमार ने छात्र प्रति. निधियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह अवसर नेतृत्व कौशल विकसित करने तथा उत्तरदायित्वपूर्ण नागरिक बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने अपने संबोधन में छात्रों को नेतृत्व के मूल्यों से अवगत कराते हुए उन्हें भविष्य में समाज और राष्ट्र के निर्माण में सक्रिय भागीदारी



निभाने हेतु प्रेरित किया। संचालक अनिल शास्त्री ने अपने उद्बोधन में नव-निर्वाचित छात्र परिषद् को बधाई देते हुए कहा कि एक अच्छा नेतृत्व वह होता है जो दूसरों को प्रेरित करे और अपने कार्य से मिसाल पेश करे। हमें गर्व है कि हमारे छात्रों में ये गुण स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। यह समारोह छात्रों के लिए एक प्रेरणास्रोत बना और सभी ने इसे अनुशासन, गरिमा एवं उत्साहपूर्वक संपन्न किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम की सफलता हेतु शिक्षकगणों, छात्र-छात्राओं एवं समस्त विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी अध्यापक व अध्यापिकाओं का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय कोच अंकित खेरवाल ने किया।

# जाहरवीर म्हाडी पर छड़ी निशान चढ़ाने को लगी दिन भर लाइन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** मोरना मे स्थित जाहरवीर गोगा की म्हाड़ी पर बारिश की परवाह न करते हुए सोमवार को दूर दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में आए श्रद्धालुओं ने छड़ी निशान चढ़ाए। इस दौरान आयोजित मेले में चारों ओर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने दुकानों पर खरीदारी की तो बच्चों ने उठाया झूलों का आनंद उठाया। गोगा जाहरवीर म्हाड़ी पर सुबह ही श्रद्धालुओं की कतार लग गई थी। रिमझिम वर्षा के बीच दूर दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में आए श्रद्धालुओं ने म्हाड़ी पर छड़ी एवं निशान चढ़ाकर पूजा अर्चना की। मान्यता के अनुसार जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से म्हाडी पर छड़ी निशान चढ़ाकर मनौती मांगता है उनकी मुराद अवश्य पूरी होती है। नव विवाहित जोड़ों ने बैंड बाजों के साथ पूजा अर्चना कर छड़ी निशान चढ़ाए। कस्बा भोकरहेड़ी, गांव छछरौली, वजीराबाद, सिकंदरपुर, शुक्रताल, फिरोजपुर, चौरावाला, भोपा, मलपुरा, अलीपुरा, तिस्सा आदि कई दर्जन गांवों से ग्रामीण ट्रैक्टर ट्राली व बुग्गी में सवार होकर निशान चढ़ाने पहुंचे। निशान चढ़ाए। मेला में चारों ओर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। महिला श्रृंगार की दुकानों पर महिलाओं ने जमकर खरीदारी की तो बच्चों ने उठाया झूलों का आनंद उठाया। मेले में लगे झूलों पर बच्चों के झूलने की भीड़ लगी रही।


**सम्बन्ध-विच्छेद सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **जगतार सिंह मंड** पुत्र **श्री मेहर सिंह मंड**, निवासी मकान नं0 190, मिर्जा टिल्ला, जौली, मुज़फ्फरनगर, उत्तर प्रदेश-251308, ने अपने पुत्र **मनजिंदर सिंह मंड** को उसके गलत चाल चलन एवं व्यवहार के कारण हमेशा के लिए अपनी संपूर्ण चल व अचल सम्पतियों से बेदखल कर दिया है। उपरोक्त पुत्र मनजिंदर सिंह मंड से अब मेरा कोई संबंध व नाता नहीं रहा है तथा मेरी किसी भी चल व अचल सम्पतियों में किसी प्रकार का मनजिंदर सिंह मंड का कोई हक/अधिकार नहीं होगा। जो भी व्यक्ति उससे किसी भी प्रकार का लेन देन करेगा, वह व्यक्ति स्वयं ही जिम्मेदार होगा।



**किराए पर हॉल उपलब्ध है**

डॉ. हारून की कोठी के सामने, सुजडू मैन रोड पर 2600 स्क्वायर फुट तैयार हाल किराय के लिए उपलब्ध है। स्कूल, पॉली-क्लिनिक, अस्पताल, शापिंग सेंटर, शौ-रूम कोचिंग सेंटर आदि के लिए उपयुक्त

**सम्पर्क करें**

**हुसैन अहमद**

**7669895967**

**9886045547**


# हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष किया पेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानसठ।** गत दिनों चाकु मारकर हुई एक युवक की हत्या के मामले में आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त अवैध चाकू बरामद माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया।

थाना क्षेत्र के गांव भलेडी में गत दिनों चाकू मारकर हुई एक युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना मे प्रयुक्त चाकू बरामद करने का दावा किया है ज्ञात रहे, कि गत दिवस मृतक की पत्नी की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई थी पुलिस ने प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। उसके बाद सी ओ भोपा रवि शंकर ने थाना प्रभारी राजीव शर्मा के साथ मौका मुआयना किया और थाना प्रभारी राजीव शर्मा को शीघ्र टीम बनाकर अभियुक्त की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया जिसमें उपनिरीक्षक मोहित तेवतिया, उपनि. रीक्षक पुष्पेन्द्र चौहान ,व कांस्टेबल कपील कुमार, अलीमुद्दीन, को शामिल कर शीघ्र अभियुक्त को गिरफ्तार किए जाने के दिशा-निर्देश दिए। टीम गठन होने के बाद जिस समय पुलिस टीम चौकिंग कर रही थी तभी पुलिस टीम को मुखबिर के द्वारा सूचना मिली सूचना पाकर पुलिस टीम मुखबिर के द्वारा बनाए स्थान पर पहुंची जहां से पुलिस ने अभियुक्त गौरव उर्फ मोनू पुत्र सुधीर सैनी निवासी ग्राम भलेडी को गिरफ्तार कर लिया तथा पुलिस ने उसके पास से घटना में प्रयुक्त एक अवैध चाकू बरामद करने का दावा किया। पुलिस के दुवारा हत्या मे आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# सुरक्षा का कड़ा पहरा: रेलवे स्टेशन से होटल-ढाबों तक पुलिस का फ्लैग मार्च

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षा के बीच मनाने के उद्देश्य से खतौली पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया है।

सोमवार को पुलिस प्रशासन ने पूरे नगर क्षेत्र में चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा जांच अभियान चलाया। रेलवे स्टेशन से लेकर सघन बस्तियों, होटल-ढाबों और प्रमुख चौराहों तक पुलिस की पैनी नजर बनी रही। इस सघन चेकिंग अभियान का नेतृत्व खतौली सीओ राम आशीष यादव और कोतवाली प्रभारी ब्रजेश कुमार शर्मा ने किया। उनके साथ डॉग स्क्वॉड और एंटी-स्पोट्ज एल आई यू टीम के जवान भी तैनात रहे। हर आने-जाने वाले पर कड़ी निगरानी रखी गई और संदिग्ध लोगों के सामान की गहन तलाशी ली गई।

### स्टेशन पर सुरक्षा सख्त, यात्रियों से सीधे संवाद

कोतवाल ब्रजेश कुमार शर्मा खुद पुलिस टीम के साथ खतौली रेलवे स्टेशन पहुंचे, जहां उन्होंने यात्रियों से संवाद स्थापित करते हुए सुरक्षा को लेकर जागरूक किया। प्लेटफॉर्म से लेकर वेटिंग एरिया तक हर कोने की जांच की गई। यात्रियों के बैग और पहचान पत्र भी बारीकी से चेक किए गए।

**यदि किसी को कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें**

आपकी सतर्कता ही हमारी सबसे बड़ी मदद है, दृ कोतवाल ने यात्रियों से कहा। होटल और ढाबों पर औचक निरीक्षण, आईडी की जांच जरूरी पुलिस ने शहर के होटल व ढाबों पर अचानक छापेमारी कर ठहरे हुए लोगों की आईडी और एंट्री रजिस्टर खंगाले। कई जगह संचालकों को सख्त निर्देश दिए गए कि बिना वैध पहचान पत्र के किसी को भी ठहराना कानूनन अपराध होगा। सभी होटल मालिकों से कहा गया कि हर आगंतुक का नाम, पता और मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से रजिस्टर में दर्ज किया जाए।

**नगर में निकाला गया फ्लैग मार्च, नागरिकों से मांगा सहयोग**

शहर के विभिन्न हिस्सों में फ्लैग मार्च निकाल कर पुलिस ने शक्ति प्रदर्शन किया। रेलवे रोड, सैनी नगर, जानसठ मार्ग, भूड़ खतौली, चौधरी चौक जैसे इलाकों में पैदल गश्त करते हुए पुलिसकर्मी स्थानीय लोगों से संवाद करते नजर आए। पुलिस ने अफवाहों से दूर रहने और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

कोतवाल ब्रजेश शर्मा का सख्त संदेश शांति भंग करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। कोतवाली प्रभारी ब्रजेश कुमार शर्मा ने दो टूक कहते हुय कहा कि 15 अगस्त तक पूरे नगर में हमारी सघन निगरानी जारी रहेगी। हर संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई होगी। खतौली पुलिस हर समय सतर्क है, और सुरक्षा में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी।


**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0**

अधीक्षण अभियंता विद्युत नगरीय वितरण मण्डल, मुजफ्फरनगर

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना : 22/EUDC MZN/2025-26

कार्य का नाम : विद्युत नगरीय वितरण खण्ड-सिविल लाईन के कार्यक्षेत्र में नमामि गंगे कार्यक्रम के अन्तर्गत 275 कि0वा0 का विद्युत संयोजन निर्गत करने का कार्य।

ई-निविदा प्रपत्र शुल्क : रू0 3540 | धरोहर राशि : रू0 13100

ई-निविदा की अंतिम तिथि : 20 अगस्त 2025, 12:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाए वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएगी।

# खतौली में संदिग्ध ड्रोन की उड़ानों से हड़कंप

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली कस्बे में बीते कुछ दिनों से रात के समय आसमान में उड़ते कथित ड्रोन की चर्चाओं ने लोगों के मन में दहशत भर दी है। जहां कुछ लोग इन्हें अफवाह बता रहे हैं, वहीं सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो और कॉलोनियों में संदिग्ध गतिविधियों की खबरों ने प्रशासन को भी अलर्ट कर दिया है। सुरक्षा को लेकर चिंताओं के बीच अब स्थानीय प्रशासन ने बड़ा कदम उठाते हुए ड्रोन संचालन पर सख्त पाबंदियां लागू कर दी हैं।

अब ड्रोन उड़ाने से पहले प्रशासन की इजाजत जरूरी

नवगठित दिशा-निर्देशों के अनुसार, कोई भी व्यक्ति शादी समारोह, जन्मदिन की पार्टी या किसी निजी आयोजन में ड्रोन से फोटोग्राफी या वीडियोग्राफी करना चाहता है तो उसे पहले स्थानीय प्रशासन से लिखित अनुमति लेनी होगी। अनुमति लेने के लिए कार्यक्रम की तारीख, स्थान, समय और ड्रोन की तकनीकी जानकारी साझा करनी होगी।

उपजिलाधिकारी राजकुमार भारती ने बताया कि,

सुरक्षा के लिहाज से यह फैसला जरूरी था। आए दिन संदिग्ध ड्रोन की खबरें आ रही हैं। हम किसी भी स्थिति में लापरवाही नहीं बरत सकते। अनुमति के बिना ड्रोन उड़ाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।ष

फोटोग्राफरों में छाई बेचैनी

प्रशासन की इस सख्ती से इलाके में फोटोग्राफरों की परेशानी बढ़ गई है। उनका कहना है कि शादी-ब्याह के मौसम में एक दिन में कई समारोह कवर करने होते हैं। हर कार्यक्रम से पहले अनुमति लेने में समय और संसाधनों की भारी बर्बादी होगी।

अफवाहें या हकीकत, प्रशासन ने जांच तेज की

हालांकि प्रशासनिक अधिका. रियों ने माना कि अब तक किसी संदिग्ध ड्रोन की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। लेकिन कस्बे की कुछ कॉलोनियों में रात को उड़ते हुए अनजान वस्तु के वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार शर्मा ने लोगों से अपील की है कि अगर कोई संदिग्ध ड्रोन दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। उन्होंने कहा,ष्कृपया किसी भी तरह की अपुष्ट खबरें सोशल मीडिया पर न फैलाएं।

बेवजह अफवाह से माहौल बिगड़ सकता है।ष प्रशासन ने यह स्पष्ट किया है कि यह कदम केवल सुरक्षा कारणों से उठाया गया है। यदि कोई नियमों का पालन करता है, तो उसे किसी तरह की परेशानी नहीं होगी।

## अवैध शस्त्र सहित एक युवक हुआ गिरफ्तार

**बुढ़ाना।** पुलिस ने गश्त के दौरान अवैध शस्त्र सहित एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह के पर्यवेक्षण और कोतवाल आनंद देव मिश्र के नेतृत्व में परासौली पुलिस चौकी के प्रभारी सुमित कुमार सिंह ने आज सोमवार के दिन गश्त करने के दौरान अपने हमराही कांस्टेबल करणवीर सिंह के सहयोग से किसी मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर एक युवक को अवैध तमंचे के साथ अपनी चौकी क्षेत्र के समीप स्थित नहर की पटरी से उस समय गिरफ्तार किया जब वह किसी राहगीर की तलाश में संदिग्ध रुप से खड़ा था। आरोपी का नाम विकास सिंह पुत्र राजपाल सिंह निवासी ग्राम कनियान थाना कांधला जिला शामली बताया गया है।

# पंचायती राज विभाग के नए पोर्टल पर दिया गया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानसठ।** पंचायत राज मंत्रालय द्वारा निर्गत किए गए नए वर्जन को लेकर ब्लॉक स्तर पर समस्त ग्राम प्रधानों एवं ग्राम सचिवों व पंचायत सहायकों को प्रशिक्षण दिया गया।

सोमवार को प्रशिक्षण के दौरान ए डी ओ पंचायत धर्म सिंह कहां की पंचायत एडवांसमेंट सूचकांक भारत की ग्राम पंचायत को सशक्त बनाने एवं सतत विकास की दिशा में आगे बढ़ने का प्रयास प्रभावशाली प्रयास है। यह पोर्टल विकास को मापने का पैमाना है।

उन्होंने कहा, कि हमेशा प्रधानमंत्री एक ही बात कहते हैं,कि जब तक भारत के गांव मजबूत नहीं होंगे तब तक भारत का तेज विकास नहीं होगा। देश में पंचायती राज की परिकल्पना के पीछे यही भावना है भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को साकार करने के लिए पंचायती राज मंत्रालय ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। प्रशिक्षण के दौरान नौ विषयों गरीबी मुक्त एवं आजीविका, उन्नत, स्वास्थ्य गांव, बाल हितेषी गांव, पर्याप्त जल वाला गांव, स्वच्छ हरा भरा गांव, सामा. जिक रूप से सुरक्षित गांव, पर्याप्त प्रकाश वाला गांव, महिला हितेषी गांव, आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक जानक. ारी दी गई।

# एसडीएम की मौजूदगी में जर्जर पुरानी बिल्डिंग पर चला बुलडोजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानसठ।** कस्बे मे इमामबाड़ा की जर्जर हालत खड़ी बिल्डिंग पर एसडीएम जानसठ व पुलिस फोर्स की मौजूदगी मे पीला पंजा चलाकर जर्जर हालत मे बिल्डिंग को ध्वस्त किया गया।

इनमा जेहरा पुत्री स्वव सुहैल अली खां(पूर्व मुत्वल्ली वक्फ असगर अली खां )निवासी मोहल्ला बेरियान रंग महल कस्बा जानसठ व हाल पता नोएडा एक्सटेंशन फ्यूजर होम सोसाइटी ने एसडीएम जानसठ को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया था, कि इमामबाड़ा जो की जर्जर हालत में है जिसकी एक दीवार गिर गई है तथा शेष जर्जर बिल्डिंग कभी भी गिर सकती है जिससे भविष्य में जनहानि हो सकती है।

इमामबाड़ा की जर्जर बिल्डिंग को क्षतिग्रस्त करने की मांग की थी।

जिसको आज एसडीएम जानसठ लेखपाल व पुलिस की मौजूदगी मे जे सी बी चला कर ध्वस्त किया गया व उक्त बिल्डिंग पर मालिकाना हक जमाने वालों से जेसीबी द्वारा जो बिल्डिंग ध्वस्त की गयी उसका खर्चा जेसीबी वालों को दिलाया गया। इस दौरान एसडीएम जानसठ लेखपाल व पुलिस फोर्स मौजूद रही।

# मिशन एकेडमी में पौधारोपण

**छपार।** मिशन इंटरनेशनल एकेडमी में ,एक पेड़ मां के नाम, अभियान का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन प्रबंधक सुषमा कौशिक, उपप्रबंधक उज्मा गौरव गगन चौहान ने किया।

सोमवार को एकेडमी में उक्त अभियान में छपार कोतवाली प्रभारी विकास यादव द्वारा पौधारोपण किया गया। प्रबंधक ने कहा कि उक्त अभियान के माध्यम से बच्चों में मां के प्रति सम्मान ओर पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। सभी उक्त अभियान में भाग लेकर अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ और हरित बनाने में योगदान दें। अमित गुप्ता शिक्षक व अन्य अब्बास उपनिरीक्षक मौजूद रहे।

# तहसील स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानसठ।** डी0,ए0,वी0,इंटर कॉलेज जानसठ में तहसील स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसमें जानसठ ब्लॉक व तहसील स्तर के अनेक छात्रों ने प्रतिभाग किया तो वही अंडर 14 में, विशेष देव वशिष्ठ पुत्र नवनीत शर्मा ,केशव पुत्र सत्यवीर सिंह ,ने प्रथम स्थान प्राप्त किया,और आयुष्मान कंचन पुत्र प्रदीप कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।

अंडर 17 में आर्यन पुत्र शिवकुमार ,अक्षत पुत्र पंकज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । अंडर-19 में मनीष कुमार पुत्र राजकुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।इस प्रतियोगिता मे डी,ए,वी, इंटर कालेज जानसठ के प्रधानाचार्य



संजय पंत मुख्य अतिथि रहे। प्रधानाचार्य पेंट कुमार ने बच्चों को प्रोत्साहित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान कोच निखिल कुमार , अध्यापक शिवकुमार , अंकुर राजवंशी , यशदीप शर्मा , देवदत्त आदि मौजूद रहे।

# एसडीएम से आईएएस ट्रस्ट अध्यक्ष ने की भेंट

**बुढ़ाना।** आईएएस एजुकेशनल हैल्थ एंड सोशल इशूज ट्रस्ट द्वारा आगामी दिनों में आयोजित किए जाने वाले जनकल्याणकारी कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर ट्रस्ट प्रतिनिधिमंडल ने आज उपजिलाधिकारी बुढ़ाना श्रीमती अपूर्वा यादव से शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान ट्रस्ट के पदा. धिकारियों ने आगामी मेडिकल कैंप, स्वास्थ्य जांच शिविर, महिला जागरूकता अभियान एवं शैक्षिक सहायता कार्यक्रमों की जानकारी साझा की और प्रशासनिक सहयोग का निवेदन किया।



एसडीएम ने ट्रस्ट के सामा. जिक कार्यों की सराहना करते हुए आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया। एसडीएम अपूर्वा यादव ने कहा कि समाज के वंचित वर्गों तक सेवाएं पहुंचाना एक पुण्य कार्य है और प्रशासन की ओर से ऐसे प्रयासों को सदैव प्रोत्साहन दिया जाएगा। उन्होंने स्वास्थ्य शिविर के सफल संचालन के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित करने का भी भरोसा दिलाया। ट्रस्ट के अध्यक्ष इंजिनियर मौहम्मद अरशद शाह ने बताया कि यह कार्यक्रम विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं ताकि अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें। यह मुलाकात न केवल प्रशासनिक समन्वय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रही बल्कि ट्रस्ट के उद्देश्यों और सेवाओं को विस्तार देने की दृष्टि से भी प्रेरणादायक सिद्ध हुई।

# संदिग्ध व्यक्ति की अफवाह से ग्रामीण क्षेत्रों में दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की लगातार आ रही खबरों के चलते ग्रामीणों व कस्बावासियों में भय का माहौल बना हुआ है।

लोग रात भर जागकर पहरा दे रहे हैं और अपने घरों व आसपास की सुरक्षा स्वयं कर रहे हैं। हालांकि पुलिस प्रशासन ने ऐसी खबरों को केवल अफवाह बताया है और कहा है कि क्षेत्र में चोरी या किसी असामाजिक गति. विधि की कोई पुष्टि नहीं हुई है।

ग्राम भूम्मा में सोमवार रात उस समय अफरा-तफरी मच गई जब ग्रामीणों ने एक संदिग्ध युवक को घूमते देखा। शोर सुनकर ग्रामीण एकत्र हो गए और उस व्यक्ति को पकड़ लिया। घटना की जानकारी तुरंत पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और संदिग्ध युवक को हिरासत में लेकर थाने ले गई।

थाना प्रभारी बबलू सिंह वर्मा ने बताया कि पकड़ा गया व्यक्ति अर्द्धविक्षिप्त है, जो किसी कारणवश रास्ता भटककर गाँव में आ गया था।

युवक से पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया गया। पुलिस ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें और अफवाहों पर ध्यान न दें। साथ ही, पुलिस ने कहा कि रात्रि में अनावश्यक रूप से बाहर न निकलें और अपने घरों में सुरक्षित रहें। पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए पूरी तरह सतर्क है।

## अलग-अलग स्थानों से दो प्रेमी युगल बरामद

**बुढ़ाना।** एक ही पुलिस चौकी क्षेत्र से फरार हुए दो प्रेमी युगलों को बुढ़ाना पुलिस ने सर्विलांस की मदद से अलग अलग स्थानों से बरामद कर लिया है। इस मामले में दोनों युवतियों के परिजन और पति के द्वारा बुढ़ाना कोतवाली में विगत दिवस अलग अलग मामले दर्ज कराये हुए थे। दोनों ही घटनाएं पुलिस का सिरदर्द बनी हुई थी। दोनों बरामद युवतियों के बयान मंगलवार को कोर्ट में होंगे। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव गढ़ी सखावतपुर की एक बालिग युवती का इंस्टाग्राम के जरिए हरिद्वार निवासी एक युवक से प्यार हो गया। मौका पाकर दोनों फरार हो गये। दोनों युवक युवती शादीशुदा हैं। दूसरी और गांव रसूपुर से भी एक ही समाज के बालिग युवक युवती प्रेम प्रसंग के चलते फरार हो गये थे। गढ़ी सखाव. तपुर पुलिस चौकी इंचार्ज ललित कसाना ने दोनों को एक स्थान से बरामद कर लिया। चर्चा है कि दोनों बरामद युवतियां अपने अपने प्रेमी संग रहने की जिद पर अड़ी हुई हें।

# वकीलों ने एसडीएम के माध्यम से पीएम को भिजवाया ज्ञापन

**बुढ़ाना।** बार एसोसिएशन बुढ़ाना से जुड़े सभी वकीलों ने सोमवार के दिन बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद कुमार त्यागी के नेतृत्व मे एसडीएम अपूर्वा यादव के माध्यम से देश के प्राइम मिनिस्टर नरेंद्र मोदी को एक ज्ञापन भिजवाया। ज्ञापन में कहा गया है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच की स्थापना के लिए अधिवक्ताओं की मांग और आन्दोलन लगभग 50 वर्षो से चलाया जा रहा है परन्तु भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में कोई ठोस कार्यवाही अभी तक नहीं की गई। अभी बीती 1 अगस्त को महाराष्ट्र सरकार द्वारा कोल्हापुर मे माननीय उच्च न्यायालय की चौथी खण्डपीठ स्थापना के लिए स्वीकृति प्रदान की है जिससे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी अधिवक्ताओं मे भारी रोष व निराशा है कि कोल्हापुर में मात्र 7 जिलों के लिये उच्च न्यायालय की खण्डपीठ बनाने की स्वीकृति प्रदान की गई है जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 22 जिलों के लिये उच्च न्यायालय की खण्ड पीठ की स्वीकृति क्यो नहीं दी जा सकती? सरकार के इस सौतेले व्यवहार की बार एसोसिएशन घोर निन्दा करती है तथा आशा करती है कि शीघ्र से शीघ्र पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी उच्च न्यायालय इलाहाबाद की खण्ड पीठ की स्थापना के लिए सरकार शीघ्र से शीघ्र स्वीकृति प्रदान करेगी। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से बार एसोसिएशन बुढ़ाना के महासचिव ओमपाल सिंह मलिक डुंगर, पूर्व अध्यक्ष विनय बालियान, प्रशांत शर्मा और मौहम्मद मियां आदि अधिवक्ता मौजूद थे।

# खतौली सीएचसी में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा बैठक

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और सुलभता को लेकर खतौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय नियंत्रक अधिकारी एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिव्या वर्मा ने की। बैठक का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति की समीक्षा करना, परिवार नियोजन कार्यक्रमों की गति को समझना, और क्षेत्र में आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की रणनीति तय करना रहा। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के ज़िला व स्थानीय अधिकारीगण एवं फ्रंटलाइन कार्यकर्ता शामिल हुए।

**स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर विशेष चर्चा**

बैठक की शुरुआत में डॉ. दिव्या वर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मौजूदा स्थिति का जायज़ा लेते हुए स्वास्थ्यकर्मियों से सीधे संवाद किया। उन्होंने ओपीडी सेवाओं की कार्यप्रणाली, दवाओं की उपलब्धता, कर्मचारियों की उपस्थिति, व परिसर की स्वच्छता की गहन समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि, ष्प्रत्येक आने वाले मरीज को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और सम्मानजनक चिकित्सा सेवा दी जाए।ष

**परिवार नियोजन बना रहा केंद्र बिंदु**

परिवार नियोजन कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए डॉ. वर्मा ने कहा, ष्यह स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ है। मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को नियंत्रित करने हेतु इसके प्रचार-प्रसार को और अधिक सशक्त करना होगा।ष उन्होंने विशेष रूप से पुरुष नसबंदी, अंतराल विधियों द्धजैसे कि कॉपर-टी और छाया गोलीञ्च, और स्थायी नसबंदी पर जोर दिया। निर्देशित किया गया कि इन योजनाओं के बारे में समुदाय स्तर पर गहन जागरूकता अभियान चलाए जाएं और हगली-गली तक स्वास्थ्य शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित की जाए।ह

**वेक्टर जनित रोगों पर भी चर्चा**

बैठक में जिला मलेरिया अधिक. ारी अलका सिंह द्वारा डेंगू व अन्य वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम की वर्तमान स्थिति पर रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। उन्होंने बताया कि बरसात के मौसम को देखते हुए रोगों की रोकथाम के लिए फॉगिंग, लार्वा नियंत्रण व निगरानी टीमों को सक्रिय किया गया है।

**उपस्थित अधिकारी व टीम**

बैठक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खतौली के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अवनीश कुमार सिंह, उप जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डॉ. गीतांज. लि वर्मा, परिवार नियोजन परामर्शदाता डॉ. दिव्यांक दत्त, बीपीएम जावेद, एआरओ विनीत कुमार सहित स्वास्थ्य पर्यवेक्षक, हेल्थ विजिटर, आशा संगि. नी तथा विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सा अधिकारी कृ डॉ. कपिल कुमार, डॉ. ध्रुव, डॉ. वेद भूषण, डॉ. शताक्षी व डॉ. सुप्रिया उपस्थित रहे।

**टीमों को सौंपी गई जिम्मेदारी**

बैठक के अंत में डॉ. वर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी स्वास्थ्य इकाइयां अपनी आगामी कार्य योजना समयबद्ध रूप से विभाग को उपलब्ध कराएं। साथ ही हर माह प्रगति रिपोर्ट साझा की जाए जिससे कार्यक्रमों की प्रभावशीलता की समीक्षा की जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### मूसलाधार बारिश से मीरापुर जलमग्न



**मीरापुर।** लगातार हो रही भारी बारिश ने मीरापुर कस्बे की व्यवस्था को पूरी तरह चरमरा दिया है। कस्बे में चारों ओर पानी ही पानी नजर आ रहा है, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। सोमवार को दिनभर बारिश के चलते कस्बे की गलियों और मुख्य मार्गों पर जाम की स्थिति बनी रही।

भारी जलभराव के कारण कई वाहन हाईवे पर बंद हो गए, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कस्बे के मोहल्ला कमलियान, तहबरपुरा, पड़ाव चौक, ईदगाह रोड, जाटों वाला मोहल्ला और पेट्रोल पंप के पास हाईवे पर दूर-दूर तक पानी भरा नजर आया। कई वाहनों के इंजन में पानी घुस गया, जिससे वे वहीं बंद हो गए। इन्हें स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला गया। बाहर से आने वाले वाहनों को जलभराव की जानकारी न होने से वे फंस गए और लंबा समय बर्बाद हुआ। स्थिति यह रही कि दोपहिया और तिपहिया वाहन हाईवे से न जाकर गलियों से गुजरने लगे, जिससे संकरी सड़कों पर दिनभर जाम लगा रहा। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जल निकासी की व्यवस्था वर्षों से लचर है और नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों से बार-बार शिकायत के बावजूद कोई समाधान नहीं हुआ। केवल आश्वासन दिए जाते हैं, लेकिन अमल नहीं होता। कस्बे के तालाब भी अतिक्रमण और गंदगी के कारण बेकार हो चुके हैं। उनका रकबा भी पहले की तुलना में काफी कम हो गया है, जिससे बारिश के पानी के लिए कोई निकासी व्यवस्था नहीं बची है। इसी कारण वर्षा के दिनों में हर साल कस्बा जलमग्न हो जाता है और लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

### सरनावली में पूर्व प्रमुख ने की कई घोषणाएं



**बुढ़ाना।** क्षेत्र के गांव सरनावली में आज सोमवार की सायं बुढ़ाना ब्लाक के पूर्व प्रमुख विनोद मलिक और राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता एक स्थान पर पहुंचे। जहां पर उनकी सभा होने से पूर्व उनको ग्रामीणों ने ढोल नगाड़ों की थाप पर कंधे पर बैठा लिया और फूल मालाएं गले में डालकर विनोद मलिक प्रमुख जिंदाबाद, राष्ट्रीय लोकदल जिंदाबाद, जयंत चौधरी जिंदाबाद और चौधरी चरण सिंह और चौधरी अजीत सिंह अमर रहे के नारे गर्मजोशी से लगाकर पूरा माहोल रालोद का बना दिया। यहां पर पूर्व प्रमुख विनोद मलिक ने अपने भव्य स्वागत को देख ग्रामीणों का आभार जताया और कहा कि में इस गांव में अपने कार्यकाल में और अब के कार्यकाल में काफी काम करा चुका हूं। फिर भी में तीन मुख्य घोषणाएं यहां के ग्रामीणों के प्यार को देखते हुए कर रहा हूं। जिनमे एक तो में यहां पर 10 लाइटें लगवाऊंगा। दूसरे पानी के दो आरओ ओर तीसरे दो सीसी रोड जल्द से जल्द ही बनवाऊंगा और आप लोगों को किसी भी तरह की दिक्कत नहीं आने दूंगा। तब इस घोषणा से ग्रामीणो ने जमकर तालियां बजाई ओर कहा कि प्रमुख साहब आप यहां से विधायक का चुनाव लड़ो। आप हमेशा क्षेत्र के लोगों के काम आते हो। इस दौरान यहां पर प्रधान नितिन मलिक, अमित मलिक, लविश जांगिड, प्रमोद कुमार, नरेन्द्र सिंह, नीरज राठी, डॉक्टर अनिल शर्मा, विकास मालिक व अजीत मलिक सहित आदि सैंकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

### आज भी हुई ग्रामीण की मौत, गंदा पानी पार कर सैंकड़ों ग्रामीण पहुंचे श्मशान घाट

**बुढ़ाना।** आज भी एक दलित ग्रामीण की मौत हुयी तो उसकी अर्थी ग्रामीणों द्वारा दूषित पानी में को ही निकालकर श्मशान घाट में ले जानी पड़ी। उधर नन्हें मुन्ने स्कूली बच्चे भी इस क्षतिग्रस्त मार्ग से पैदल ही गंदे पानी से निकले तो ग्रामीणों का पारा चढ़ गया और उन्होनें जल्दी ही बुढ़ाना तहसील का घेराव करने का ऐलान किया। बुढ़ाना कस्बे से मौहम्मदपुर राय सिंह मार्ग को निकलकर गांवष् खेड़ी गनी जाना पड़ता है तो खेडी गनी में जाने से पूर्व ही मौहम्मदपुर रायसिंह मार्ग पर मुख्य सडक का बहुत ही बुरा हाल है। यह मार्ग बहुत ही ज्यादा क्षतिग्रस्त है। गांव के मृतकों की अर्थी जनाजा चाहे वो हिंदू का हो या मुस्लिम वर्ग का सभी को श्मशान घाट या कब्रिस्तान में जाने के लिए इसी क्षतिग्रस्त मार्ग से गुजरना पड़ता है। इसके अलावा गांव मौहम्मदपुर राय सिंह या फिर बुढ़ाना जाने के लिए भी ग्रामीण इसी मार्ग से गुजरते हें और स्कूल में पढ़ने वाले मासूम बच्चे और कालेज जाने वाली छात्राओं को भी इसी मार्ग से पैदल जाना पड़ता है क्योंकि ये मार्ग पूरी तरह टूटा हुआ है और दो फुट के आसपास पानी है वो भी खेड़ी गनी के घरों से निकला हुआ गंदा पानी जिसके लिए ग्राम प्रधान द्वारा निकासी का कोई भी प्रबंध नहीं है। इस मार्ग पर 24 घंटे गंदा पानी भरा रहता है। सवारियों से भरी ई-रिक्शाएं पलट जाती हैं। इस उबड खाबड़ मार्ग के ना बनने से ग्रामीण इधर से उधर गुजरने पर भारी मुश्किलों में आ जाते हैं जबकि बार बार शिकायत के बाद भी कोई भी अधिकारी इसका सर्वे करने को तैयार नहीं। अगर अधिकारी मौके पर आकर जांच करें तो उनको ग्रामीणों की मुश्किलों का अंदाजा हो जाएगा। आज भी गांव में एक दलित व्यक्ति की मौत हुई तो उसकी अर्थी को गंदे पानी से ही निकालकर ले जानी पड़ी। गुस्साए ग्रामीणों ने अब अधिकारियों की कुम्भकरणी नींद को तोड़ने के लिए बुढ़ाना तहसील का घेराव शीघ्र ही करने का ऐलान कर दिया है। यहां विनोद, अनंगपाल, समरपाल, विनोद मलिक, प्रवेश मलिक, शहजाद अहमद और सन्नी मलिक धोवा प्रधान आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# झारखंड महादेव देवालय में संध्याकालीन महाआरती सम्पन्न

**खतौली।** श्रावण मास के पावन अवसर पर झारखंड महादेव देवालय शिवपुरी में संध्याकालीन महाआरती का भव्य आयोजन श्रद्धा व भक्ति के साथ जारी है। यह आयोजन गुरुपूर्णिमा 10 जुलाई से आरंभ हुआ था, जो आगामी 9 अगस्त 2025, श्रावण पूर्णिमा तक चलेगा।

प्रतिदिन संध्या के समय यजमान परिवार द्वारा दीप प्रज्वलित कर आरंभ होने वाली महाआरती से पूर्व भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक विधिपूर्वक संपन्न कराया जा रहा है। आरती के दौरान मंदिर परिसर ष्हर-हर महादेवष के जयघोष से गूंज उठता है और भक्त भावविभोर होकर बाबा झारखंडेश्वर का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। 03 अगस्त, रविवार को आयोजित संध्याकालीन महाआरती के मुख्य यजमान डॉक्टर अशोक कुमार शर्मा व उनकी धर्मपत्नी बीना शर्मा रहे। उन्होंने अपने पौत्र सहज शर्मा के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर परिवार सहित दीप



प्रज्ज्वलित कर आरती में सहभागिता की और बाबा से शुभाशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे और भोलेनाथ के चरणों में अपनी श्रद्धा समर्पित की। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य संजीव कुमार शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संरक्षक वेद प्रकाश अग्रवाल, अध्यक्ष सुधीर गोयल, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश सूरी, सचिव तरुण सूरी, कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल, मदन छाबड़ा, मनोज उपाध्याय, संदीप अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, संजय गोस्वामी, विजय माहेश्वरी, शुभम टेलर्स, रमेश कुमार, सुनील दत्त शर्मा, सुनील कुमार अलीपुर, अशोक कुमार शर्मा, संजय भार्गव, पंकज भटनागर (पूर्व सभासद), संजीव मिश्रा, अनिल वर्मा (ज्वैलर्स), दीपक शर्मा, रमेश चंद, प्राची अग्रवाल, उपासना अग्रवाल, मिथलेश माहेश्वरी, शशि भारद्वाज, कमलेश देवी, मालती शर्मा, कृष्णा वर्मा, शशि उपाध्याय, आरती, ऐशवती गोस्वामी और नीरज मिश्रा का विशेष सहयोग रहा। आरती यज्ञाचार्य कमलेश मिश्रा एवं अनुराग शास्त्री द्वारा विधिपूर्वक सम्पन्न कराई गई। आरती के पश्चात भक्तों में प्रसाद का वितरण किया गया।

**मंदिर की विशेषता**

झारखंड महादेव देवालय एक सिद्ध पीठ मराठा कालीन मंदिर है। यह मंदिर झाड़ियों के बीच स्थित था, जिसके कारण इसे 'झारखंड महादेव' के नाम से जाना गया। ऐसी मान्यता है कि यहां जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से मनोकामना लेकर आता है, भोलेनाथ उसकी कामना अवश्य पूर्ण करते हैं। श्रावण मास के इस पुण्य पर्व पर आयोजित संध्याकालीन महाआरती में भक्तों की आस्था और उत्साह देखते ही बनता है।

# समस्याओं के निवारण को भाकियू अराजनैतिक ने दिया धरना

**मोरना।** विकास को लेकर एक ओर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के बड़े दावे जारी हैं। वहीं बारिश के बीच भाकियू अराजनैतिक संगठन ने क्षेत्र की आम समस्याओं को लेकर सोमवार को ब्लॉक कार्यालय पर धरना दिया। व बीडीओ को ज्ञापन देकर शीघ्र समस्याओं के निवारण की मांग की है।

मोरना ब्लॉक् कार्यालय पर पहुंचे भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकर्ताओ ने ब्लॉक् अध्यक्ष अंकित जावला के नेतृत्व मे शासन प्रशासन के विरुद्ध धरना प्रदर्शन किया।अंकित जावला ने बी डीओ अक्सीर खान को ज्ञापन देकर बताया की सरकारी अधिकारियो कर्मचारियों द्वारा किसानो को उचित सम्मान नहीं दिया जा रहा है।समय पर किसानो को बीज व कीटनाशक नहीं मिल पा रहे हैं। जिससे किसानो की आमदनी नहीं बढ़ रही है। आधार कार्ड को अपडेट कराने के लिए घंटो तक लम्बी लाइन



मे लगना पड़ रहा है। गांव मे सफाई न होने से भारी गंदगी फैली हुई है।मच्छरो से बचाव को नियमित फोगिंग नहीं होती है। पात्र व्यक्तियों को पेंशन का लाभ नहीं मिलना व मकान नहीं बनना। आवारा पशुओं की व्यवस्था न होना आदि समस्याओं से अवगत कराया गया। तथा शीघ्र समस्याओं के निदान की माँग की गयी।इस दौरान राजीव सहरावत, अरविन्द चौधरी, यशपाल राठी, आकाश,रियाज़,आबिद,मनोज, इरशाद, शाह नज़र, मोनू, इंतज़ार आदि मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# दोस्त के पिस्टल की गोली से घायल हुआ था रोहित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** तीन दिन पूर्व रोहित देशवाल के पैर में लगी गोली प्रकरण का पुलिस ने महज 48 घण्टे में ही खुलासा करते हुए आरोपी युवक को अवैध पिस्टल व दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।पीड़ित द्वारा हत्या का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए दो लोगों को नामजद करने का प्रयास किया गया था। लेकिन पुलिस की निष्पक्ष जांच के चलते रोहित देशवाल के मंसूबों पर पानी फिर गया और दोस्त ही अवैध पिस्टल के साथ जेल चला गया।



गत शनिवार को रोहित पुत्र स्वर्गीय देवेन्द्र निवासी कुराड़ अपने जिगरी दोस्त नितिन उर्फ ब्लैकी पुत्र कुलदीप के साथ ट्रैक्टर पर सवार होकर यमुना बांध होते हुए गांव मामौर में स्थित अपने खेत पर जा रहा था। इसी दौरान जिगरी दोस्त नितिन के लोडिड पिस्टल से अचानक गोली चल गई थी,जो रोहित देशवाल के पैर में जा लगी थी।आनन-फानन में घायल रोहित को पानीपत के सरकारी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। घटना के संबन्ध में कैराना पुलिस को कोई जानकारी नही दी गई थी। सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर सीओ कैराना श्याम सिंह व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने मौके पर पहुंचकर घटना के बारे में जानकारी जुटाते हुए साक्ष्य एकत्रित किए थे।पीड़ित द्वारा नाटकीय अन्दाज में घटना को छुपाते हुए हत्या के प्रयास का आरोप लगाया गया था। कैराना पुलिस की

निष्पकतापूर्ण जांच ने दूध का दूध और पानी का पानी कर दिया और महज 48 घण्टे में ही घटना का खुलासा कर दिया। रोहित पर गोली चलाने का मामला पूरी तरह से फर्जी साबित पाया गया है। गोली उसकी साथ आए जिगरी दोस्त के लोडिड पिस्टल से अचानक चली थी,जो रोहित के पैर में जा लगी थी।

पुलिस ने पूरी कहानी का पटाक्षेप करते हुए आरोपी युवक नितिन उर्फ ब्लैकी पुत्र कुलदीप निवासी गांव कुराड़ को अवैध पिस्टल व दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।विदित रहे कि विगत 16 जून को रोहित के पिता देवेंद्र की तेजधार हथियारों से हमला व गोली मारकर हत्या कर दी गई थी,जिसमें उसका बेटा रोहित वादी है। हालांकि पुलिस ने तत्परता के साथ हत्यारोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था।

### गोली मारने का नाटक करके किसे फंसाने को था रोहित

तीन दिन पूर्व दोस्त के लोडिड पिस्टल से निकली गोली से घायल रोहित देशवाल ने घटना की वास्तविकता छुपाते हुए दो युवकों पर गोली मारकर हत्या करने के प्रयास जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए कैराना पुलिस की कार्यशैली पर कई सवाल खड़े किए थे,लेकिन कैराना पुलिस की सतर्कता व निष्पक्ष जांच के चलते तोहित अपने गलत मंसूबों में कामयाब नही हो पाया। आखिर रोहित जिन युवकों पर गोली चलाने का आरोप लगा रहा था। उन्हें फर्जी मुकदमे में क्यों फंसाना चाहता था।

### पुलिस को नहीं दी गई थी घटना की जानकारी

दोस्त की अवैध पिस्टल से निकली गोली ने रोहित को लहूलुहान कर दिया था। पैर में गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया था।नितनी बड़ी घटना होने के बाद भी कैराना पुलिस को सूचना न देना किसी बड़े षडडंत्र की और इशारा कर रहा था।

विगत 16 जून को पिता देवेंद्र की भी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या के इस मुकदमे में रोहित ही वादी है। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी और कैराना पुलिस पर सवालों की बौछार करते हुए रोहित की और से कई गंभीर आरोप भी लगा दिए गए थे।मगर कैराना पुलिस की निष्पक्षतापूर्ण जांच के आगे रोहित के सभी मंसूबे फैल हो गए।

# चोरों ने किसानों की ट्यूबवैलों पर बोला धावा, फूके केबिल

**कैराना।** रविवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने ग्राम तित्तरवाड़ा निवासी सात किसानों की ट्यूबवैलों पर धावा बोला। इस दौरान टड्यूबवेल पर बने कमरों में सेंध लगाकर कृषि यंत्र व विद्युत केबिल आदि चोरी कर लिए। इसके अलावा, ट्यूबवैलों पर रखे हजारों रूपए की कीमत के सामान चोरी करने के बाद व अन्य कृषि यंत्रों को आग के हवाले कर दिया। चोरी की घटनाओं से किसानों में भय व्याप्त है। मामले में पुलिस को तहरीर दी गई है। रविवार की देर रात्रि अज्ञात चोरों क्षेत्र के ग्राम तित्तरवाड़ा में सात किसानों की टड्यूबवेल पर चोरों ने दु:साहस का परिचय देते हुए टड्यूबवेल के कमरे में रखी कृषि यंत्रों व विद्युत केबिल चोरी कर लिए तथा कृषि यंत्र सहित अन्य सामान को आग के हवाले कर दिया। किसान जब अगली सुबह अपने खेत पर पहुंचे तो चोरी की घटना का पता लगा। पीड़ित किसानों ने मामले की सूचना डायल-112 व चौकी प्रभारी को दी। जिसके बाद चौकी प्रभारी पुलिस टीम के साथ में मौके पर पहुंचे तथा घटना की जानकारी जुटाई। पीड़ित किसानों ने पुलिस को तहरीर देकर चोरी की घटना का राजफाश करने की मांग की है।

## एक नजर

### शाकुंभरी देवी की नवमी आरती का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मां शाकुंभरी देवी सेवा समिति की मासिक माह की नवमी आरती का आयोजन नगर के गंगा मंदिर में किया गया आरती के मुख्य यजमान राखी उपाध्याय और विजय उपाध्याय सपरिवार रहे पंडित मांगेराम शर्मा के मार्गदर्शन में माता रानी की पूजा अर्चना की गई नवमी के शुभ पावन अवसर पर माता रानी की विशेष पूजा अर्चना की गई समिति द्वारा आरती के पश्चात प्रसाद व माता का श्रृंगार का सामान और फल सब्जी भक्तों को वितरित किया गया आरती में आसपास के सैकड़ो श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ उठाया तथा सभी श्रद्धालुओं ने मां शाकुंभरी देवी सेवा समिति का दिल से आभार व्यक्त किया अंत में समिति के सचिव डॉ अनिल कुमार बंसल द्वारा सभी भक्तों को आंखों की दवाई निशुल्क वितरित की गई और सभी भक्त जनों को धन्यवाद दिया आरती में हिमांशु प्रवीण बंसल कविता संगल पूजा लता पंडित सुनील शर्मा आनंद कुमार विकास चौधरी अर्चना गोयल शशि संगल विशाल शर्मा अंकित शर्मा निलेश वशिष्ठ शर्मा योगाचार्य कुमुद शर्मा लालतेश आदि शामिल रहे

# दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष, चार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव जसाला में मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे व धारदार हथियार चले खूनी संघर्ष में दोनों पक्षों के चार लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों के घायलों ने अपना-अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी है। थाना क्षेत्र के गांव जसाला निवासी ओमवीर एवं लोकेंद्र दोनों पड़ोसी हैं। दोनों पड़ोसियों में पूर्व में हुई गाली गलौज को लेकर रंजिश चली आ रही है। सोमवार को पुरानी रंजिश को लेकर दोनों पक्षों में गाली गलौज हो गई देखते ही देखते दोनों पक्षों के लोग एक दूसरे के विरुद्ध हाथों में लाठी डंडे व धारदार हथियार लेकर आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों में



जमकर लाठी डंडे व धारदार हथियार चले दोनों पक्षों के बीच हुई मारपीट में गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। दोनों पक्षों के बीच हुई मारपीट में एक पक्ष से लोकेंद्र व शिवम घायल हो गए, दूसरे पक्ष से अंकित व ओमवीर घायल हो गए। झगड़े की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों का उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। दोनों पक्षों के घायल पीड़ितों ने अपना-अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद एक दूसरे के विरुद्ध आरोप प्रत्यारोप लगाकर थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में चार लोग घायल हुए हैं डॉक्टरी परीक्षण करा दिया तहरीर आने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# बंदरों के झुंड ने बालक पर स्कूल जाते वक्त हमला कर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कांधला।** नगर एवं क्षेत्र में उत्पाती बंदरों ने आतंक मचा रखा है। आए दिन बंदर महिला पुरुष व बच्चों पर हमला कर उन्हें घायल कर रहे हैं। प्रशासन बंदर व कुत्तों को पकड़ने के लिए कोई भी कार्रवाई नहीं कर रहा इस कारण आए दिन नगर क्षेत्र के लोग शिकार हो रहे हैं। सोमवार को कस्बा एलम निवास राजकुमार का 10 वर्षीय पुत्र मोहन अपने घर से स्कूल जा रहा था। तभी परिजनों के अनुसार बालक पर उत्पाती बंदरों के एक झुंड ने हमला कर दिया। बालक की चीख-पुकार सुनकर परिजनों सहित मोहल्ले के लोग डन्डे लेकर दौड़े और बंदरों के झुंड को भगाया। परिजनों ने आनन-फानन में बालक को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सकों ने आवारा बंदरों एवं कुत्तों से दूर रहने की सलाह देते हुए बालक को एंटी रेबीज की वैक्सीन लगाई। दूसरी और आवारा कुत्तों के काटने से दर्जनों महिला पुरुष व बच्चों ने पहुंचकर भी एंटी रेबीज की वैक्सीन लगवाई है। गौर तलब है कि लगभग दो माह से सैंकड़ों लोगों पर आवारा कुत्ते व बंदरों ने हमला कर घायल किया है जिसमें व्यक्ति व बालक की मौत भी हो चुकी है।

### वार्ड 17 में चला सफाई अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** 4.8.2025 को नगर पालिका परिषद शामली के वार्ड 17 में सफाई खाद्य निरीक्षक अनिल कुमार चौधरी जी के दिशा निर्देश पर वार्ड 17 के सुपरवाइजर प्रवीण कुमार के द्वारा गुलशन नगर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया चक्कू वाली गली,बर्फ खाने वाली गली, जाहिद ठेकेदार वाली गली, व मेन रोड गुलशन नगर में आगमन स्वतंत्रता दिवस के आगमन पर एवं त्योहार के चलते हुए वार्ड 17 के सफाई मित्रों के द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया गया झाड़ू कूड़ा,नाली,एवं कली चुन्ने से गली के मोड बनाए गए,जिसमें सफाई मित्र गणरू प्रमोद कुमार,श्रवण कुमार,सहदेव सिंह, जानू,रितिक, मुकेश कुमार,राहुल कुमार,राधेश्याम ट्रैक्टर ड्राइवर धनराज,सीमा,मुकेश, पिंकी व आदि सभी कर्मचारियों ने मिलकर बड़ी लग्न के साथ कार्य किया।

### डायल 112 से टकराकर गोवंश की मौत, सिपाही मामूली रूप से घायल




**कांधला।** झगड़े की सूचना पर जा रही डायल 112 गाड़ी बेसहारा गोवंश से टकरा गई। बेसहारा गोवंश की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। गाड़ी में सवार दोनों सिपाही मामूली रूप से घायल हो गए। सूचना पर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मौके पर जेसीबी मशीन की मदद से गड्ढा खुदवाकर दफनाया। रविवार की देर शाम को कस्बे के पीएनबी बैंक के निकट से किसी ने डायल 112 गाड़ी यूपी 32 डीजी 30 11 को झगड़ा होने की सूचना दी थी। पीआरवी गाड़ी कैराना रोड पर मौजूद थी, जैसे ही पीआरवी को झगड़े की सूचना मिली तो गाड़ी चालक नागेंद्र व सिपाही अमित कुमार गाड़ी लेकर कस्बे की ओर चल पड़े। जैसे ही गाड़ी कैराना रोड पर स्थित सेंट द्रोण पब्लिक स्कूल के पास पहुंची तो विपरीत दिशा से आ रहे बेसहारा गोवंश से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बेसहारा गोवंश की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि गाड़ी में मौजूद दोनों सिपाही मामूली रूप से घायल हो गए। सूचना पर स्थानीय पुलिस में मौके पर पहुंच गई और जेसीबी मशीन की मदद से ग्ढा खुदवाकर मृत गोवंश को दफनवाया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि गोवंश से पीआरवी की गाड़ी टकरा गई थी। जिसमें गोवंश की मौत हो गई थी।दोनों सिपाही मामूली रूप से घायल हुए हैं।

# जैन धर्मशाला में मुनिराज ने दिए प्रवचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के जैन धर्मशाला में मुनि 108 विव्रत सागर ने सोमवार को जैन धर्मशाला में प्रवचन करते हुए कहा कि व्यक्ति स्वयं अपने सुख-दु:ख, लाभ-हानि और अनुकूलता-प्रतिकूलता का कारण है। कोई देवी-देवता या फरिश्ता नहीं। जिन शासन पूर्ण स्वतंत्रता प्रदान करता है, जहां हर चीज अपनी ही कृपा से प्राप्त होती है, किसी और की कृपा से नहीं।

उन्होने कहा कि स्वतंत्रता को गलत समझकर व्यक्ति अहंकारी हो जाता है। यह बात सही है कि व्यक्ति स्वयं के कर्मों का फल पाता है, लेकिन वह अक्सर दूसरों पर करुणा और दया दिखाता है, स्वयं पर नहीं। लोग दूसरों के लिए 24 घंटे काम करते हैं, पर स्वयं के ऊपर कृपा .ष्टि नहीं डालते। जैसे जलते हुए जंगल में बैठा व्यक्ति दूसरों के दुख पर ध्यान देता है, पर अपने आसन्न खतरे पर नहीं। दूसरों पर दया करना आसान है, जैसे भिखारी को रोटी देना, लेकिन मुनिराजों को आहार दान करना स्वयं पर कृपा है। मनुष्य जन्म का यह सौभाग्य दुर्लभ है, जिसके लिए देवता भी तरसते हैं। यह मानव शरीर एक किराए के शोरूम जैसा है, जिसका सदुपयोग करके आत्मा को मोक्ष मार्ग पर ले जा सकते हैं, या इसे बर्बाद कर सकते हैं। हमारी आंख हमेशा दूसरों को देखती है, स्वयं को देखने के लिए दर्पण द्धसच्चे देव, शास्त्र और गुरुद्ध की आवश्यकता होती है। प्रभु की प्रतिमाएं इस बात का प्रतीक हैं कि प्रभु बाहर की दुनिया से विमुख होकर स्वयं को देख रहे हैं, जबकि मनुष्य बाहर की दुनिया में ही उलझे रहते हैं। चित्र अनावरण दीप प्रज्जवलन पाल जैन, अरुण जैन द्वारा, पाद प्रक्षालन अरुण जैन, अरविंद जैन, संजय जैन द्वारा एवं शास्त्र भेंट मनोज जैन, सुशील जैन, मुकुल जैन, एवं सिद्धान्त जैन द्वारा किया गया।





**नोटिस प्रकाशन सूचना**

**न्यायालय अपर आयुक्त ( प्रशासन )**
**सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर**

अपील संख्या-1689/2024, कम्प्यूटरीकृत वाद सं.-सी20240900001689 धारा 207, उ.प्र. राजस्व संहिता 2006, ग्राम किवाना परगना कांधला तहसील व जिला शामली।

**देवेन्द्र सिंह बनाम राजकुमार आदि**

**नोटिस बनाम:-** 1- राजकुमार 2- राजेन्द्र सिंह पुत्रगण आशाराम निवासी ग्राम किवाना परगना कांधला तहसील व जिला शामली 3- ग्राम पंचायत ग्राम किवाना परगना कांधला तहसील व जिला शामली द्वारा प्रधान।

प्रस्तुत अपील देवेन्द्र सिंह पुत्र आशाराम निवासी ग्राम किवाना परगना कांधला तहसील व जिला शामली द्वारा न्यायालय उप-जिलाधिकारी (न्यायिक) जनपद शामली के वाद संख्या-3567/2022, कम्प्यूटरीकृत वाद संख्या- टी202209720503567 राजकुमार बनाम राजेन्द्र सिंह आदि अन्तर्गत धारा 116 उ.प्र. राजस्व संहिता 2006 में पारित आदेश दिनांक 30.05.2024 एवं डिक्री दिनांक 06.07.2024 के विरुद्ध इस न्यायालय में योजित हुई है, जिसमें आपको भी पक्षकार बनाया गया है तथा इस अपील में दिनांक 14.08.2025 नियत है।

अत: इस नोटिस सूचना के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 14.08.2025 को प्रात: 10:00 बजे अपने अधिवक्ता सहित अपील में पैरवी हेतु न्यायालय में उपस्थित हों। यदि सूचना के बाद आप उपस्थित नहीं होते हैं तो यह समझा जायेगा कि आपको इस सम्बन्ध में कुछ नहीं कहना है तथा न्यायालय द्वारा आदेश पारित किये जायेंगे।

**आज्ञा से**
**अपर आयुक्त ( प्रशासन ) तृतीय,**
**सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर**

### युवक पर हमला

**झिंझाना।** अर्पित संगल पुत्र अजय संगल निवासी मौहल्ला छिम्पयान ने थाने में दी तहरीर में बताया कि रविवार को दोपहर अपने मित्र गौरव के साथ अपनी जमीन जो रकबा जमालपुर में स्थित है पर घिराई कार्य करा रहे थे। इसी जमीन के सम्बन्ध में दिनांक 27 जुलाई को भूमाफिया पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई गई थी। उपजिलाधिकारी कैराना द्वारा गठित राजस्व टीम ने 30 जुलाई को जमीन की निशान देही राजस्व टीम की मौजूदगी में कराई गई थी, लेकिन रविवार को जब हम अपनी जमीन की घिराई करा रहे थे। उसी समय भू माफिया सरगना अमित निवासी शामली द्वारा 3 गाडियो में भरकर आए हमलवारों में रोहित, संजय कौशिक, अशोक धीमान, आशुतोष बंसल, जीशान व इनके साथ आए लगभग 15 अज्ञात व्यक्ति ने जिनके हाथों में तमंचे, बलकटी लोहे की रॉड गंडासी व लाठी डन्डो के साथ गाली गलौच करते हुए हमला कर दिया, जिसमे हमे गम्भीर चोटे आई। पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने छह लोगों को नामजद करते हुए 15 पर मुकदमा कर छानबीन शुरू की।

# सावन के आखिरी सोमवार को शिवालयों में उमड़ी भीड़



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सावन माह के आखिरी सोमवार पर जिले भर के शिवालयों में शिवभक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही शिवालयों में शिवभक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। खासकर महिलाओं में पूजा-अर्चना को लेकर काफी उत्साह देखा गया। शहर तथा आसपास देहात क्षेत्र के शिवालयों में दिनोंभर शिवभक्तों का तांता लगा रहा।

सावन के आखिरी सोमवार पर सुबह से शहर के सभी मंदिरों में शिवभक्तों की लाइन लगनी शुरू हो गई थी। महिला व पुरुष श्रद्धालुओं ने शिवालय पहुंचकर भगवान भोलेशंकर पर फल, फूल, नैवेद्य, भांग, धथुरा, बेलपत्र आदि चढ़ाकर पूजा-अर्चना किया। इसके साथ ही शिवलिंग पर जलाभिषेक कर अपने पूरे परिवार की मंगल कामना की। पूजन के दौरान शिवभक्त हर-हर महादेव के जयकारे लगा रहे थे। सोमवार को शहर के मंदिर हनुमान टीला स्थित मनकामेश्वर मंदिर, कैराना रोड स्थित गुलजारी वाला मंदिर, भाकूवाला मंदिर, सदाशिव मंदिर रेलपार, गढमुक्तेश्वर महादेव शिव मंदिर, शिवमूर्ति सुभाष चौंक, बलभद्र शिव मंदिर बुढ़ाना रोड़, सत्यनारायण शिव मंदिर रेलवे रोड़, कुटी मंदिर गांधी चौक, शिव मंदिर झिंझाना रोड़ सहित सभी शिवालयों में भक्तों की भीड लगी रही।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम SHAJID पुत्र ANAVAR से बदलकर SAJID पुत्र ANVAR रख लिया है। भविष्य में मुझे SAJID पुत्र ANVAR के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**साजिद पुत्र श्री अनवर**
निवासी: मौहल्ला जोगियान,
कस्बा- थानाभवन,
जिला-शामली, उ0प्र0।

# मुख्यमंत्री के सहारनपुर दौरे से पहले किसान मजदूर संगठन के पदाधिकारी नजरबंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सहारनपुर दौरे से ठीक पहले किसान मजदूर संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को पुलिस प्रशासन द्वारा नजरबंद कर दिया गया। यह कार्रवाई थाना भवन क्षेत्र के ग्राम चंदेनामाल में किसान मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष ठाकुर लखन सिंह के आवास पर की गई।

नजरबंदी के विरोध में संगठन के पदाधिकारियों ने मौके पर उपजिलाधिकारी को बुलाकर मुख्यमंत्री को संबोधित 7 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। इस दौरान थाना प्रभारी बिजेंद्र सिंह रावत भी मौके पर मौजूद रहे।ज्ञापन में प्रमुख मांगें इस प्रकार रहीं। गन्ना भुगतान में तेजी लाई जाए . किसानों ने आरोप लगाया कि गन्ने का भुगतान समय पर नहीं हो रहा, जिससे उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है।,खाद और बीज की समस्या का समाधान . यूरिया और डीएपी खाद समय पर न मिलने की शिकायत की गई, साथ ही उत्तम उत्पादक बीज उपलब्ध कराने की मांग की गई,फसल बर्बादी पर रोक . किसानों की फसलें आबारा गेवंश व नीलगाय जैसे जानवरों द्वारा बर्बाद की जा रही हैं, जिससे उन्हें भारी नुकसान हो रहा है।

स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक . ग्रामीण क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर लगाए जाने का विरोध करते हुए किसानों ने गलत बिजली बिलों का समाधान करने की मांग की। गन्ने का समर्थन मूल्य बढ़ाया जाए . किसानों ने इस वर्ष गन्ने का मूल्य कम से कम छ500 प्रति क्विंटल करने की मांग रखी।,कॉरिडोर से जुड़ी समस्याएं . दिल्ली.देहरादून व अंबाला कॉरिडोर परियोजनाओं के चलते रास्तों में पानी व मिट्टी भरने से किसानों को आवाजाही में दिक्कत हो रही है।,ड्रोन वाले चोरों की अफवाहों पर रोक . क्षेत्र में उड़ रही ड्रोन चोरों की अफवाहों को लेकर प्रशासन से स्पष्टता व नियंत्रण की मांग की गई। किसान मजदूर संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने इन मांगों को गंभीरता से नहीं लिया तो आगे व्यापक आंदोलन किया जाएगा।इस मौके पर जिलाध्यक्ष ठाकुर लाखन सिंह, युवा जिलाध्यक्ष शहजाद पुंडीर,सुरेश पुंडीर,शकील सिद्दीकी, नरेश तोमर, सोनू, कपिल राणा, दीपांशु,राव वसीम,जमील प्रधान,सचिन चौहान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### मारपीट के आरोप में तीन नामजद साहित चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कैराना।** मोहल्ला खैलकलां निवासी वाजिद पुत्र इरशाद ने कोतवाली पर तहरीर देकर तीन नामजद सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। बताया है कि गत एक अगस्त की देर शाम वह अपने मकान के बाहर खड़ा हुआ था। आरोप है कि इसी दौरान अनस पुत्र शमीम निवासी मोहल्ला दरबार खुर्द,आकिब उर्फ भूरा पुत्र इसरार,सद्दाम पुत्र सद्दी निवासीगण मोहल्ला खैलकलां के साथ एक अज्ञात व्यक्ति अपने हाथों में लाठी-डंडे व तेजधार लेकर आए और आते ही गाली-गलौज करने लगे।विरोध करने पर दबंगों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। चीख पुकार की आवाज सुनकर पीड़ित की पत्नी मौके पर आई तो उसके साथ भी मारपीट की गई।

# साइंस वाया स्टेंडर्ड कार्यशाला में लिया छात्र-छात्राओं ने हिस्सा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सेंट आरसी कांवेंट स्कूल में विद्यार्थियों को विभिन्न मानकों के महत्व और दैनिक जीवन में उसकी भूमिका एवं गुणवत्ता की जांच प्रक्रिया के बारे में जागरूक करने के लिए देहरादून की भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा लर्निंग साइंस वाया स्टैंडर्ड कार्यशाला का आयोजन किया। सोमवार को आयोजित कार्यशाला में भारतीय मानक ब्यूरो के रिसोर्स पर्सन सचिन प्रताप ने बताया कि भारतीय मानक ब्यूरो का मुख्य कार्य दैनिक जीवन में उपयोग की जाने वाली वस्तुओं, सेवाओं और प्रणालियों के मानकों को यह सुनिश्चित करना है कि हमारे द्वारा प्रयोग की जाने वाली वस्तुएं एवं सेवाएं गुणवत्तापूर्ण है या नहीं। उन्होंने कहा कि हमें हमेशा भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा प्रमाणित वस्तुओं का ही प्रयोग करना चाहिए। क्योंकि बीआईएस क्वालिटी के आधार पर सामान को हॉलमार्क देने का कार्य करती है। उन्होंने विद्यार्थियों को आईएसआई इलेक्ट्रॉनिक चिन्हों और सोने की गुणवत्ता को बताने, विभिन्न बीआईएस मानकों की जानकारी प्रदान की। इसके अतिरिक्त उन्होंने विद्यार्थियों को बीआईएस केयर ऐप के बारे में बताया कि किस प्रकार हम बीआईएस केयर एप्लीकेशन द्वारा विभिन्न उत्पादों की गुणवत्ता की जांच असली व नकली वस्तु की पहचान कर सकते हैं। कार्यशाला में दी गई जानकारी से संबंधित प्रश्न पूछे गए। क्विज प्रतियोगिता में खुशी, अनुष्का ने प्रथम स्थान प्राप्त कर एक हजार, अनन्या व तै"यबा जैदी ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर 750 रूपये, प्राणिका वत्स व अंशु गोयल ने तृतीय स्थान प्राप्त कर 500 रूपये का नगद पुरस्कार जीता। इसके अतिरिक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अन्य सभी विद्यार्थियों का सांत्वना पुरस्कार के रूप में एक-एक पेन व नोटपैड प्रदान किया गया। कार्यशाला का संचालन स्कूल के अध्यापक मौ। फैजान, वैभव गर्ग, गौरव अग्रवाल, हरिओम वत्स, अरविन्द शर्मा, अरविन्द चौधरी, आरिफ हुसैन, दीप्ति पांडेय, महक नामदेव, ऋतिक शर्मा मौजूद रहे।



# रोडवेज, ट्रैक्टर ट्राली व कैंटर भिड़ंत में दो की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** रोडवेज बसऔर ट्रैक्टर-ट्रॉली और कैंटर की टक्कर हादसे में दो लोगों की मौत चार लोग घायल पुलिस ने वाहनों को कब्जे में लिया।






रविवार देर रात करीब दस बजे कस्बे के पूराने बस स्टैंड गंगोह रोड पर नकुड की ओर से गंगोह जा रही उत्तर प्रदेश परिवहन की बस, गंगोह की ओर से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली आ रही थी बस चालक ने कैंटर को ओवरटेक करने का प्रयास किया तो रोडवेज बस और ट्रैक्टर ट्राली की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई और रोडवेज बस के पिछे चल रहा कीटी बर्ड से भेर कैंटर भी रोडवेज में जा घुसा हादसा इतना भयावह था कि घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। रोडवेज बस परखच्चे उड़ गए,आस-पास के दुकानदारों ने पुलिस को सूचना दी।नकुड थाना प्रभारी अविनाश गौतम, चौकी प्रभारी विकास चारण पुलिस फोर्स के घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से बचाव कार्य शुरू किया घायलों में उठाकर एंबुलेंस और 112 पीआरवी गाड़ी में डालकर इलाज के लिए पीजीआई पिलखनी भेजा गया। गमनीत रही की घटना के समय रोडवेज बस में मात्र चार सवारियां थी। ड्राइवर सोनू बस को गंगोह डिपो छोड़ने जा रहा था। वरना एक बड़ा हादसा भी हो सकता था।थ ाना प्रभारी निरीक्षक अविनाश गौतम ने बताया कि गंगोह डिपो की रोडवेज बस ट्रैक्टर ट्राली, किटी बडे कैंटर में भिड़ंत हुई है।

हादसे में रोडवेज बस चालक सोनू पुत्र सोमप्रकाश निवासी रणदेवा और मेहरबान पुत्र इस्लाम गंगोह निवासी की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई है। घायल गय्युर पुत्र यामीन निवासी जाफरपुर रनियाली थाना नकुड, नौशाद पुत्र अहसान निवासी कुरैशीयान थाना गंगोह, अब्दुल हफीज पुत्र हबीब अहमद गंगोह ,कैंटर चालक हरदीप पुत्र परविन्द्र पंजेटा थाना कुमकाला जिला लुधियाना घायल हैं। जिनका इलाज पीजीआई पिलखनी में चल रहा है। दोनों शवों का पंचनाम भरकर शवों को पीएम के लिए भेजा गया है। तीनों वाहनों को कब्जे में लेकर कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

सोमवार की सुबह मृतक सोनू ड्राइवर के परिजन रामकुमार शर्मा, अशोक कुमार, रविन्द्र कुमार, नित्रपाल अबेहटा पुलिस चौकी पहुंचे और ट्रैक्टर ट्राली से लोहे का बुरादा गायब करने का आरोप पुलिस पर लगाया और घटना की जांच करने की मांग की।

# एनसीसी सीनियर डिवीजन की भर्ती सम्पन्न



**गंगोह।** हिन्दू राष्ट्रीय इण्टर कालेज में एन.सी.सी.86 यूपी वाहिनी एनसीसी की सीनियर डिविजन की भर्ती संपन्न हुई। भर्ती में 77 बालक व 39 बालिकाओं ने प्रतिभाग किया।

भर्ती में शामिल सभी छात्र व छात्राओं का प्रधानाचार्य विजय कुमार ने उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि एनसीसी कैडेट्स सामाजिक गति. विधियों में हिस्सा लेकर नागरिक सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, वृक्षारोपण, रक्तदान आदि में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। भर्ती में 77 बालक व 39 बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। विद्यालय के एन. सी.सी प्रभारी कैप्टन अखिलेश श्रीवास्तव ने बताया कि इस भर्ती में 80 कैडेट को भर्ती किया जाना है। चयन प्रक्रिया में लंबाई, दौड़, पुशअप व लिखित परीक्षा के द्वारा कैडेट का चयन किया गया। चयन समिति में सूबेदार नीरज सिंह, सूबेदार संजय भट्ट, हवलदार हरप्रीत सिंह, हवलदार नायब सिंह, गर्ल कैडेट इंस्ट्रक्टर आयुषी राणा रहे। चयन में सीनियर कैडेट रहमान, हार्दिक, लक्ष्य, खुशी, साक्षीघ सहित अध्यापक संजय सैनी, धर्मवीर सिंह, डा. नाथी राम, ऋषीश कुमार, संदीप सैनी आदि मौजूद रहे।

# विजयी प्रतिभागियों को किया सम्मानित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** के.एल.जी.एम. इंटर कॉलेज में संचारी रोग जागरूकता माह के समापन अवसर पर छात्र छात्राओं में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता फैलाने हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विजयी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

निबंध प्रतियोगिता में दो छात्राएं संयुक्त रूप से प्रथम स्थान पर रही। जबकि दो अन्य छात्राओं ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार पोस्टर प्रतियोगिता में दो प्रतिभागियों को प्रथम और दो को द्वितीय स्थान प्रदान किया गया। समारोह में संच. ारी रोग जागरूकता अभियान से जुड़े नोडल प्रभारी और सह प्रभारी को भी उनके योगदान के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कॉलेज के प्रधानाचार्य ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि संचारी रोगों से बचाव का सबसे सशक्त माध्यम स्वच्छता है। यदि हम अपने परिवेश को स्वच्छ रखें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें तो अनेक बीमा. रियों से खुद को और समाज को बचा सकते हैं।

## मृत अवस्था में मिला सब इंस्पेक्टर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** गंगोह थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर की थाने में बने क्वाटर की छत पर मृत हालत में पाए गए। जानकारी के अनुसार दरोगा सुंदर सिंह योगा करने के लिए छत पर गए थे।

सुंदर सिंह पुत्र लल्लू सिंह मेरठ के थाना मीवा गांव के रहने वाले थे। 1994 बैच के सुंदर सिंह दिसंबर 2023 से गंगोह मे तैनात थे। सोमवार को सहारनपुर में मुख्यमंत्री का कार्यक्रम था तथा सीओ, कोतवाली प्रभारी समेत कई स्टाफ की ड्यूटी वहां लगी हुई थी। सोमवार सुबह से ही सुंदर सिंह कहीं दिखाई नही दिए तो शाम के समय उनकी तलाश शुरू हुई। जिन क्वाटर मे वह रहते थे उसके तीसरी मंजिल पर वह मृत अवस्था मे एक चटाई पर पड़े मिले। उनका मोबाइल भी पास मे ही रखा मिला है।

# सोशल मीडिया का सदुपयोग करें: कुलश्रेष्ठ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी उमाही में सूचना प्रसारण में सोशल मीडिया की भूमिका पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ संस्था के चेयरमैन डॉ एस सी कुलश्रेष्ठ, निदेशक डॉ अंजू वालिया, डॉ आशुतोष गुप्ता, डॉ कमल कृष्ण व डॉ नेहा त्यागी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

मुख्य वक्ता डॉ एस सी कुलश्रेष्ठ ने अपने संबोधन में सोशल मीडिया के उपयोग के बारे में बताया। उन्होंने सोशल मीडिया के अच्छे एवं बुरे दोनों पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया एक ऐसी बारिश है जिसकी बौछार से कोई नहीं बचा है। आजकल बुजुर्गों को भी सोशल मीडिया ने टेक्नोलॉजी से जोड़ दिया है। कुछ समय पहले हमें समाचार समय पर नहीं मिल पाते थे लेकिन आजकल सभी समाचार सोशल मीडिया के माध्यम से हमें तुरंत मिल जाते हैं। उन्होंने छात्रों को सोशल मीडिया को अपने करियर हेतु सदुपयोग करने व सोशल मीडिया के अत्यधिक प्रयोग से बचने हेतु प्रेरित किया। संस्था के विभिन्न कोर्स के छात्रों को सोशल मीडिया पर अच्छा कार्य करने हेतु संस्था का स्मृति चिन्ह एवं उपहार भेंट कर पुरस्कृत किया। उपहार पाने वाले छात्रों में निशा, मयंक, आंचल, अंजलि, तहजीब, प्रीतपाल, स्नेहा, वर्तिका, अक्षत, शिवांगी, विशाल, अभिषेक, अंकुर, व उर्वशी रहे। निदेशक डॉ अंजू वालिया ने इस सेमिनार हेतु संस्था के चेयरमैन डॉ एस सी कुलश्रेष्ठ का धन्यवाद व आभार प्रकट किया। समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



# सड़क दुघर्टना में युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**चिलकाना।** बरथा कायस्थ पठेड निवासी पिकअप चालक युवक की लखनऊ जाते समय रास्ते में सड़क दुर्घटना के कारण मौत हो गई। गमगीन महौल में युवक के शव को सुपुर्दे खाक कर दिया गया है।

रविवार को क्षेत्र के गांव बरथाकायस्थ पठेड निवासी पिकअप चालक मुशाहिद पुत्र महबूब सहारनपुर मंडी से आम भरकर लखनऊ मंडी में जा रहा था जैसे ही वह प्रात: तीन बजे पिकअप लेकर तिलहर के सरयू पुलिया के पास पहुंचा, तो सामने से आ रही एक निजी बस से उसकी टक्कर हो गई। हादसे में पिकअप चालक 24 वर्षीय मुशाहिद की मौके पर ही मौत हो गई तथा बस में सवार दो लोग भी घायल हो गए। स्थानीय पुलिस ने मुशाहिद के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम पर भेज दिया तथा परिजनों को सूचना दे दी। घर में सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया तथा पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजन युवक के शव को लेने शाहजहांपुर पहुंच गए जहां पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौप दिया। सोमवार सुबह जब मुशाहिद का शव गांव में पहुंचा घर में चीख पुकार शुरू हो गई तथा भारी संख्या में लोगों ने गांव के कब्रिस्तान में शव को सुपुर्दे खाक कर दिया। मुशाहिद अपने चार भाइयों में सबसे बड़ा था तथा एक छोटी बहन है जिसका रो-रोकर बुरा हाल हो रहा है।

# जनसेवा से बदली गांव की तस्वीर: इमरान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** पुंवारका ब्लॉक के गंदेवडा गांव में भावी ग्राम प्रधान प्रत्याशी मोहम्मद इमरान ने अपनी मेहनत और जनसेवा की भावना से गांव की तस्वीर बदल दी है।



गांव में बिजली की समस्या को देखते हुए मोहम्मद इमरान ने अपने स्तर पर खंभों पर 30 स्ट्रीट लाइटें लगवाकर रात के अंधेरे को रोशनी से भर दिया। इसके अलावा, गांव में पहले लगा 100 केवीए का ट्रांसफार्मर बिजली की बढ़ती मांग को पूरा नहीं कर पा रहा था, जिससे ग्रामीणों को कम वोल्टेज और बिजली कटौती की समस्या का सामना करना पड़ता था। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए मोहम्मद इमरान ने अथक प्रयास किए और गांव में 250 केवीए का नया ट्रांसफार्मर स्थापित करवाया। इस पहल से बिजली आपूर्ति में सुधार हुआ और ग्रामीणों की परेशानियां कम हुईं। मोहम्मद इमरान ने कहा, मेरा उद्देश्य गंदेवडा को एक आदर्श गांव बनाना है, जहां बुनियादी सुविधाओं की कोई कमी न हो। बिजली और रोशनी हर गांव की प्राथमिक जरूरत है। मैंने ग्रामीणों की समस्याओं को देखा और इसे हल करने की कोशिश की। यह केवल शुरुआत है, अगर मुझे ग्राम प्रधान बनने का मौका मिला तो मैं गांव के विकास के लिए और बड़े कदम उठाऊंगा। उनके इस कार्य की गांव में चारों तरफ सराहना हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि मोहम्मद इमरान ने बिना किसी पद के इतना बड़ा काम करके जनसेवा का उदाहरण पेश किया है। गांव की बुजुर्ग महिला रुखसाना ने कहा, ष्पहले रात में अंधेरा रहता था, अब लाइटों से गांव जगमग हो गया।ष युवा राहुल ने बताया कि नया ट्रांसफार्मर लगने से बिजली की समस्या खत्म हो गई है। इस पहल ने न केवल उनकी लोकप्रियता बढ़ाई है, बल्कि ग्रामीणों में उनके प्रति विश्वास भी जगा है।

# दलालों पर लगाया प्रतिबंध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** अंबेहटा पुलिस चौकी प्रभारी विकास चारण ने एक अभिनव पहल शुरू की है, जिसके तहत पुलिस चौकी में दलालों के प्रवेश पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस कदम का उद्देश्य पुलिस कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाना और आम नागरिकों को बिना किसी बिचौलिए के सीधे पुलिस सेवाओं का लाभ प्रदान करना है।

चौकी प्रभारी विकास चारण ने बताया कि दलालों की मौजूदगी के कारण कई बार शिकायतकर्ताओं को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता था और पुलिस की छवि भी प्रभावित होती थी। इस नई नीति के तहत, केवल शिकायतकर्ता या संबंधित पक्ष ही चौकी में प्रवेश कर सकेंगे। इसके लिए चौकी के प्रवेश द्वार पर सख्त निगरानी रखी जाएगी और दलालों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत किया है। एक स्थानीय निवासी, अमित गुप्ता कुमार, ने कहा, ष्यह कदम सराहनीय है। अब पीड़ित को अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए किसी बिचौलिए की जरूरत नहीं पड़ेगी।।

**कार्यालय पथ प्रकाश अनुभाग, नगर निगम, सहारनपुर।**

पत्रांक- 169/प०प्र०अनु० / न०नि० सहा०/2025-26 दिनांक 04.08.2025

**-: ई-निविदा सूचना द्वारा :-**

नगर आयुक्त महोदय की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 05.09.2025 से 24.09.2025 (कुल 20 दिन) तक सुप्रसिद्ध मेला गुघाल वर्ष 2025 मे मेला स्थल पर विद्युत सजावट, प्रकाश व्यवस्था व अस्थाई दुकानदारों को विद्युत कनैक्शन देकर विद्युत संयोजन शुल्क प्राप्त किये जाने के कार्य हेतु दिनांक 18.08.2025 को अपरान्ह बजे 2:00 बजे तक वेबससाइट www.etender.up.nic.in पर डबल बिड सिस्टम से (टैक्निकल / फाईनेन्शल) ऑन लाईन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है, टैण्डर मूल्य, एवं धरोहर राशि वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर ही ऑन लाईन के माध्यम से जमा की जाएगी। पेन नम्बर, जी०एस०टी०, तथा निविदा प्रपत्र में उल्लखित सभी शर्तों में मांगे गये अन्य समस्त प्रपत्र निविदादाता को ऑनलाईन टैक्निकल बिड में अपलोड करना अनिवार्य होगा। प्रपत्र अपलोड न करने व स्पष्ट अपलोड न होने की स्थित में निविदा निरस्त कर दी जाएगी, जिस हेतु क्लेम मान्य नहीं होगा। ऑन लाईन टैक्निकल निविदा दिनांक 18.08.2025 को समिति एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष www.etender.up.nic.in द्वारा खोली जायेगी। विस्तृत शर्ते, विवरण, एवं निविदा प्रपत्र वेबसाईट www.etender.up.nic.in उपलब्ध है। यदि निविदा के संबंध में कोई भी Corrigendum निर्गत किया जाना होगा तो इसकी सूचना ई-टैण्डर की वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर ही अपलोड की जाएगी। इसके लिए अलग से कोई सूचना सूचना समाचार पत्र में नही निकाली जाएगी।

| | |
|---|---|
| E-Bid REFERENCE | LV-03/2025-26/e-tn |
| PUBLISH DATE AND TIME FOR RFP | 05-08-2025 |
| LAST DATE AND TIME FOR SUBMISSION OF E-Bids | 18-08-2025 at 2:00 PM |
| DATE AND TIME OF OPENING OF ONLINE TECHNICAL E-Bids | 18-08-2025 at 3:00 PM |
| PLACE OF OPENING OF E-Bids | Nagar Nigam Office (Sre) |
| E-Bid SECURITY | 90000.00 (online) |
| E-Tender Document Processing | 500+GST@18%= 590/-Online (अप्रतिदेय) |

पथ प्रकाश प्रभारी
नगर निगम सहारनपुर

## तनिष्क हेड बॉय व क्रिस्टी बनी हेड गर्ल

**गंगोह।** गीता ज्ञान संस्कार एकेडमी में छात्र सदन चुनाव का परिणाम सोमवार को घोषित किया गया। चुनाव परिणाम में हेड बॉय पद पर तनिष्क सैनी व हेड गर्ल पद पर क्रिस्टी ने विजय प्राप्त की।

चुनाव अधिकारी दीपक सैनी ने परिणाम घोषणा करते हुए कहा कि हेड बॉय पद पर तनिष्क सैनी, हेड गर्ल क्रिस्टी, वाइस हेड गर्ल पद पर इतिश्री ऐरन, वाइस हेड बॉय प्रांजल, कल्चरल कैप्टन के बॉयज वर्ग में वेदांत वर्मा व गर्ल्स वर्ग में नताशा बोकाडिया, कल्चरल वाइस कैप्टन अर्चिशा, स्पोर्ट्स कैप्टन अभिषेक सैनी, स्पोर्ट्स वाइस कैप्टन रिया चौधरी विजय रहे। विद्यालय में इस तरह के चुनाव कराकर अध्यापकों ने विद्यार्थियों को लोकतंत्र की महत्ता व प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया। प्रधानाचार्य संजय गुप्ता ने प्रत्याशियों को विजय होने पर बधाई दी।

# हाईटेंशन विद्युत लाईन की चपेट में आई12 भेड़ें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** भेड़ें चरा कर लौट रहे एक भेड़ पालक की 12 भेड़ें हाईटेंशन लाईन के टूटे पड़े तार की चपेट में आ गई जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।ये देख भेड़ पालक बदहवास हो गया।सूचना पर चकवाली ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नकुल चौधरी व भाकियू के ब्लॉक अध्यक्ष राजू चौधरी मौके पर पहुँचे और भेड़ पालक को सांत्वना देते हुए प्रशासन से मदद कराने का आश्वासन दिया।



क्षेत्र के गाँव चकवाली निवासी सागर पाल पुत्र बालेश रविवार की शाम को अपनी भेड़ें चरा कर घर वापस लौट रहा था।गाँव मुंडीखेड़ी के निकट हाईटेंशन लाइन का तार टूटा हुआ पड़ा था।जिसकी चपेट में आने से सागर पाल की 12 भेड़ों की मौत हो गई।एक साथ 12 भेड़ों की मौत देख भेड़ पालक सागर बदहवास हो गया।सूचना मिलने पर चकवाली के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि व वरिष्ठ समाजसेवी नकुल चौधरी व भाकियू तहसील अध्यक्ष राजू चौधरी,विश्वास चौहान, सतेंद्र कुमार,उदय सिंह, जोगेंद्र आदि मौके पर पहुँचे और भेड़ पालक सागर पाल को सांत्वना दी।नकुल चौधरी व राजू चौधरी ने सागर पाल को आश्वासन देते हुए कहा कि वह प्रशासन से उसे मुआवजा दिलाने का प्रयास करेंगे। भेड़ पालक सागर पाल ने बताया कि भेड़ पालन करके ही वह अपने परिवार का पालन पोषण किया करता है। एक साथ 12 भेड़ों की मौत से उसे लगभग दो लाख रुपये का नुकसान हुआ था और मानसिक आघात लगा है। भेड़ों की मौत से भेड़ पालक सागर पाल के परिवार में दुख का माहौल है।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र मौहम्मद इस्माईल व पुत्रवधू महविश को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**मुनीर अहमद पुत्र सद्दीक निवासी मौहल्ला टांकान, कस्बा गंगोह, जिला सहारनपुर।**

# श्रावण माह के आखिरी सोमवार को श्रद्धालुओं ने शिवालयों में किया जलाभिषेक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** श्रावण मास के अंतिम सोमवार को सहारनपुर के प्रमुख शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। शिवभक्तों ने पूरे भक्ति भाव से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर विशेष पूजा-अर्चना की और अपने जीवन में सुख, शांति व समृद्धि की कामना की।

प्रात:काल से ही श्री भूतेश्वर महादेव मंदिर, श्री बागेश्वर महादेव मंदिर (चकराता रोड), श्री पातालेश्वर मंदिर (रानी बाजार), श्री शिव मंदिर (नवीन नगर), श्री हरि मंदिर (आवास विकास), श्री नारायण पुरी मंदिर (गिल कॉलोनी), श्री राधा कृष्ण मंदिर (हकीकत नगर), श्री गौरी मंदिर (रेलवे कॉलोनी), श्री गोपाल मंदिर (क्लासी लाइन) सहित नगर के सभी प्रमुख शिवालयों में भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने व सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पुलिस प्रशासन ने मंदिर परिसरों और आस-पास के क्षेत्रों में पुख्ता प्रबंध किए। नगर निगम द्वारा सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए मंदिरों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। कई स्थानों पर रंगोली, सजावट और भक्ति संगीत की व्यवस्था से माहौल भक्तिमय बना रहा।श्री भूतेश्वर महादेव मंदिर में मंदिर समिति द्वारा बेलपत्र, धतूरा, भांग, फल-फूल एवं पंचामृत की समुचित व्यवस्था की गई थी, जिससे श्रद्धालु विधिपूर्वक जलाभिषेक कर सकें। भक्तों की सुविधा हेतु लाइनबद्ध दर्शन की व्यवस्था की गई और स्वयंसेवकों ने विशेष सहयोग प्रदान किया। मंदिरों में भजन-कीर्तन और भोलेनाथ के जयघोषों से पूरा नगर शिवमय हो उठा। श्रावण माह में शिवभक्ति की इस अपार आस्था ने सहारनपुर को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया है।



**तल्हेडी बुजुर्ग।** सावन महीने के अन्तिम सोमवार को महादेव का जलाभिषेक करने के लिए शिवालयों में जनसैलाब उमड़ा। स्थानीय पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के उचित प्रबंध किए गए।

सावन माह के अन्तिम सोमवार को तल्हेडी बुजुर्ग क्षेत्र के गांव घ्याना स्थित श्री सिद्धपीठ नागेश्वर महादेव मंदिर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर महादेव का जलाभिषेक किया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं द्वारा भगवान आशुतोष के जयकारे लगाए गए ओर भण्डारे आयोजित कर प्रसाद वितरित किया गया। मन्दिर कमेटी के सदस्य पण्डित शुभम वत्स ने बताया कि श्री सिद्धपीठ नागेश्वर महादेव हजारों श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र है,जहां मांगी गई मन्नतें पूरी होती है। उन्होंने सावन माह पर आयोजित कार्यक्रम सकुशल तरीके से सम्पन्न कराने पर पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया है। इसके अलावा क्षेत्र के गांव सरसीना,तल्हेडी बुजुर्ग, साखन खुर्द,साखन कला, अंबोली, मनोहरपुर, शाहपुर ,गगदासपुर व अन्य सभी गांवों के शिवालयों में भी शिवभक्तों द्वारा महादेव का जलाभिषेक किया गया। क्षेत्र में तल्हेडी बुजुर्ग चौकी प्रभारी विपिन कुमार व उनकी टीम द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के उचित प्रबंध किए गए जिसके चलते महादेव पर्व सकुशल तरीके से सम्पन्न हुआ।

**गंगोह।** नगर व क्षेत्र के शिव मंदिरों में सावन माह में चलने वाले कार्यक्रम लगातार चल रहे है। कई मंदिरों में शिव महा पुराण की कथा अंतिम चरण में है। सावन के चौथे सोमवार को मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ हो रही।

श्रावण मास में आयोजित कार्यक्रम चल रहे है। मोहल्ला कानूनगोयान, ईशरा, सरार्फ बाजार षिव-हनुमान मंदिर, बड़ा षिवालय, बालाजी धाम, वैष्णों देवी धाम व अन्य शिव मंदिरों में भी पूरे माह धार्मिक आयोजन चल रहा है। सबसे पहले श्रद्धालुओं ने मंदिरों में आयोजित पूजा पाठ में भाग लिया। सावन माह में सभी शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ जाती है। सावन माह आरंभ होते ही कार्यक्रम आरंभ हो गए थे। सावन के चौथे सोमवार को क्षेत्र के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। हर-हर, बम-बम ने माहौल को शिव मय बना दिया। गुड़छप्पर के मंदिरों में ज्यादा भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव पर बेल पत्र चढ़ाकर उनका अभिषेक किया।

# प्रेस की स्वतंत्रता पर हमला: सुरेन्द्र



**अंबेहटा।** दलित-मुस्लिम एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुरेन्द्र कुमार बौद्ध ने प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि जनपद मुजफ्फरनगर के थाना ककरौली की पुलिस ने सारी हदें पार करते हुए देश का चौथा स्तम्भ कहलाये जाने वाले प्रेस की स्वतंत्रता हमला बोल कर यह सिद्ध कर दिया है कि मुजफ्फरनगर के थाना ककरौली के आला पुलिसअधिकारी बेलगाम हो चुके हैं।

उन्होने कहा कि जीता-जागता उदाहरण जनपद मुजफ्फरनगर के ककरौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले कम्हेडा गाँव में एक बच्चे के अपहरण की सूचना जैसे नूर मोहम्मद पत्रकार को मिली तो पत्रकार ने उस गाँव से सम्बंधित दरोगा से उस प्रकरण की पुष्टि करने के पश्चात उस अपहरण कांड की सूचना देने वालीं महिला का इंटरव्यू लेकर अपहरण की सूचना शीर्षक से ब्रेकिंग न्यूज प्रकाशित कर दी जोकि एक पत्रकार का धर्म होता है और नूर मोहम्मद पत्रकार ने भी उस समय अपना धर्म निभाकर यह सिद्ध कर दिया कि पत्रकारिता देश का चौथा स्तम्भ तो कहलाता ही मगर आईना बनकर चेहरा भी दिखाने का काम करता है अगर आईना देखने वाले का चेहरा ही साफ न हो तो उस आईने की क्या गलती है आईना तो अपना काम करता है और उस समय नूर मोहम्मद पत्रकार ने भी ककरौली थाना पुलिस को उस का असली चेहरा दिखाने का काम किया था जिसका नतीजा यह हुआ कि ककरौली थाने की पुलिस अपना असली चेहरा देखकर बौखला गयी और बौखला कर वहां की पुलिस ने अपने कृत्य को छुपाते हुए उल्टा आनन-फानन में नूर मोहम्मदके खिलाफ ही फर्जी मुकदमा दर्ज कर दिया जो कि गलत है।

### इलाहबाद हाईकोर्ट खंडपीठ की स्थापना को लेकर

# अधिवक्ताओं ने की हड़ताल

**हाईकोर्ट बैंच स्थापना केंद्रीय संघर्ष समिति पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आह्वान पर अधिवक्ताओं ने नहीं किया न्यायालयों में न्यायिक कार्य**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद हाईकोर्ट की खंडपीठ की स्थापना की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने हड़ताल कर महाराष्ट्र की तर्ज पर पश्चिमी यूपी में भी खंडपीठ की स्थापना किये जाने की मांग की।

हाईकोर्ट बैंच स्थापना केंद्रीय संघर्ष समिति पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आह्वान पर सिविल बार एसोसिएशन के बैनरतले अधिवक्ताओं ने समस्त न्यायालयों में न्यायिक कार्य नहीं किया। सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ठा. वीरेंद्रपाल सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता ठा. रामप्रताप सिंह ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की 22 जिलों की लगभग सात करोड़ जनता को सस्ता सुलभ न्याय देने के लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद हाईकोर्ट की खंडपीठ की स्थापना किया जाना जरूरी है। इसलिए अतिशीघ्र सरकार को खंडपीठ स्थापित करने का निर्णय लेना चालिए। एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहम्मद खालिद खां, महासचिव राकेश कुमार आर्य, वरिष्ठ अधिवक्ता नसीम अंसारी ने कहा कि 1अगस्त 2025 से सरकार ने महाराष्ट्र के केवल छह जिलो की 1. 64 लाख की जनता को सुविधा देने के लिए कोल्हापुर जिले में महाराष्ट्र की हाईकोर्ट की खंडपीठ स्थापित करने की घोषणा की है, जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 22 जिलों की सात करोड़ जनता के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। इस दौरान रिजवान कासमी, चौ. रामपाल, रणबीर सिंह, बृजकौशिक, तहसीन खां, सतेंद्र कुमार, उमा रानी, समीना राजपूत, किरणपाल सिंह, अजय कुमार, बबल सिंह, शोएब चौधरी, मोहम्मद मुर्सलीन, शुभम शर्मा, ठाकुर कंवरपाल सिंह, रविंद्र कुमार, सतेंद्र पालिवाल, चौ. उसमान, रेणुका, सुरेंद्र कुमार त्यागी, नरपथ सिंह, रमेश कश्यप, प्रमोद गुप्ता, प्रीतम कोहली, आदि अधिवक्तागण शामिल रहे।

# अदालत ने हत्यारोपियों को सुनाई आजीवन कारावास की सजा

**मकान के बटवारे की रंजिश के चलते सात वर्ष पूर्व ग्रामीण की हुई थी अत्या**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** ग्रामीण की सात वर्ष पहले हुई हत्या के मामले में अदालत ने पिता पुत्र समेत चार लोगों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाने के साथ ही 50-50 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड अदा न करने की सूरत में दोषियों को दो वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता देवीदयाल शर्मा ने बताया कि बडगांव थाना क्षेत्र के जड़ोदा पांडा गांव निवासी नरेश अपने बेटे गौरव उर्फ गोल्डी के साथ 27 सितंबर 2018 की सुबह करीब 11 बजे अपने खेत पर चारा लेने गया था। इस दौरान नरेश के सगे भाई विरेंद्र और भतीजे विनीत समेत परिवार के ही सोनू उर्फ संजय और उमेश उर्फ टीटू ने खेत पर पहुंच मकान के बंटवारे की रंजिश को लेकर गौरव उर्फ गोल्डी की गला दबाकर हत्या कर दी थी। जबकि गौरव के पिता नरेश ने भागकर अपनी जान बचाई थी। इस मामले में नरेश ने अपने भाई व भतीजे समेत उक्त चारों के विरुद्ध बडगांव थाना में मामला दर्ज कराया था। उक्त मामले का विचारण अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में चल रहा था। सोमवार को अभियोजन एवं बचाव पक्ष की दलीलें सुनने के बाद न्यायाधीश विनित कुमार वासवानी ने उक्त चारों को गौरव उर्फ गोल्डी की हत्या का दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई।

# छात्रों ने ज्ञान प्रतियोगिता में विज्ञान मॉडल के माध्यम से चमत्कारों को किया प्रदर्शित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें छात्रों ने विभिन्न प्रकार के विज्ञान मॉडल के माध्यम से चमत्कारों को प्रदर्शित किया।

सहारनपुर हाईवे स्थित सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल प्रागण में आयोजित प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 11 तक के छात्रों ने भाग लिया। बच्चों ने विज्ञान के विभिन्न मॉडल बनाते हुए विज्ञान के चमत्कारों को प्रदर्शित किया। प्रतियोगिता में राधिका, ईशिता, काया, अक्षरा, शशि राणा व माही राणा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य रुपेश कुमार सैनी ने कहा कि आधुनिक युग में विज्ञान का बहुत महत्व है। विज्ञान हमारे जीवन को आसान और सुरक्षित बना रहा है। उन्होने छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर वंदना ध्रुव, सुनीता चौधरी, नितिन कुमार, आजाद कुमार, अनिता सैनी, शिवकुमार सैनी, रेशु त्यागी आदि अध्यापक-अध्यापिकाएं शामिल रहे।

# भजनों के गायन पर झूमे श्रद्धालु



**देवबन्द।** प्राचीन सिद्धपीठ श्री राधा वल्लभ मंदिर कायस्थवाड़ा में चल रहे झूला उत्सव में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमॅड़ रही है। सोमवार को यमुनानगर से का आए कलाकारों ने ठाकुर जी व राधा रानी के भजनों का गायन कर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

रसिकों ने पान के पत्तों का झूला बनाकर उसमें ठाकुरजी और राधा रानी को नई पोशाक पहनाकर विराजमान किया। इसके बाद उन्हें मधुर भाव से झूला झुलाया गया। इस दौरान यमुनानगर से आई राजन एंड पार्टी के कलाकारों ने झूला झूले बृज में राधा वल्लभ लाल, राधा वल्लभ लाल मेरे राधा वल्लभ लाल, सखी री दोउ झूलत नवल किशोर, हिंडौरा कुंज बन डालो री झूलन आई राधिका प्यारी रे और झूला तो पड़ गए अंबुआ की डाल पे री आदि पदों का गायन कर ठाकुर जी को रिझाया। मंदिर के सेवाधिकारी नीरज गोस्वामी ने बताया कि झूला उत्सव रक्षाबंधन पर्व तक चलेगा। इस मौके पर अभिषेक गोस्वामी, हितेश गोस्वामी, मयंक गोस्वामी, अजय अग्रवाल, प्रदीप गोयल, अरुण गोयल, अजय टंडन, अमित कंसल, विजेंद्र गोयल आदि मौजूद रहे।

# चोरों के देखे जाने की फैली अफवाह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** अफवाहों के चलते मोहल्ला सराय मालियान में देर रात्रि चोरों के देखे जाने से दहशत फैल गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस लेकिन वहां कोई नहीं मिला।

मोहल्ला सराय मालियान में सोमवार की रात्रि करीब तीन बजे चोरों के देखे जाने के बाद लोगों में दहशत फैल गई। जाग होने पर लोग लाठी डंडे लेकर घरों से बाहर निकल गए। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। चोरों को इधर-उधर तलाश किया, लेकिन कहीं कोई नहीं मिला। मोहल्लावासियों का दावा है कि चोरों की संख्या आठ से दस थी, जिन्हें एक जगह बैठे देखा गया। वहीं, इंद्रपुर मार्ग स्थित कोहला बस्ती में भी पिछले कई दिनों से चोरों के देखे जाने की चर्चाएं चल रही हैं। एक सप्ताह पूर्व कालीपार क्षेत्र के सांपला खत्री गांव में भी एक दर्जन से अधिक चोरों के देखा गया था। ग्रामीणों का दावा था कि जाग होने पर चोरों ने फायरिंग भी की थी। पुलिस मौके पर पहुंची, मगर वहां कोई नहीं मिला। हालांकि पुलिस इसे कोरी अफवाह करार दे रही है और लोगों से भी अपील कर रही है कि वह अफवाहों पर ध्यान न दें।

## निर्माण के चलते भायला रेलवे फाटक बंद किए जाने से दुकानदारों व राहगीरों को हो रही भारी असुविधा

**देवबन्द।** ओवरब्रिज के निर्माण के चलते भायला रेलवे फाटक बंद किये जाने से दुकानदारो व राहगिरो को भारी परेशानी का समाना करना पड़ रहा हैं। पालि. का सभासदों ने उपजिलाधिकारी युवराज सिंह को ज्ञापन देकर दुपहिया वाहनों के लिए रास्ता खोले जाने की मांग की है। पालिका सभासदों ने उपजिलाधिकारी को दिये ज्ञापन में कहा हैं कि कई दिनों से भायला रेलवे फाटक को पूर्ण रुप से बंद कर दिया गया। जिस कारण लोगों को लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। जिस कारण गांव से शहर आने वाले और शहर से खेतों में जाने वाले लोगों को तो परेशानी उठानी ही पड़ रही है। साथ ही दुकानदारों का कारोबार भी ठप होकर रह गया है। पूर्व में उक्त रेलवे फाटक को दुपहिया वाहनों के लिए खोला हुआ था। लेकिन अब उसको भी बंद कर दिया गया है। सभासदों ने एसडीएम से जनहित को ध्यान में रखकर दुपहिया वाहनों के लिए रास्ता खोले जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में रिहाना शराफत मलिक, वाजिद मलिक, अख्तर अंसारी, शाहिद हसन, मो. औसाफ और बिलकिस आदि सभासद शामिल रहे।

## ईओ ने कराई नालों की सफाई

**धामपुर।** नगर में बीती रात से लगातार हो रही बारिश के बीच जलभराव की आशंका को लेकर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी रविशंकर शुक्ल खुद सड़कों पर उतर आए। उन्होंने नगर के लगभग सभी वार्डों का दौरा किया और जहां नालियों में जाम मिला, उसे मौके पर ही साफ कराया। सफाई निरीक्षक व सफाई नायक के साथ मौके पर मौजूद रहकर उन्होंने कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि नगर में जलभराव किसी भी हालत में न हो। यदि कहीं भी नाला या नाली जाम मिले, तो उसे तुरंत साफ किया जाए और जनता को राहत मिले। नगर की जनता को यह देखकर संतोष हुआ कि जिम्मेदार अधिकारी जमीनी स्तर पर सक्रिय हैं। बारिश में जलभराव को रोकने का यह प्रयास एक उदाहरण बन सकता है।

## वेशभूषा प्रतियोगिता संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर में भैया बहनों की वेश प्रतियोगिता संपन्न हुई। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में राम जी पांडे श्रीमति अपर्णा रानी, ओम प्रकाश व विजय वर्मा रहे। विद्यालय के समस्त भैया बहनों के नाखून, बाल, दांत वेश की स्वच्छता शर्ट, पेंट, जूते ,मोजे आदि के आधार पर निर्णय को द्वारा प्रत्येक कक्षा के तीन भैया बहनों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान घोषित किया।

प्रतियोगिता में नव्या, हिमांशिका, दीक्षित, कनिष्क व दृष्टि ने शिशु वाटिका वर्ग प्ले से द्वितीय में प्रथम स्थान नव्या, हिमांशिका, दीक्षित, आरव, कनिष्का, सिद्धार्थ प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर कार्तिकेय, ईशान, देवांश दिवाकर व दीपांशु रहे। तृतीय स्थान पर काव्या, तपस्या प्रजापति आरव, डिंपल सैनी व हर्ष अग्रवाल। इसी प्रकार कक्षा तृतीय से अष्टम तक रुद्राक्षी राजपूत, प्रियांशु, संस्कार, निशिका, नंदिनी व नेतिका राजपूत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर लक्ष्य कुमार वंश पोसवाल, वर्णिका, कनक कटारिया, इशिका, मनु रही तथा तृतीय स्थान अर्पिता, सृष्टि शिवाय, नैना, कनक व खुशी ने प्राप्त किया। सर्वप्रथम निर्णयकों अपर्णा रानी एवं श्री राम जी पांडे ने प्रधानाचार्य अमरपाल सिंह के साथ मां शारदा के समक्ष पुष्पार्चन किया।

## कुम्हेड़ा में मिली बुजुर्ग महिला की लाश, शिनाख्त नहीं

**किरतपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम कुम्हेड़ा में उस समय सनसनी फैल गई जब एक बुजुर्ग महिला का शव नहर में पानी में तैरता हुआ देखा गया। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को पानी से बाहर निकालकर अपने कब्जे में लिया।

पुलिस के अनुसार महिला की उम्र लगभग 55 वर्ष के बीच प्रतीत हो रही है। महिला के शरीर पर कोई स्पष्ट चोट के निशान नहीं मिले हैं, जिससे प्रथम दृष्टया मामला डूबने का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही चल पाएगा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है और आस-पास के गांवों में महिला की शिनाख्त कराने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। समाचार लिखे जाने तक मृतका की पहचान नहीं हो सकी थी।

# मीरापुर बस अड्डे पर बेकाबू बस ने मचाया कोहराम, दो घायल, हेल्पर की भी हुई पिटाई



**मीरापुर।** कस्बे के बस अड्डे पर एक अनियंत्रित बस ने अफरा-तफरी मचा दी। बस ने पहले एक खड़ी कार को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया, फिर बस अड्डे पर खड़े दो युवकों को भी रौंद डाला, जिससे दोनों की हालत गंभीर हो गई। हादसे के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और आक्रोशित लोगों ने बस के हेल्पर की जमकर पिटाई कर दी, जिससे वह भी गंभीर रूप से घायल हो गया। मीरापुर-मुजफ्फरनगर रूट की एक प्राइवेट बस सोमवार शाम करीब 8:00 बजे मीरापुर पहुंची थी। बस के ड्राइवर और कंडक्टर बस को हेल्पर के हवाले कर अपने घर चले गए थे। हेल्पर मुक.ेश पुत्र सोमपाल बस को पार्किंग में लगाने के लिए चला रहा था। जैसे ही वह बस अड्डे पर पहुंचा, अचानक उसने नियंत्रण खो दिया और बस एक खड़ी कार से टकरा गई, जिससे कार को काफी नुकसान हुआ।

इसके बाद बस ने वहीं खड़े दो युवकों शावेज पुत्र इसराइल व शाह आलम पुत्र साबिर, निवासीगण मोहल्ला कमलियाआं को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल उपचार के लिए चिकित्सालय भेजा गया। दुर्घटना के बाद लोगों में गुस्सा भड़क उठा और उन्होंने हेल्पर को बस से उतार कर पीटना शुरू कर दिया। पिटाई में हेल्पर को भी गंभीर चोटें आईं, उसे भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालते हुए लोगों को शांत कराया। इस दौरान बस अड्डे पर लंबा जाम लग गया, जिसे पुलिस ने यातायात सुचारू कर हटाया। थाना प्रभारी बबलू सिंह वर्मा ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अभी तक थाने में किसी भी पक्ष से तहरीर प्राप्त नहीं हुई है, तहरीर मिलने पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद पूरे मीरापुर कस्बे में हड़कंप मच गया और मौके पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई, जिसे पुलिस ने समझा-बुझाकर शांत किया।

**न्यायालय अपर उपजिलाधिकारी, सहारनपुर।**

वाद संख्या-T202309600103550
धारा 116 उ0प्र0राजस्व संहिता-2006

**कमल किशोर बनाम मनोज कुमार आदि**
**ग्राम-सबदलपुर कलालहटी परगना, तहसील व जिला सहारनपुर।**

**गजट/नोटिस**

1- कमल किशोर पुत्र विजयपाल सिंह निवासी ग्राम सुनहेटी खरखड़ी परगना हरौडा तहसील व जिला सहारनपुर। .......**वादी**

**बनाम**

1-मनोज कुमार, 2-गिरीश कुमार पुत्रगण मदनपाल सिंह, 3-सतकुमार, 4-प्रदीप कुमार पुत्रगण फतेह सिंह, 5-विनोद कुमार, 6-अशोक कुमार पुत्रगण घनश्याम सिंह, 7-गौरव चौधरी, 8-चित्रवीर सिंह पुत्रगण विजयपाल सिंह, 9-सन्नी, 10-विशाल पुत्रगण होशियार सिंह, 11-निशान्त चौधरी पुत्र शौसिंह निवासीगण ग्राम सुनहेटी खरखड़ी परगना हरौड़ा तहसील व जिला सहारनपुर, 12-ग्राम सभा ग्राम सुनहेटी खरखड़ी परगना हरौड़ा तहसील व जिला सहारनपुर द्वारा ग्राम प्रधान। ....**प्रतिवादीगण**

एतदद्वारा प्रतिवादीगण को सूचित किया जाता है कि उक्त वाद वादी कमल किशोर पुत्र विजयपाल सिंह निवासी ग्राम सुनहेटी खरखड़ी परगना हरौडा तहसील व जिला सहारनपुर इस न्यायालय में विचाराधीन है जिसमें सुनवाई हेतु दिनांक 05.08.2025 नियत है। अत: आप नियत दिनांक पर स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर वाद की पैरवी करें। यदि आप नियत तिथि को न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित नहीं होते है तो यह समझा जायेगा कि आपको उक्त के सम्बन्ध में कुछ नहीं कहना है। तदुपरान्त वाद में अग्रिम कार्यवाही कर दी जायेगी।

**अपर उपजिलाधिकारी,**
सहारनपुर।

# स्कूलों में स्काउट गाइड क्लब का गठन हो: एडीएम

**आवश्यक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के निर्देश**




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर के निर्देशों के अनुपालन में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्रीमती वान्या सिंह की अध्यक्षता में आज दोपहर कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में जिला परिषद जिला संस्था भारत स्काउट और गाइड उ.प्र. जनपद बिजनौर की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई।

अपर जिलाधिकारी श्रीमती सिंह ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी स्कूलों में स्काउट गाइड क्लब का गठन कराया जाना सुनिश्चित करें और जिस स्कूल में स्काउट गाइड क्लब गठित हैं, उनका नियमित रूप से स्काउट गाइड की गतिविधियां संचालित रखें। उन्होंने स्काउट संस्था से स्कूलों में स्थापित स्काउट गाइड क्लब के नवीनीकरण, पंजीकरण एवं प्रशिक्षण के बारे में आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि जिले में स्काउट गतिविधियों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ संचालित करने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण उपलब्ध कराएं और जो स्कूल/शिक्षण संस्थान स्काउट में पंजीकृत हैं, नियमानुसार समयपूर्वक नवीनीकरण कराना भी सुनिश्चित करें।

कार्यक्रम के दौरान लीडर ट्रेनर सत्यपाल सिंह मलिक द्वारा जिला संस्था भारत स्काउट और गाइड उ.प्र. जनपद बिजनौर के लिए कार्यालय भवन उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि जब तक जिला प्रशासन द्वारा भवन के भूमि का आवंटन नहीं होता तब तक किराए पर एक कमरा उपलब्ध कराने का अनुरोध किया ताकि स्काउट गाइड की गतिविधियों को सुव्यवस्थित और मानक के अनुरूप संचालित किया जा सके। उन्होंने विगत बैठक के बाद की जाने वाली उपलब्धियों एवं प्रगतियों पर प्रकाश डाला गया तथा कोषाध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा द्वारा लेखा-जोखा का विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान ही सामूहिक रूप से स्काउट प्रार्थना और अंत में राष्ट्रगान का गायन भी हुआ।

इस अवसर पर सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त ब्रिजेश कुमार, सचिव कैलाश चन्द, डॉ. निर्मला शर्मा जिला गाइड कमिश्नर, जीजीआईसी एवं अन्य विद्यालयों की प्रधानाचार्य सहित जिला संस्था भारत स्काउट और गाइड उ.प्र. के जिला एवं तहसील स्तरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

# हरिहर मंदिर जाने से रोके गए शिवभक्त, जताया रोष

**भगवान शिव के भक्तों को बार-बार रोकना पीड़ादायक**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सावन माह में भगवान शिव के चरणों में जल अर्पित करने निकले श्रद्धालुओं को पुलिस द्वारा रोके जाने पर गणेश चौथ समिति के पदाधिकारी भड़क उठे। सोमवार को जब चारपहिया वाहनों का जत्था हरिहर मंदिर (संभल) की ओर रवाना हुआ, तो रानीबाग चौकी पर पुलिस ने उन्हें रोक लिया।

इस कार्रवाई से आहत शिव भक्तों ने नारेबाजी करते हुए प्रशासन से विरोध जताया। हर हर महादेव, हरिहर मंदिर जाएंगे, जल वहीं चढ़ाएंगे जैसे नारों से क्षेत्र गूंज उठा।

गौ रक्षा प्रमुख संयम जैन ने कहा, "भगवान शिव के भक्तों को बार-बार रोका जाना बेहद पीड़ादायक है। हम वर्षों से हरिहर मंदिर में जल चढ़ाना चाहते हैं, पर हर बार प्रशासन अड़ंगा लगाता है। ये हिंदुओं की आस्था का सवाल है।"

हालांकि, विवाद बढ़ता देख प्रशासन ने भक्तों को समझाया और उन्हें धामपुर स्थित किसान सहकारी गन्ना समिति परिसर के शिव मंदिर में जलाभिषेक के लिए सहमत किया गया। वहां विधिपूर्वक जल चढ़ाया गया। इस मौके पर विजय कुमार जैन, हिमांशु चौधरी, आयुष चौधरी, दीपक भारद्वाज, अजय राजपूत, संयम जैन समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पूजा-अर्चना की

**नहटौर।** सावन माह के चलते अंतिम सोमवार को श्रद्धालुओं ने शिवालय पहुंच कर पूजा-अर्चना करके अपने परिवारों की सुख समृद्धि की कामना की।

श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर मंदिरों के शिवालयों में पहुंचकर पूजा-अर्चना करके अपने परिवारों की सुख समृद्धि की कामना की तथा बेलपत्री आदि सामग्री चढ़ाई। सोमवार को चामुंडा धाम पंचायती मंदिर, हाथी वाला मंदिर, पूर्वी चौंधियान, शिव मंदिर, पाताल तोड़ शिव मंदिर, झारखंडी, फिरोजपुर आदि शिवालयों पर महिला-पुरुषों व लड़कियों ने पहुंचकर पूजा-अर्चना की।

## जीके हॉस्पिटल ने 21 मरीजों को पोषण पोटली वितरित की

**नगीना।** सीएचसी नगीना के टीबी डिपार्टमेंट द्वारा चिन्हित कर इलाज किये जा रहे टीबी के रोगियों को पोषण पोटली का वितरण जी.के. हॉस्पिटल परिसर में हॉस्पिटल के प्रबन्धक व चिकित्सक द्वारा वितरण किया गया है। नगर के प्रसिद्ध जी.के. हॉस्पिटल द्वारा 21 मरीजों को पोषण पोटली का वितरण हॉस्पिटल के प्रबन्धक शरद अग्रवाल एवं उनके सुपुत्र डॉ. आकाश अग्रवाल एमबीबीएस एमडी फिजिशियन की ओर से सीएचसी नगीना के टीबी डिपार्टमेंट द्वारा चिन्हित इलाज किए जा रहे टीबी के मरीजों को पोषण पोटली का वितरण जीके हॉस्पिटल परिसर में किया गया। सीएचसी नगीना के टीबी विभाग की ओर से एस टी एस सनाउलहक, एसटीएलएस नरेन्द्र कुमार उपस्थित रहे। जीके हॉस्पिटल की ओर से डॉ. आकाश कुमार अग्रवाल ने 21 टीबी रोगियों को पोषण पोटली का वितरण किया। जिसके अंदर मूंगफली के दाने, परमल, गुड, भुने सोयाबीन तथा चने, मरीज को कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन और वसा की पूर्ति के लिए दिये गये। डॉ. आकाश कुमार अग्रवाल ने क्षय रोग की जानक.ारी देते हुए उससे बचने के बारे में भी बताया।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के शानू शेख पुन: बने नगराध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्योहारा इकाई द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में विभाग संगठन मंत्री सतेंद्र जिला प्रमुख तथा धामपुर के जिला संयोजक अनुज राजपूत की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन के विस्तार और नवगठित नगर कार्यकारिणी की घोषणा करना रहा।

बैठक को संबोधित करते हुए विभाग संगठन मंत्री सतेंद्र ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एक ऐसा छात्र संगठन है जो वर्ष के सभी 365 दिन छात्र हितों की सेवा में संलग्न रहता है। उन्होंने कहा कि परिषद केवल शैक्षणिक गतिविधियों तक सीमित नहीं बल्कि सामाजिक दायित्वों को भी पूरी निष्ठा से निभाती है। इस अवसर पर आरुषि पाल को जिला छात्रा प्रमुख महानगर की छात्राओं की प्रमुख प्रतिनिधि नियुक्त किए जाने की घोषणा की गई, जिसे उपस्थित कार्यकर्ताओं द्वारा तालियों की गड़गड़ाहट और गर्मजोशी से स्वागत किया गया। नवगठित नगर कार्यकारिणी शानू शेख नगर अध्यक्ष, लक्षित राठी नगर मंत्री, निगम राजपूत नगर सह-मंत्री, इशू शर्मा नगर सह-मंत्री, अक्षित नगर सह-मंत्री, निखिल कुमार नगर संयोजक छात्रा विकास प्रकोष्ठ इसके अतिरिक्त अन्य कार्यकर्ताओं को भी विभिन्न संगठनात्मक दायित्व प्रदान किए गए, जिससे परिषद की नगर इकाई को एक नई ऊर्जा और दिशा प्राप्त होगी। वही सभी कार्यकर्ताओं ने नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं और पूर्ण निष्ठा अनुशासन तथा समर्पण भाव से संगठन के लिए कार्य करने का संकल्प लिया है।

**सूचना**

मैंने अपना नाम IQBAL HASAN से बदल कर MOHAMMAD IQBAL रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।
MOHAMMAD IQBAL S/O BASHIR H. NO. 179 VILL- PHULAS AKBARPUR DEOBAND(SAHARANPUR)

**सम्बंध विच्छेद**

मैंने बेटे मौ. साजिद और पुत्रवधु सीमा को गलत आचरण के चलते सम्बंध विच्छेद कर चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनके किसी भी कृत्य या लेनदेन का मैं या मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।
रशीद अहमद पुत्र मौ. यासीन
निवासी मोहल्ला पठानपुरा
शास्त्री चौक, देवबंद (सहारनपुर)

# भारत की रोमांचक जीत, सीरीज बराबर

## ओवल टेस्टः इंग्लैंड के आखिरी 4 विकेट एक घंटे में गिरे, मोहम्मद सिराज का पंजा, छह रन से जीता मैच



**लंदन, वार्ता।** तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज (पांच विकेट) और प्रसिद्ध कृष्णा (चार विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत भारत ने पांचवें टेस्ट मैच के पांचवें दिन सोमवार को पहले सत्र में इंग्लैंड को दूसरी पारी में 367 रन पर समेट कर मुकाबला छह रनों से जीत लिया।

इसी के साथ भारत ने पांच मैचों की सीरीज में 2-2 की बराबरी कर ली। भारतीय कप्तान शुभमन गिल को पूरी सीरीज में उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' और मोहम्मद सिराज को आखिरी मैच में नौ विकेट लेने के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' नवाजा गया। इंग्लैंड ने कल के छह विकेट पर 339 रनों से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में 78वें ओवर की तीसरी गेंद पर मोहम्मद सिराज ने ध्रुव जुरेल के हाथों जेमी स्मिथ (दो) को कैच आउट कराकर भारत को सातवीं सफलता दिलाई। इसके बाद सिराज ने जेमी ओवर्टन (नौ) को पगबाधा आउटकर भारत को जीत के करीब पहुंचा दिया। इसके बाद प्रसिद्ध कृष्णा ने ब्लॉक होल में गेंद डालकर जॉश टंग (शून्य) को बोल्ड कर भारत को नौंवी सफलता दिलाई। 86वें ओवर की पहली गेंद पर मोहम्मद सिराज ने गस ऐटकिसन का ऑफ स्टंप उखाड़ कर मैच भारत की झोली में डाल दिया। ऐटकिसन ने 29 गेंदों में 17 रन बनाकर इंग्लैंड को जीत के करीब ले जाने की कोशिश की लेकिन सीराज की योकर ने उनका ऑफ स्टंप उखाड़कर भारतीय खेमे को जीत की खुशी से सराबोर कर दिया। इसी के साथ भारत ने इंग्लैंड को 367 के स्कोर पर ऑल आउट कर छह विकेट से मुकाबला जीत लिया। इसी के साथ भारत ने पांच मैचों की सीरीज 2-2 से बराबर कर ली है। भारत की ओर से मोहम्मद सिराज ने 30.1 ओवर में 104 रन देकर पांच विकेट लिये। जबकि प्रसिद्ध कृष्णा ने 27 ओवर में 126 रन देकर चार विकेट झटके। आकाश दीप ने एक बल्लेबाज को आउट किया। भारत ने पहली पारी में 224 रन बनाये थे। इंग्लैंड ने पहली पारी में 247 रन बनाकर 23 रनों की मामूली बढ़त हासिल की थी।

# मैं अपनी टीम के प्रदर्शन से खुश हूंः कप्तान स्टोक्स



**● दोनों ही टीमों ने इस सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया और अपनी पूरी ऊर्जा के साथ खेली**

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि मैं अपनी टीम के प्रदर्शन से खुश हूं। भारत के छह रन से मैच जीतने पर बेन स्टोक्स ने कहा कि गेम ना खेल पाना कठिन है। दोनों ही टीमों ने इस सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया और अपनी पूरी ऊर्जा के साथ खेला। इस सीरीज का हिस्सा रहना गर्व का हिस्सा रहा और मैं अपनी टीम के प्रदर्शन से खुश हूं। (वोक्स को बल्लेबाजी के लिए भेजने पर) यह दर्शाता है कि इन खिलाड़ियों के लिए देश के लिए खेलना कितना मायने रखता है। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड और भारत की सीरीज हमेशा एक बड़ी सीरीज होती है और कई बार भावनाएं खुलकर सामने आ जाती हैं। हर कोई अपने देश का प्रतिनिधित्व करने आता है। जब आप मैच की शुरुआत में एक गेंदबाज कम हो जाते हैं तो अन्य गेंदबाजो के ऊपर अतिरिक्त जिम्मेदारी आ जाती है।

## ● प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे गिल

# हमें पता था कि इंग्लैंड के खेमे में दबाव हैः गिल

**● सिराज और प्रसिद्ध जैसे गेंदबाज जब गेंदबाजी कर रहे होते है तो बतौर कप्तान अधिक चिंता की बात नहीं**

**लंदन, वार्ता।** भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि हमें पता था कि इंग्लैंड के खेमे में दबाव है और हम इसी सोच के साथ मैदान में आए कि उन पर दबाव बनाये रखना है।

मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में शुभमन गिल ने कहा इस सीरीज में दोनों टीमों ने बढ़िया प्रदर्शन किया हर मैच अंतिम दिन तक पहुंचा जो कि दोनों टीमों के प्रदर्शन के बारे में बताता है।

प्लेयर ऑफ द सीरीज से सम्मानित गिल ने कहा कि सिराज और प्रसिद्ध जैसे गेंदबाज जब गेंदबाजी कर रहे होते हैं तो बतौर कप्तान अधिक चिता करने की जरूरत नहीं होती। दोनों गेंदबाज जानते हैं कि गेंद को कैसे हरकर कराना है। हमें पता था कि इंग्लैंड के खेमे में दबाव है और हम इसी सोच के साथ आए थे कि उनके ऊपर से दबाव कम नहीं होने देना है। उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शन से मैं बेहद खुश हूं और इस सीरीज से पहले मैंने बेहद मेहनत की थी।







### संक्षिप्त खेल समाचार

## ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम घोषित

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने सोमवार को डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में 15 से 21 अगस्त तक ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में होने वाले चार मैचों के लिए 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा कर दी। भारतीय टीम का यह दौरा 29 अगस्त से बिहार के राजगीर में होने वाले महत्वपूर्ण हीरो एशिया कप से पहले एक महत्वपूर्ण माना जा रहा। एशियाकप विश्व कप क्वालीफायर टूर्नामेंट है। भारतीय टीम का नेतृत्व दिग्गज ड्रैगफ्लिकर, डिफेंडर हरमनप्रीत करेंगे व गोलकीपर के रूप में कृष्ण व सूरज शामिल होंगे। टीम में डिफेंडर सुमित, जरमनप्रीत, संजय, अमित, नीलम संजीप , जुगराज सिंह शामिल हैं, जबकि कर्नाटक के पूवन्ना सीबी टीम में एक नए चेहरे के रूप में शामिल हैं।

## तीरंदाजी लीग के पहले संस्करण की घोषणा की

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय तीरंदाजी संघ ने सोमवार को दुनिया भर के पुरुष और महिला रिकर्व और कंपाउंड तीरंदाजों के लिए फ्रैंचाइजी-शैली वाली पहली तीरंदाजी लीग की घोषणा की। विश्व तीरंदाजी, विश्व तीरंदाजी एशिया और भारतीय खेल मंत्रालय के प्रोत्साहन से आयोजित होने वाली इस लीग में दुनिया के शीर्ष 10 विदेशी तीरंदाजों के साथ-साथ शीर्ष भारतीय तीरंदाज भी शामिल होंगे, जो सभी छह फ्रैंचाइजी टीमों का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस लीग का उद्देश्य देश के ओलंपिक आंदोलन का समर्थन करने और इस खेल की वैश्विक लोकप्रियता को बढ़ाने के लिए भारतीय तीरंदाजों के विकास के लिए एक पेशेवर मंच बनना है। लीग का पहला संस्करण इस साल अक्टूबर में नई दिल्ली के यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 11 दिनों तक चलेगा।

# पाक ने विंडीज को हराया, सीरीज जीती

**● पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज को 13 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली**

**लॉडरहिल, वार्ता।** सैम अयूब (66 रन/एक विकेट) तथा साहिबजादा फरहान (74) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने तीसरे टी-20 मुकाबले में सोमवार को वेस्टइंडीज को 13 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली।

190 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज के लिए जेवेल एंड्रयू और ऐलेक ऐथनेज की सलामी जोड़ी ने अभी 44 रन जोड़े थे कि पांचवें ओवर में हारिस रउफ ने जेवेल एंड्रयू 15 गेंदों में 24 रन को आउटकर पवेलियन भेज दिया। नौवें ओवर में मोहम्मद नवाज ने शाई होप (सात) को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए शरफेन रदरफोर्ड ने ऐलेक ऐथनेज के साथ तीसरे विकेट के लिए 36 रन जोड़े। 13वें ओवर में सैम अयूब ने ऐलेक ऐथनेज को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। ऐलेक ऐथनेज ने 40 गेंदों में आठ चौके और एक छक्के की मदद से 60 रनों की पारी खेली। रॉस्टन चेज (15) रिटायर्ड आउट हुए। सुफियान मुकिम ने जेसन होल्डर (शून्य) बोल्ड आउट किया। आखिरी ओवर में हसन अली ने शरफेन रदरफोर्ड को साहिबजादा फरहान के हाथों कैच आउट कराकर वेस्टइंडीज के मैच जीतने की उम्मीद को ध्वस्त कर दिया। शरफेन रदरफोर्ड ने 35 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के लगाते हुए (51) रन बनाये। वेस्टइंडीज की पूरी टीम निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 176 रन ही बना सकी और मुकाबला 13 रनों से हार गई। 74 रनों की पारी खेलने वाले साहिबजादा फरहान को'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। वहीं सीरीज में सात विकेट लेने वाले मोहम्मद नवाज को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' पुरस्कार मिला। पाकिस्तान के लिए हसन अली, मोहम्मद नवाज, हारिस रउफ, सैम अयूब और सुफियान मकीम ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी सैम अयूब और साहिबजादा फरहान की सलामी जोड़ी ने बेहतरीन शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 138 रन जोड़े। 17वें ओवर में शमार जोसेफ ने साहिबजादा फरहान को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। साहिबजादा फरहान ने 53 गेंदों में पांच छक्के व तीन चौके लगाते हुए (74) रन बनाए।

## फखर जमान हैमस्ट्रिंग, वेस्टइंडीज सीरीज से बाहर

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज फखर जमान वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। वे तीसरे टी-20 में भी खेलने नहीं उतरे। यह फैसला लाडरहिल में खेले गए दूसरे टी-20 मैच के दौरान उनकी बाईं हैमस्ट्रिंग (जांघ की मांसपेशी) में चोट लगने के कारण लिया गया। उनकी जगह तीसरे टी-20 मैच के लिए खुशदिल शाह को प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया था। फखर जमान को वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टी-20 में फील्डिंग के दौरान चोट लगी थी। इसके बाद टीम के मेडिकल स्टाफ ने जांच की और उनकी बाईं हैमस्ट्रिंग में हल्की खिंचाव की पुष्टि की। लाहौर में होगा रिहैबिलिटेशन पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बताया कि फखर 4 अगस्त को पाकिस्तान लौटेंगे।

## ● मैन ऑफ द मैच रहे मोहम्मद सिराज ●

# मैंने सोचा मैं कर सकता हूं कि स्क्रीनशॉट का वॉलपेपर लगायाः सिराज

**● हम अंत तक मिलकर लड़े और मेरी एक ही योजना थी कि निरंतरता के साथ सही लेंथ हिट करता रहूं**

**लंदन, वार्ता।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने कहा कि सुबह उठने के बाद मैंने सोचा कि मैं कर सकता हूं, मैंने गूगल से एक स्क्रीनशॉट लिया और उसे वॉलपेपर लगाया। इंग्लैड पर छह रनों की रोमांचकारी जारी के बाद सिराज ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हर किसी ने कड़ी मेहनत की और हम अंत तक मिलकर लड़े। मेरी एक ही योजना थी कि मैं निरंतरता के साथ सही लेंथ हिट करते रहूं। प्लेयर ऑफ द मैच सिराज ने कहा कि सुबह उठने के बाद मैंने सोचा कि मैं कर सकता हूं, मैंने गूगल से एक स्क्रीनशॉट लिया और उसे वॉलपेपर लगाया। ब्रूक का विकेट गेम चेंजिग मोमेंट था, अगर मैंने वो कैच ले लिया होता तो मैच शायद इस स्थिति में पहुंचता नहीं है। ब्रूक ने बेहतरीन पारी खेली। लॉर्ड्स में आउट होने दिल तोड़ने जैसा पल था, जडेजा भाई ने मुझे यही कहा था कि मैं खेलते रहूं और अपने पिता के बारे में सोचते रहूं कि उन्होंने यहां तक मुझे पहुंचाने के लिए कितनी मेहनत की थी।

## भारत की रनों के लिहाज से सबसे छोटी जीत

**लंदन, वार्ता।** भारत की इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट में 6 की जीत उनके लिए टेस्ट में रनों के मामले से उनकी सबसे छोटी जीत है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 13 रन की जीत के अपने पिछले रिकॉर्ड को तोड़ा। एक रोचक सीरीज का अंत रोचक रूप में हुआ। चौथे दिन के खेल के अंतिम चरण तक मैच पूरी तरह से इंग्लैंड के कब्जे में प्रतीत हो रहा था लेकिन दो नियमित विकेट ने मैच का रुख एकतरफा होने से रोका और पांचवें दिन आकर भारत ने इंग्लैंड के जबड़े से जीत छीन ली। सिराज ने पंजा लेकर भारत की झोली में जीत डाली। सिराज ने आते ही दिन के अपने पहले ओवर में स्मिथ को पवेलियन भेजा और फिर ओवर्टन को लेग बिफोर आउट किया। प्रसिद्ध कृष्णा ने भी जोश टंग को पवेलियन लौटाया लेकिन ऐटकिसन ने बड़े प्रहार कर इंग्लैंड को जल्द से जल्द जीत दिलाने की कोशिश की लेकिन सिराज ने अपने 31वें ओवर की पहली गेंद पर ऐटकिसन को बोल्ड करते हुए मैच भारत के पक्ष में झुका दिया।

# सूर्या पूरी तरह फिट होने के लिए एनसीए में



**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव सर्जरी के बाद एशिया कप से पहले पूरी तरह फिट होने के लिए इस समय राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में है।

सूर्यकुमार यादव ने हाल ही में पुनर्वास और फिटनेस आकलन के लिए बेंगलुरु स्थित भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर में रिपोर्ट की थी। पूरी तहर फिट न होने के कारण उन्हें पश्चिम क्षेत्र के चयनकर्ताओं ने दलीप ट्रॉफी के लिए 15 सदस्यीय टीम से बाहर रखा। ऐसा माना जा रहा है कि सूर्यकुमार ने उन्हें सूचित कर दिया था कि उन्होंने सीओई जांच करा ली है। म्यूनिख में हुई उनकी हर्निया की सर्जरी के बाद वह पुनर्वास की प्रक्रिया में है। सूर्यकुमार का अगला बड़ा टूर्नामेंट नौ से 28 सितंबर तक यूएई में होने वाला एशिया कप है। इस तेजतर्रार टी-20 बल्लेबाज से इस टूर्नामेंट में भारत की कप्तानी करने की उम्मीद है। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के अधिकारियों के अनुसार, उन्हें इस आयोजन से पहले पूरी तरह फिट होने का भरोसा है। उन्हें आखिरी बार आईपीएल के दौरान मुंबई इंडियंस की ओर से खेलते हुए देखा गया था। इस बीच, पता चला है कि श्रेयस अय्यर पिछले हफ्ते फिटनेस टेस्ट के लिए सीओई आए थे। अब वह मुंबई लौट गए हैं और माना जा रहा है कि यह दौरा नियमित जांच के लिए था। बताया जा रहा है कि वह पूरी तरह फिट हैं और खेलने के लिए तैयार हैं। एशिया कप के लिए चुने जाने तक, उन्हें दलीप ट्रॉफी में खेलना चाहिए। अय्यर आखिरी बार आईपीएल फाइनल में पंजाब किंग्स फैंचाइजी की कप्तानी करते हुए देखे गए थे। आईपीएल के बेहद सफल सीजन के बाद, एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए भारतीय टेस्ट टीम में उनके शामिल होने की काफी अटकलें लगाई जा रही थीं, लेकिन अपेक्षित चयन नहीं हो पाया।

# क्रिस वोक्स बल्लेबाजी के लिए उपलब्ध हैः रूट



**● जो रूट ने कहा कि वोक्स की तैयारी यह दिखाती है कि वह टीम के लिए कितने समर्पित है**

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के ऑलराउंडर जो रूट ने कहा है कि चोटिल तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स कंधे की चोट के बावजूद ओवल टेस्ट के आखिरी दिन बल्लेबाजी के लिए उपलब्ध हैं। वोक्स ने रविवार को स्टेडियम के इनडोर फैसल्टी में एक हाथ से बल्लेबाजी का अभ्यास किया और शाम के सत्र में अपनी किट पहने भी नजर आए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर वह नंबर 11 पर बल्लेबाजी कर सकें।

इंग्लैंड को जीत के लिए 35 रन और चाहिए और उनके पास चार विकेट शेष हैं। जो रूट ने कहा कि वोक्स की तैयारी यह दिखाती है कि वह टीम के लिए कितने समर्पित हैं। रूट ने कहा कि वह शेष खिलाड़ियों जैसे पूरी तरह से तैयार हैं। यह ऐसी सीरीज रही है, जिसमें खिलाड़ियों को अपनी सीमाओं से आगे जाना पड़ा है। हालांकि उम्मीद है कि हमें उनकी आवश्यकता नहीं पड़ेगी। लेकिन उन्होंने आज थ्रोडाउन लिए हैं और वह टीम के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं। यह देखना बाकी है कि वोक्स दाएं हाथ से बल्लेबाजी करने का प्रयास करेंगे या चोट के कारण बाएं हाथ से बल्लेबाजी करेंगे, जैसे एक बार सलीम मलिक ने किया था। या हो सकता है कि वह मैल्कॉम मार्शल की तरह एक हाथ से खेलें। उन्होंने कहा कि इस बारे में मुझे नहीं पता। मैंने उन्हें अभी अभ्यास करते नहीं देखा है। शायद सुबह अगर वह थ्रोडाउन लेते हैं, तो जरूर साफ हो जाएगा। इंग्लैंड ने अभी वोक्स की चोट की पूरी जानकारी नहीं दी है और मैच के बाद वह स्कैन के लिए जाएंगे। लेकिन उनके इस समर में दोबारा खेलने की संभावना बहुत कम है और 21 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाले पहले ऐशेज टेस्ट में भी वह शायद ही खेल सकें। रूट ने कहा कि यह स्पष्ट है कि वह काफी दर्द में हैं। इस सीरीज में कई खिलाड़ियों को चोट लगी, फिर भी वे खेलते रहे। पंत ने टूटी टांग के साथ बल्लेबाजी की, टीम के लिए यह बहुत मायने रखता है। यह दिखाता है कि उनमें कितना जज्बा है। उम्मीद है कि वोक्स को ऐसा ना करना पड़े, लेकिन अगर करना पड़ा तो वह हमें जीत दिलाने के लिए उतरेंगे। रूट ने कहा कि उनका मानना है कि उनके पास निचले क्रम में ऐसे बल्लेबाज है जो शेष 35 रन बना सकते है और भारत को सीरीज ड्रॉ करने से रोक सकते है। उन्होंने कहा कि मेजबान टीम सोमवार को पहली एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी अपने नाम करेगी। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हमारे पास वह सब कुछ है, जो हमें जीत दिला सकता है। यह एक शानदार सीरीज़ रही है और हमारे ड्रेसिग रूम में आत्मविश्वास है। हमें भरोसा है कि हमारे पास वे खिलाड़ी हैं, जो हमें जीत दिला सकते हैं। लेकिन यह उन सीरीज में से एक है, जहां हर मैच में दोनों टीमों के पास बढ़त बनाने का अवसर था। हमें कल एक शानदार दिन देखने को मिलेगा। इंग्लैंड को सोमवार सुबह भारी रोलर इस्तेमाल करने का अवसर मिलेगा, जिससे रविवार की तरह उन्हें रन बनाने में मदद मिल सकती है।

# सीएम योगी ने किया स्वच्छ कुंड का लोकार्पण

## जाहरवीर गोगा म्हाडी स्थल पर दर्शन कर की पूजा अर्चना, रुद्राक्ष का पौधा भी किया रोपित





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाबा जहारवीर गोगाम्हाड़ी तीर्थ पर दर्शन कर विधि विधान से पूजा अर्चना की। उन्होने तीर्थस्थल में निर्मित स्वच्छ कुण्ड का लोकार्पण किया। इसके साथ ही कलश के जल को कुण्ड में विसर्जित किया। जल को कुण्ड में विसर्जित करते ही सरोवर में लगे फव्वारे चलायमान हो उठे।

मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना की एवं नमन किया। इस अवसर पर उन्होने रूद्राक्ष वृक्ष का पौधा रोपित किया। उन्होने गोगा जी की मूर्ति को भी नमन किया। इस स्वच्छ कुण्ड का निर्माण स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत किया गया है जिसकी कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश निर्माण निगम इकाई मेरठ है। इसकी लागत 14.92 करोड़ रूपये है। मुख्यमंत्री स्वच्छ कुण्ड के निर्माण से खुश हुए तथा की गयी व्यवस्थाओं को लेकर प्रसन्न नजर आए।

इस अवसर पर मंत्री विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी अनिल कुमार, राज्यमंत्री लोक निर्माण विभाग ब्रजेश सिंह, राज्यमंत्री संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास जसवंत सैनी, पद्मश्री योगगुरू भारतभूषण, महापौर डॉ. अजय सिंह, विधायक नगर राजीव गुम्बर, विधायक गंगोह किरत सिंह, विधायक रामपुर मनिहारान देवेन्द्र निम, विधायक नकुड मुकेश चौधरी, मंडलायुक्त अटल कुमार राय, पुलिस उप महानिरीक्षक अभिषेक सिंह, जिलाधिकारी मनीष बंसल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी सहित संतगण मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री योगी ने महापौर व नगर निगम को बार-बार सराहा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज महापौर और नगर निगम टीम की मुक्त कंठ से बार-बार प्रशंसा करते हए बधाई दी।

जनमंच सभागार में स्मार्ट सिटी लि.सहारनपुर की 381 करोड़ रुपये की 15 परियोजनाओं के लोकार्पण समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इन योजनाओं के लिए सहारनुरवासियों को बधाई और महापौर व उनकी नगर टीम का धन्यवाद करता हूं। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी की ये योजनाएं प्रधानमंत्री के विजन को धरा पर उतारने का कार्य कर रही है। आयोजन की सफलता से खुश मुख्यमंत्री ने बाद में पुन: महापौर व नगर निगम टीम की तारीफ की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के एक कोने में होने के कारण सहारनपुर उपेक्षित था और यहां तक विकास नहीं पहुंचता था। लेकिन अब सहारनपुर की निराशा समाप्त हुई है। सहारनपुर को उसकी विरासत से जोड़ा गया है। स्मार्ट सिटी में गोगाजी महाराज के शक्ति स्थल पर तालाब का सौंदर्यीकरण कर एक सुंदर और स्वच्छ कुण्ड का निर्माण कराया गया है।

मुख्यमंत्री गोगा महाड़ी परिसर में निर्मित स्वच्छ कुण्ड के निर्माण से भी प्रसन्न नजर आये। कुण्ड का लोकार्पण करते हुए मुख्यमंत्री ने महापौर डॉ.अजय कुमार से पूछा कि कुण्ड में बने क्या ये फव्वारे भी चलेंगे? महापौर ने बताया कि महाराज श्री जैसे ही आप कलश का जल कुण्ड में विसर्जित करेंगे, वैसे ही फव्वारे चलने लगेंगे। और ऐसा ही हुआ भी। मुख्यमंत्री यह देखकर बहुत खुश हुए और वहां की व्यवस्थाएं देखकर उन्होंने महापौर व नगर टीम की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने गोगाजी को तो नमन किया ही, महापौर द्वारा बताने पर वहां रुद्राक्ष वृक्ष पर भी जल अर्पित कर भगवान शिव का पावन स्मरण करते हुए उन्हें प्रणाम किया। मुख्यमंत्री अपने दौरे के दौरान नगर निगम द्वारा की गयी व्यवस्थाओं को लेकर प्रसन्न नजर आये।

# मुख्यमंत्री ने की विकास व कानून व्यवस्था की समीक्षा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज विकास कार्यों एवं कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से विधानसभावार कार्यों के प्रगति की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से प्राथमिकता निर्धारित करते हुए कार्यों पर यथाशीघ्र कार्यवाही करने निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज जनपद भ्रमण के दौरान सर्किट हाउस सभागार में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था के संबंध में मण्डलीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की मण्डलीय समीक्षा बैठक में जनपद मुजफ्फरनगर एवं शामली के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से जुडेे रहे। समीक्षा बैठक से पूर्व सहारनपुर मण्डल के सांसद, विधायक एवं सदस्य विधान परिषद के साथ लोक निर्माण विभाग, पर्यटन एवं नगर विकास विभाग की बैठक की। समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि रोड़ कनेक्टिविटी के कार्यों पर लापरवाही न की जाए। शिलापट्टों पर जनप्रतिनिधियों के नामों को अंकित किया जाए तथा लोकार्पण एवं शिलान्यास के समय इनको आमंत्रित किया जाए। मण्डलायुक्त अटल कुमार राय ने एलईडी के माध्यम से मुख्यमंत्री को स्वास्थ्य, ऊर्जा, खाद्य एवं रसद, ग्राम्य विकास, नगर विकास, पंचायत राज, बेसिक शिक्षा, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, पशुपालन, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम, वन, सिंचाई एवं जल संसाधन, कृषि, राजस्व एवं नियोजन सहित जनपदों में किए जा रहे नवाचार के संबंध में जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की प्रपत्रवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि मनरेगा के अन्तर्गत कार्य करने वाले श्रमिकों को श्रमांश का भुगतान समय से किया जाए।

उन्होने कहा कि सामुदायिक शौचालयों पर लगी महिला केयरटेकरों को प्रत्येक माह भुगतान किया जाए और समय-समय पर इसका सत्यापन भी किया जाए। जर्जर हो चुके विद्यालयों के बच्चों को दूसरे विद्यालयों में शिफ्ट कराया जाए और विद्यालयों के मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण कराये। शिक्षकों की विद्यालयों में समय से उपस्थिति सुनिश्चित कराये तथा उपस्थिति का रेण्डमली सत्यापन भी किया जाए। बैठक में मंत्री विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी उत्तर प्रदेश अनिल कुमार, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार व्यवसायिक शिक्षा, कौशल शिक्षा उत्तर प्रदेश कपिल देव अग्रवाल, राज्यमंत्री लोक निर्माण विभाग ब्रजेश सिंह, राज्यमंत्री संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास जसवंत सैनी, बिजनौर सांसद चंदन चौहान, विधायक नगर राजीव गुम्बर, विधायक गंगोह किरत सिंह, विधायक रामपुर मनिहारान देवेन्द्र निम, विधायक नकुड मुकेश चौधरी, विधायक खतौली मदन भैया, विधायक बुढाना राजपाल बालियान, जानसठ विधायक मिथिलेश पाल, विधायक शामली प्रसन चौधरी, सदस्य विधान परिषद मोहित बेनीवाल, सदस्य विधान परिषद श्रीमती वंदना वर्मा, सदस्य विधान परिषद वीरेन्द्र सिंह, मंडलायुक्त अटल कुमार राय, पुलिस उप महानिरीक्षक अभिषेक सिंह, कुलपति माँ शाकुम्भरी देवी विश्वविद्यालय प्रो. वाई. विमला, जिलाधिकारी मनीष बंसल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी, मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सलिल कुमार पटेल सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सीएम के कर कमलों से 15 परियोजनाओं का लोकार्पण

## मां शाकम्भरी कोरिडोर का होगा निर्माण, बनेगा एलीवेटिड मार्ग, जिले के सभी निकाय बनेंगे स्मार्ट सिटी: योगी





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत 381 करोड की 15 विकास परियोजनाओं का लोकापर्ण किया। साथ ही विभिन्न योजनाओं के 21 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये।

जनमंच सभागार में मण्डलायुक्त अटल कुमार राय ने मुख्यमंत्री को काष्ठ से निर्मित शंकर की एवं जिलाधिकारी मनीष बंसल ने गणेश की प्रतिमा भेंट की। मुख्यमंत्री ने जनपद वासियों को बधाई देते हुए कहा कि वर्तमान सरकार ने इस क्षेत्र की उपेक्षा को समाप्त कर विकास और विरासत के संरक्षण का एक नया अध्याय शुरू किया है। सहारनपुर, प्रदेश का एक कोना होने के कारण पहले उपेक्षित रहा, लेकिन अब डबल इंजन सरकार में सहारनपुर को उसकी विरासत से जोड़ने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पहले इस क्षेत्र से पलायन और निराशा थी, लेकिन अब सहारनपुर की जनता में नई उम्मीद जगी है।

उन्होंने कहा कि मां शाकम्भरी का पावन धाम और माता त्रिपुरी बाला सुंदरी का स्थल इस क्षेत्र की पहचान हैं। मां शाकम्भरी विश्वविद्यालय का निर्माण पूरा हो चुका है और इसका हैंडओवर अंतिम चरण में है। जल्द ही इसका भव्य लोकार्पण होगा। इसके अलावा, मां शाकम्भरी कॉरिडोर और ऐलिवेटेड मार्ग के निर्माण की योजना का भी जिक्र किया, जिससे श्रद्धालु हर मौसम में आसानी से तीर्थ स्थल तक पहुंच सकेंगे। उन्होंने जाहर वीर गोगा के सुंदरीकरण कार्य का उद्घाटन करने की बात कही, जो 900 साल पहले विदेशी आक्रांताओं से देश की रक्षा करने वाले वीर योद्धा थे और जिन्होंने बाबा गोरखनाथ के दर्शन के उपरांत यहां पर समाधि ली थी, उनके आश्रम को भव्य रूप दिया गया है। उन्होने कहा कि वर्तमान सरकार ने सहारनपुर को उसकी पहचान और गौरव से जोड़ा है। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत अब सभी जिला मुख्यालयों के नगर निकायों को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा। सहारनपुर में स्पोर्ट्स कॉलेज का निर्माण हो रहा है और मेरठ में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी बन रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सहारनपुर की लकड़ी की नक्काशी और फर्नीचर उद्योग की प्रशंसा की और कहा कि अगर पूर्ववर्ती सरकारों ने इसे प्रोत्साहन दिया होता तो यह इटली के फर्नीचर से भी बेहतर पहचान बना सकता था। उन्होंने स्वदेशी अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि स्वदेशी को अपनाने से हमारे कारीगरों को लाभ होगा और अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्षा बंधन के अवसर पर 8, 9 और 10 अगस्त 2025 तक महिलाऐं उत्तर प्रदेश परिवहन की बसों में मुफ्त यात्रा करेंगी। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से हर जनपद अपनी पहचान के साथ आगे बढ़ रहा है। स्थानीय उत्पाद ही विकसित भारत की आधार शिला बनेगा। उन्होने वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) और विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना का जिक्र करते हुए कहा कि इन योजनाओं ने स्थानीय कारीगरों और हस्तशिल्पियों को नई पहचान दी है। उन्होंने कहा कि सहारनपुर की मूर्तियां और हस्तशिल्प अब स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दे रहे हैं।

आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने युवा उद्यमी विकास योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्न्यन योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना सहित अन्य योजनाओं के लाभार्थी नरेश कुमार, मांगेराम, ममता, डेविड, भूपेन्द्र कुमार, कीर्ति बंसल, मेनका, राधा, अनीता, विनोद, धनंजय, सतपाल, रामकुमार, संदीप शर्मा, शिखा यादव और प्रशांत चौधरी को प्रशस्ति पत्र, डेमो चेक, मकान और ट्रैक्टर की चाबी देकर लाभांवित किया गया।

महापौर अजय सिंह ने स्वागत उद्बोधन करते हुए कहा कि अर्थव्यवस्था को बेहतर करने के लिए देश में प्रधानमंत्री एवं प्रदेश में मुख्यमंत्री जी की सराहना की। उन्होने मुख्यमंत्री की सुशासन, सेवा एवं समर्पण भाव से कार्य करने की प्रशंसा की।

इस अवसर पर मंत्री विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी उत्तर प्रदेश अनिल कुमार, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार व्यवसायिक शिक्षा, कौशल शिक्षा उत्तर प्रदेश कपिल देव अग्रवाल, राज्यमंत्री लोक निर्माण विभाग ब्रजेश सिंह, राज्यमंत्री संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास जसवंत सैनी, महापौर डॉ. अजय सिंह, विधायक नगर राजीव गुम्बर, विधायक गंगोह किरत सिंह, विधायक रामपुर मनिहारान देवेन्द्र निम, विधायक नकुड़ मुकेश चौधरी, जिलापंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी, वंदना वर्मा सदस्य विधान परिषद, मण्डलायुक्त अटल कुमार राय, पुलिस उप महानिरीक्षक अभिषेक सिंह, जिलाधिकारी मनीष बंसल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी, जिलाध्यक्ष भाजपा डॉ. महेन्द्र सैनी, महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# सीएम से मिले भाजपा नेता



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आज सुबह सरसावा एयरपोर्ट पर पहुंचने पर पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी व राघव लखनपाल समेत भाजपा नेताओं ने स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सभी का व्यक्तिगत परिचय प्राप्त किया।

आज सरसावा एयरपोर्ट पहुंचने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जनपद के भाजपा नेताओं स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी नेताओं से व्यक्तिगत परिचय प्राप्त किया तथा वर्तमान मेंजनपद की राजनीति व विकास कार्यो पर जानकारी प्राप्त की।

इस दौरान पूर्व सांसद राधव लखन पाल षर्मा, पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, पूर्व विधायक महीपाल सिंह माजरा, पूर्व नगर अध्यक्ष के एल अरोडा व अमर गुप्ता समेत आदि नेता मौजूद रहे।

# जन प्रतिनिधि कहलाने के लिए भाजपा से जुड़ा होना जरूरी?

## संवाद कार्यक्रम में मण्डल के विपक्षी सांसद व विधायक नहीं किए गए आमंत्रित











**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार में जन प्रतिनिधित्व का अर्थ मात्र सत्ता पक्ष से जुड़ा होना माना जाने लगा है। शायद यही कारण है कि आज सहारनपुर में हुए मुख्यमंत्री के जन प्रतिनिधि संवाद कार्यक्रम में अन्य दलों के जन प्रतिनिधियों की उपेक्षा करते हुए केवल सत्ता पक्ष के 'माननीयों' को ही आमंत्रित किया गया। इसको लेकर विपक्ष भी आक्रामक हो गया है और इसे भाजपा की तानाशाही करार दे रहा है।

दरअसल प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज सहारनपुर में थे। सर्किट हाउस में मुख्यमंत्री का सहारनपुर मंडल के जन प्रतिनिधियों के साथ संवाद कार्यक्रम था। जिसमें केवल भाजपा के ही जन प्रतिनिधि शामिल किये गये। जबकि विपक्षी दलों की उपेक्षा करते हुए उन्हें आमंत्रित ही नहीं किया गया। सहारनपुर से कांग्रेस सांसद इमरान मसूद, कैराना से सपा सांसद इकरा हसन, सपा के दो विधायक आशु मलिक और उमर अली खान तथा सपा एमएलसी शाहनवाज खान को कार्यक्रम के प्रोटोकॉल अधिकारी की ओर से कोई निमंत्रण पत्र नहीं भेजा गया। जिसको लेकर विपक्ष में रोष व्याप्त है। विपक्ष का कहना है कि प्रदेश की भाजपा सरकार तानाशाही शासन की तरफ बढ़ रही है। यही कारण है कि भाजपा अब पार्टी से जुड़े नेताओं को ही जन प्रतिनिधि मानने लगी है। जबकि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम स्पष्ट रूप से परिभाषित करता है कि जनता द्वारा वैधानिक प्रक्रिया द्वारा चुना गया व्यक्ति ही जन प्रतिनिधि है। इसमें सत्तारूढ़ राजनीतिक दल से संबद्ध होना कोई अनिवार्य शर्त नहीं है। कहा कि भाजपा द्वारा प्रारंभ से ही विपक्षी दलों के जन प्रतिनिधियों को अपमानित किया जाता रहा है। यह कोई नई बात नहीं है। आने वाले चुनाव में प्रदेश की जनता भाजपा को इसका करारा जवाब अवश्य देगी।

वहीं दूसरी ओर, कार्यक्रम के प्रोटोकॉल अधिकारी सिटी मजिस्ट्रेट ने इससे अपना पल्ला झाड़ लिया। उनका कहना है कि वीवीआईपी कार्यक्रम के आमंत्रण पत्र भेजने के लिए मंडल स्तरीय अधिकारी को अधिकृत किया जाता है। इस बाबत उन्हें सटीक जानकारी नहीं है।

# भाकियू नेता पदम रहे नजरबंद



**बेहट।** भारतीय किसान यूनियन (अंबावता) के जिला अध्यक्ष द्वारा पदम प्रकाश शर्मा का मुख्यमंत्री के ज्ञापन देने की खबर पुलिस को मिली तो पुलिस ने उन्हें घर पर ही नजर बन्द रखा और ज्ञापन लेकर शाम को मुख्यमंत्री के जाने के बाद छोड़ा गया।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जनपद में परियोजनाओं के लोकार्पण कार्य क्रम में उनके आने का पता भाकियू अम्बवता के जिला अध्यक्ष पदम प्रकाश शर्म को लगा तो वह मुख्यमंत्री से मिलकर इलाके की समस्याओं से संबंधित एक ज्ञापन देने का कार्यक्रम बनाया तो जैसे ही उनके मुख्यमंत्री से मिलने की जानकारी पुलिस प्रशासन को मिली तो मुख्यमंत्री के आगमन से पहले ही कोतवाली बेहट पुलिस के आवास गांव नानौली पहुंची और भाकियू के जिला अध्यक्ष पदम प्रकाश शर्मा से कहा कि आप मुख्यमंत्री को जो ज्ञापन देने के लिए जा रहे है वो ज्ञापन हमे दे दो आप को मुख्यमंत्री से मिलने की अनुमति नहीं है। जिला अध्यक्ष पदम प्रकाश शर्मा पुलिस के सामने मुख्यमंत्री से मिलने की जिद पर अड़े रहे जिस पर पुलिस ने सख्ती करते हुए उन्हें घर पर ही नजरबंद कर दिया गया। बाद में जिला अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन पुलिस को दिया गया। मुख्यमंत्री के जनपद से जाने के बाद ही उन्हें नजरबंद से छोड़ा गया।

# 30 सितम्बर तक पूरा करें सदस्यता अभियान: चौ. नीरपाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** रालोद खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नीरपाल सिंह ने कहा कि प्रत्येक जिलाध्यक्ष, महानगर अध्यक्ष अपने अपने जिलों में हर महीने कार्यशाला का आयोजन करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान को 30 सितंबर तक पूरा कर ले।

हकीकत नगर कैंप कार्यालय पर राष्ट्रीय लोक दल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह व प्रदेश अध्यक्ष दीपक तोमर ने सहारनपुर मंडल की समीक्षा बैठक की। तीनों जिलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान पदाधिकारी नियुक्त किए। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि प्रत्येक जिलाध्यक्ष, महानगर अध्यक्ष अपने अपने जिलों में हर महीने कार्यशाला का आयोजन करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान को 30 सितंबर तक पूरा कर ले। और अपने क्षेत्र में गांव गांव जाकर किसानों से संवाद करे।जिला पंचायत चुनाव की तैयारी करें। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष दीपक तोमर ने जिला व महानगर अध्यक्षों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि जो भी पदाधिकारी निष्क्रिय रहेगा उसे तत्काल पदमुक्त किया जाएगा। बैठक में प्रदेश महासचिव अरविंद पंवार भारसी, प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश चौधरी एडवोकेट, चौधरी युवराज सिंह, जिलाध्यक्ष शामली विनोद प्रधान, जिलाध्यक्ष मुजफ्फरनगर दीपक बालियान, जिलाध्यक्ष रिंकू सोनकर, महानगर अध्यक्ष अरविंद मलिक, आरिफ मलिक, नीरज चौधरी, आशीष तोमर, रवि चौधरी, सचिन, राजीव, विकास धनेना, आदि उपस्थित रहे।

# लाईने बदलने के चलते बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**सहारनपुर।** अनवरत एवं सुचारू विद्युत आपूर्ति के दृष्टिगत रेलवे यार्ड के अन्तर्गत ओवर ब्रिज निर्माण कार्य में बाधक 33 के.वी. लाईनों को स्थानान्तरित किये जाने के मद्दे नजर विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

नगरीय वितरण खंड द्वितीय के अधिशासी अभियंता अविनाश कुमार ने बताया बिजनेस प्लान 2024-25 योजना के अन्तर्गत 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र (रायवाला) जैन बाग से पोषित 11 केवी रायवाला पोषक के क्षेत्रान्तर्गत 2 नग नये 100 के.वी.ए. परिवर्तक स्थापित करने का कार्य कराया जाना है। जिसके मद्देनजर कल (आज) 66/33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र जनक नगर, ट्रांसपोर्ट नगर व हुसैन बस्ती की समय दोपहर 12 से दोपहर 2 बजे तक एवं 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र (रायवाला) जैन बाग से पोषित 11 के.वी. रायवाला पोषक की समय सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया प्रभावित होने वाला क्षेत्र विद्युत उपकेन्द्र जनक नगर, ट्रांसपोर्ट नगर व हुसैन बस्ती, से पोषित समस्त 11 के.वी. पोषक, आजाद कालोनी, प्रताप नगर, कम्बोह कटहरा, रानी बाजार, रायवाला, कन्हैया लाल मार्किट व अंकुर मार्किट आदि शामिल है।

# फरहाद गाडा पर दर्ज मुकदमा पुलिस की ओछी हरकत: डा. राहुल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पीडीए पाठशाला चलाये जाने के बाद सपा के वरिष्ठ नेता फरहाद आलम गाडा पर दर्ज किये गये मुकदमे को लेकर सपा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. राहुल भारती ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए इसे दमनात्मक बताया है।

डा. राहुल भारती ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने जिस तरीके से सरकारी विद्यालय मर्ज करने का फरमान सुनाया था वह शिक्षा के अधिकार का खुला उल्लंघन था। जिसके विरोध में प्रदेश भर में पीडीए पाठशाला चलाई गयी। ए फोर अखिलेश बी फोर बाबा साहब बच्चों को पीडीए पाठशाला में बच्चों को इसलिए पढाना पडा क्योंकि सरकार यदि उनको ए फोर एप्पल नही पढाना चाहती तो पीडीए पाठशाला में वह अपने महापुरूषों और संघर्ष करने वाले लोगों के बारे में जान सके। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता फरहाद आलम गाडा द्वारा पीडीए पाठशाला चलाई गयी थी जिस पर मुकदमा दर्ज किया गया है। यह केवल राजनीति से प्रेरित है। क्योंकि पुलिस प्रशासन पीडीए पाठशाला रोकने की कोशिश में था और यह प्रयास कर रहा था कि किस तरह से पीडीए पाठशाला को रोका जाये। डा. राहुल भारती ने कहा कि जब उन्हे इसमें कुछ नही मिला तो प्रशासन ने ओछी हरकत करने का काम किया। उन्होने कहा कि फरहाद आलम गाडा पर दर्ज मुकदमे का वह पूरी तरह विरोध करते है और भाजपा सरकार हमारे बच्चों को शिक्षा से वंचित करने का काम करेंगे तो पूरे देश के अन्दर ऐसी पाठशालाएं चलायी जायेगी।

शाह टाइम्स

# सम्पादकीय

मंगलवार, 5 अगस्त 2025

## अमेरिका का अड़ियल रुख

विश्व में अमेरिकी धौंस बनाए रखने के लिए वहां के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प बराबर देशों को धमका रहे हैं। कभी वह युद्ध रुकवाने के नाम पर विदेशों को धमकी देते दिखाई देते हैं तो कभी व्यापार को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। ऐसा करते हुए भी वह दोस्त व दुश्मन में भी कोई भेद करते दिखाई नहीं दे रहे हैं। सभी को एक डंडे से हांक रहे हैं। भारत की ही बात करें, भारत को मित्र देश की श्रेणी में भी रखते हैं, रणनीतिक साझेदार भी बताते हैं, लेकिन साथ ही 25 प्रतिशत का टैरिफ भी लगाते हैं और दलील देते हैं कि भारत रूस से तेल खरीद रहा है और वह तेल का पैसा रूस को मजबूत कर रहा है। जिससे रूस को यूक्रेन के साथ युद्ध करने में मदद मिल रही है और यह तब है जब अभी व्यापार को लेकर भारत व अमेरिका के प्रतिनिधियों के बीच वार्ता चल रही है।

ऐसा ही रुख वह चीन के प्रति भी दिखा रहा है। चीन को भी सीधे धमकी दे रहा है और रूस व इरान से तेल न लेने के लिए दबाव बना रहा है और बात न मानने की सूरत में सौ फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी दे रहा है। चीन ने हालांकि साफ कर दिया कि वह अमेरिका की धमकियों से पीछे हटने वाला नहीं है। ईरान और रूस से वह अपना तेल लेना जारी रखेगा। यह भी तब है जब स्कॉटहाम में व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए दोनों देश बैठक कर रहे हैं। अमेरिका कितना आक्रामक है यह अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट की एक्स पर की गई टिप्पणी से स्पष्ट हो जाता है, जिसमें उन्होंने कहा है कि जब रूस से तेल खरीदने की बात आती है तब चीन अपनी संप्रभुता को गंभीरता से लेता है। वैसे देखा जाए तो यह सीधे-सीधे खुली गुंडागर्दी की तरह है। हर देश की अपनी एक संप्रभुता है, अपनी जरूरत है और अपनी क्षमता है। उसी के अनुसार किसी भी देश को अपनी नीति बनानी पड़ती है। बनानी भी चाहिए, लेकिन कोई बड़ा देश उसको अपनी नीति छोड़ने के लिए कहने लगे, इसका कैसे समर्थन किया जा सकता है।

आखिर अमेरिका क्या कर रहा है। अमेरिका भी तो अपने हित ही देख रहा है, बल्कि अपने हितों की पूर्ति करने के लिए वह किसी भी हद तक जाने को आतुर दिखाई दे रहा है। यह दबंगई नहीं तो और क्या है, ऐसा करते हुए वह अपने आचरण को छुपा भी नहीं रहा है। खुल्लमखुल्ला लोगों को धमका रहा है। कोई भी समझ सकता है कि अगर देश रूस से व्यापार करने को लेकर पीछे हटते हैं तो रूस भी हाथ पर हाथ रखकर तो बैठेगा नहीं। अगर रूस इतना कमजोर होता तो वह ट्रम्प की बात कब की मान चुका होता। चीन ने भी उसकी बात मानने से साफ इन्कार कर दिया है। भले ही अमेरिकी राष्ट्रपति को लग रहा हो, वह टैरिफ के माध्यम से न सिर्फ कमजोर देशों को झुका देंगे, बल्कि उसके द्वारा होने वाली आमदनी से वह अमेरिका को मजबूती देंगे, लेकिन उन्हें समझना होगा कि हर चीज के दो पहलू होते हैं, यह दांव उल्टा भी पड़ सकता है। जिसकी कई अर्थशास्त्री आशंका भी जता चुके हैं। ऐसी भी खबरें हैं कि अमेरिका में महंगाई बढ़ने लगी है। कुल मिलाकर जिस तरह युद्धों के भय से पहले ही दुनिया डरी हुई थी, अब ट्रम्प के टैरिफ वॉर ने इसमें और आग में घी का काम किया है।

## सुरक्षा बलों के पराक्रम पर सवाल



भाजपा विरासत के संरक्षण के साथ-साथ विकास के लिए भी संकल्पित है, विरासत के संरक्षण के लिए मां शाकंभरी देवी कारिडोर बन रहा है, किसी भी मौसम में देशभर के श्रद्धालु आ सकते हैं, इसी तरह महाकुंभ में इतने श्रद्धालु आए, इससे कांग्रेस और उसके सहयोगी दल परेशान हैं, अगर आतंकी वारदात होती है, तो यह संरक्षण देने के लिए छाती चौड़ी करके आगे बढ़ने का काम करते हैं, हाल ही में दो घटनाओं पर न्यायालय ने निर्णय दिया, महाराष्ट्र के मालेगांव में कांग्रेस की तत्कालीन सरकार ने हिंदुओं को अभियुक्त बनाया था, कांग्रेस और उसके सहयोगी दल का यह कृत्य राष्ट्रद्रोह की श्रेणी में आता है, कांग्रेस आतंकी हमला करने वालों को क्लीन चिट देती है और सुरक्षा बलों के पराक्रम पर सवाल खड़ा करती है।

**-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र**

# डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत को तोहफा





**विनीत नारायण**

हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत से आयात होने वाले सामानों पर 25 प्रतिशत टैरिफ और रूस से तेल और हथियारों की खरीद के लिए अतिरिक्त दंड की घोषणा की। यह कदम भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों में एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में देखा जा रहा है, विशेष रूप से तब जब दोनों देश एक व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। ट्रम्प ने भारत और रूस को 'मृत अर्थव्यवस्था' (डेड इकॉनमी) कहकर निशाना बनाया और भारत के उच्च टैरिफ और गैर-मौद्रिक व्यापार बाधाओं को इसका कारण बताया।

डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने दूसरे कार्यकाल में वैश्विक व्यापार को प्रभावित करने वाली आक्रामक टैरिफ नीतियों को अपनाया है। 7 अगस्त 2025 से लागू होने वाले 25 प्रतिशत टैरिफ का ऐलान करते हुए, ट्रम्प ने भारत के रूस से तेल और सैन्य उपकरणों की खरीद को प्रमुख कारण बताया। उनके अनुसार, भारत रूस का सबसे बड़ा ऊर्जा खरीदार है, जो यूक्रेन में रूस के सैन्य अभियान के समय में अस्वीकार्य है। इसके अतिरिक्त, ट्रम्प ने भारत के उच्च टैरिफ द्धजिसे उन्होंने दुनिया में सबसे अधिक बतायाक्ष और गैर-मौद्रिक व्यापार बाधाओं की भी आलोचना की।

यह टैरिफ अचानक भारत के लिए एक झटके के रूप में आया है, क्योंकि भारत और अमेरिका पिछले कुछ महीनों से एक व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे थे। ट्रम्प ने पहले 20-25 प्रतिशत टैरिफ की संभावना जताई थी, लेकिन अंतिम घोषणा में अतिरिक्त दंड भी शामिल किया गया। यह कदम भारत के फार्मास्यूटिकल्स, कपड़ा, रत्न और आभूषण और ऑटोमोबाइल जैसे क्षेत्रों को प्रभावित कर सकता है, जो अमेरिका के साथ भारत के व्यापार का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

कांग्रेस के नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने ट्रम्प के 'मृत अर्थव्यवस्था' वाले बयान का समर्थन करते हुए केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, हां, ट्रम्प सही हैं। हर कोई जानता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था मृत है, सिवाय प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री के। मुझे खुशी है कि ट्रम्प ने यह तथ्य सामने रखा। पूरी दुनिया जानती है कि भारतीय अर्थव्यवस्था खत्म हो चुकी है। भाजपा ने अडानी को मदद करने के लिए अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया।

राहुल गांधी ने नरेंद्र मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों पर सवाल उठाए, विशेष रूप से नोटबंदी और 'त्रुटिपूर्ण' जीएसटी को अर्थव्यवस्था के पतन का कारण बताया। उन्होंने यह भी पूछा कि ट्रम्प के भारत-पाकिस्तान सीजफायर को लेकर बार बार किए जा रहे दावों पर प्रधानमंत्री की चुप्पी क्यों है?

कांग्रेस पार्टी ने इस टैरिफ को भारत की विदेश नीति की विफलता के रूप में चित्रित किया। कांग्रेस नेता सुप्रिया नेत ने कहा, राहुल गांधी ने पहले ही इस बारे में चेतावनी दी थी। यह टैरिफ हमारी अर्थव्यवस्था, निर्यात, उत्पादन और रोजगार पर असर डालेगा। हम अमेरिका को फार्मास्यूटिकल्स निर्यात करते हैं और 25 प्रतिशत टैरिफ से ए महंगे हो जाएंगे, जिससे मांग कम होगी और उत्पादन व रोजगार पर असर पड़ेगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी प्रधानमंत्री की चुप्पी पर सवाल उठाए और टैरिफ को भारत के व्यापार, एमएसएमई और किसानों के लिए हानिकारक बताया।

अन्य विपक्षी नेताओं ने भी इस मुद्दे पर सरकार की आलोचना की। समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने इसे भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बुरे दिनों की शुरुआत बताया, जबकि असदुद्दीन ओवैसी ने ट्रम्प को व्हाइट हाउस का जोकर कहकर उनकी आलोचना की। हालांकि, कांग्रेस के कुछ नेताओं ने राहुल गांधी के रुख से अलग हटकर अधिक संतुलित दृष्टिकोण अपनाया। शशि थरूर ने चेतावनी दी कि टैरिफ भारत-अमेरिका व्यापार को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकते हैं और भारत को अपने निर्यात बाजारों में विविधता लाने की आवश्यकता है।

वहीं अर्थशास्त्रियों ने इस टैरिफ के भारत की अर्थव्यवस्था पर संभावित प्रभाव को लेकर मिश्रित राय व्यक्त की है। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि इसका प्रभाव सीमित होगा, जबकि अन्य ने दीर्घकालिक नुकसान की चेतावनी दी है। ईन्वेस्टमेंट इनफार्मेशन एंड क्रेडिट रेटिंग एजेंसी ऑफ इंडिया (आईसीआरए) की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, प्रस्तावित टैरिफ और दंड हमारी अपेक्षा से अधिक हैं और इससे भारत की जीडीपी वृद्धि पर असर पड़ सकता है। प्रभाव की गंभीरता दंड के आकार पर निर्भर करेगी। अर्नेस्ट एंड यंग इंडिया (ई-वाई) के व्यापार नीति विशेषज्ञ अग्नेश्वर सेन ने बताया कि टैरिफ से समुद्री उत्पाद, फार्मास्यूटिकल्स, कपड़ा, चमड़ा और ऑटोमोबाइल जैसे क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित होंगे। यह क्षेत्र भारत-अमेरिका व्यापार में मजबूत हैं, और टैरिफ से इनकी प्रतिस्पर्धात्मकता कम हो सकती है।

फाउंडेशन फॉर इकोनॉमिक डेवलपमेंट के राहुल अहलूवालिया ने चेतावनी दी कि टैरिफ भारत को वियतनाम और चीन जैसे अन्य एशियाई अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में कमजोर स्थिति में ला सकता है। उनके अनुसार, निर्यात आपूर्ति श्रंखलाओं का भारत की ओर स्थानांतरण अब संभावना नहीं है। हालांकि, कुछ विशेषज्ञों ने आशावादी रुख अपनाया। फिक्की के अध्यक्ष हर्षवर्धन अग्रवाल ने कहा, हालांकि यह कदम दुर्भाग्यपूर्ण है और हमारे निर्यात पर असर डालेगा, हमें उम्मीद है कि यह एक अल्पकालिक घटना होगी और दोनों पक्ष जल्द ही एक स्थाई व्यापार समझौते पर पहुंच जाएंगे। भारत सरकार ने इस मुद्दे पर सतर्क और संयमित रुख अपनाया है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने संसद में कहा, हम राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे। भारत ने एक दशक में फ्रैजाइल फाइव से दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनने का सफर तय किया है। सरक.ारी सूत्रों ने संकेत दिया है कि भारत तत्काल जवाबी टैरिफ लगाने के बजाय बातचीत के रास्ते को अपनाएगा।

एक सूत्र ने कहा, चुप्पी सबसे अच्छा जवाब है। हम बातचीत की मेज पर इस मुद्दे को हल करेंगे। कुल मिलाकर डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत पर लगाए गए 25 प्रतिशत टैरिफ और अतिरिक्त दंड ने भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों में एक नया तनाव पैदा कर दिया है। राहुल गांधी और विपक्ष ने इसे सरकार की आर्थिक और विदेश नीति की विफलता के रूप में प्रस्तुत किया, जबकि अर्थशास्त्रियों ने इसके मिश्रित प्रभावों की ओर इशारा किया है। जहां कुछ क्षेत्रों पर तत्काल असर पड़ सकता है, वहीं भारत के पास अन्य बाजारों में विविधता लाने और बातचीत के जरिए समाधान खोजने का अवसर है। यह स्थिति न केवल आर्थिक बल्कि भूराजनीतिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत को अपनी रणनीतिक स्वायत्तता और आर्थिक हितों को संतुलित करना होगा। देखना यह है कि आने वाले दिनों में सरकार इस समस्या से कैसे निपटती है।

# अगस्त में इन हसीन जगहों को करें एक्सप्लोर

**केरल की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में फेमस त्रिशूर घूमने के लिहाज से एक परफेक्ट डेस्टिनेशन है। यह केरल का ऐतिहा. सिक और धार्मिक शहर माना जाता है। त्रिशूर में आपको खूबसूरती से लेकर स्थानीय संस्कृति का बेजोड़ नमूना देखने का मौका मिलेगा। आप यहां पर अथिरापल्ली झरना, वड़ाकुमनाथन मंदिर आदि को भी एक्सप्लोर कर सकते हैं।**

जब भी दक्षिण भारतीय राज्यों में घूमने की बात होती है, तो लोग सबसे पहले केरल का नाम लेते हैं। अरब सागर के तट पर स्थित केरल एक बेहद खूबसूरत राज्य है। जहां पर हर दिन हजारों पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। केरल में कपल्स को हिल स्टेशन्स से लेकर समुद्री इलाके सबसे आकर्षिक करते हैं। इसलिए हर महीने दर्जन से भी अधिक कपल्स केरल रोमांटिक वेकेशन पर जाते हैं। अगस्त साल का एक ऐसा महीना है, जब कपल्स केरल में छुट्टियां मनाने के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको केरल की कुछ रोमांटिक डेस्टिनेशन के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर आप भी अपने पार्टनर के साथ हसीन पल बिताने के लिए पहुंच सकते हैं।



**अल्लेप्पी**

अगस्त के महीने में केरल की सबसे खूबसूरत और रोमांटिक जगह घूमने की बात की जाती है, तो कई कपल्स सबसे पहले अल्लेप्पी पहुंचते हैं। यह जगह अपनी खूबसूरती और मेहमान नवाजी के कारण केरल के टॉप हनीमून डेस्टिनेशन माना जाता है। यह जगह अपने सबसे सुंदर बैकवाटर, लैगून और खूबसूरत बीचेज के लिए जाना जाता है। यहां पर समुद्र तट के किनारे कई ऐसे रिसॉर्ट और विला हैं, जो कपल्स का शानदार वेलकम करते हैं। वहीं आप खूबसूरत बीच के किनारे खुशनुमा सुबह से लेकर हसीन शाम का लुत्फ उठा सकते हैं। वहीं पार्टनर के साथ हाउसबोट्स का भी आनंद ले सकते हैं।

**वायनाड**

वैसे केरल का मुन्नार तो हर कोई घूमने जाता है, लेकिन अगर आप किसी भीड़-भाड़ से दूर शांत और खूबसूरत हिल स्टेशन को एक्सप्लोर करना चाहते हैं। तो आपको वायनाड को जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए। यहां पर आप अपने पार्टनर के साथ रोमांटिक और क्वांटिटी टाइम बिता सकेंगे।

वायनाड एक बेहद शानदार और खूबसूरत हिल स्टेशन है। जोकि अपने चाय-काफी के बागान, हरियाली और शानदार वॉटरफॉल के लिए फेमस है। यहां पर कई ऐसे रिसॉर्ट और विला हैं, जहां पर आप अपने पार्टनर के साथ रोमांटिक पल बिता सकते हैं। इसके अलावा आप यहां पर कुरुवा द्वीप, चेम्बरा पीक और बाणासुर सागर बांध जैसी जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**कोवलम**

केरल के सबसे खूबसूरत और लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में कोवलम का नाम भी शामिल है। यह अरब सागर के तट पर स्थित है। यहां पर सिर्फ अगस्त के महीने में नहीं बल्कि हर महीने पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। यह जगह अपने अधिक समुद्र तटों और प्राकृतिक सुंदरता के लिए भी जाना जाता है। यहां पर हवा बीच, लाइट हाउस बीच और कोवलम बीच के किनारे कई कपल्स हनीमून के लिए भी पहुंचते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अगस्त क्रांति: स्मृतियों के बीच राष्ट्रभक्ति पर सुलगते सवाल





**वीरेश तरार**

भारत छोड़ो आंदोलन, जिसे इतिहास में अगस्त क्रांति के नाम से जाना जाता है, केवल एक राजनीतिक घोषणापत्र नहीं था। यह भारत की आत्मा से उपजे उस आक्रोश की आवाज थी, जो वर्षों से दबाई जा रही थी। यह अंग्रेजों के विरुद्ध तो था ही, लेकिन उससे कहीं गहरे जाकर यह उन तमाम शक्तियों के विरुद्ध भी था, जो भारत की स्वतंत्र चेतना को दबाए रखना चाहती थीं, फिर चाहे वे विदेशी हुक्मरान हों या देश के भीतर छिपे उनके साझेदार।

इस क्रांति की शुरुआत आठ अगस्त, उन्नीस सौ बयालीस को मुंबई में गांधी जी के करो या मरो के आह्वान से हुई, लेकिन इसकी चेतना कई दशक पहले उपज चुकी थी। लाहौर अधिवेशन, 1929 यही वह क्षण था जब भारतीय स्वतंत्रता संग्राम ने पूर्ण स्वराज को अपना लक्ष्य घोषित किया। इस प्रस्ताव का नैतिक बल था। भगत सिंह और उनके साथियों द्वारा जगाई गई वह क्रांति-चेतना, जो केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि सामाजिक और मानसिक मुक्ति की आकांक्षा से प्रेरित थी। भगत सिंह ने केवल ब्रिटिश सत्ता को चुनौती नहीं दी थी, बल्कि उन्होंने उस प्रत्याशा और जड़ता को भी तोड़ा था जो डोमिनियन स्टेटस के नाम पर अंग्रेजी कृपा की प्रतीक्षा कर रही थी। उनका विचार था कि अधूरी आजादी, दरअसल गुलामी की ही एक और शक्ल है। उनकी शहादत के बाद जो पीढ़ी सामने आई, उसमें छात्र, नवयुवक, किसान और मजदूर सभी में एक छटपटाहट थी। यह वर्ग अंग्रेजों से सिर्फ इसलिए नहीं टकरा रहा था कि वे विदेशी थे, बल्कि इसलिए भी कि वे उस शोषण-व्यवस्था के रक्षक बन चुके थे जिससे भारतीय जन-जीवन त्रस्त था। गांधी जी ने लंबे समय तक ब्रिटिश शासन को एक नैतिक सत्ता माना और वे डोमिनियन स्टेटस के पक्षधर रहे, लेकिन जब विश्व युद्ध के बीच अंग्रेजों की साम्राज्यिक कमजोरी सामने आई और भारतीय जनमानस की बेचैनी असहनीय हो गई, तब गांधी जी को पूर्ण स्वतंत्रता की मांग करनी पड़ी। यही वह बिंदु था, जहां क्रांतिकारी चेतना और गांधीवादी नेतृत्व एक बिंदु पर आकर मिलते हैं।

अगस्त क्रांति का सबसे बड़ा सत्य यही था कि जब कांग्रेस का संपूर्ण नेतृत्व गांधी, नेहरू, पटेल आदि गिरफ्तार कर लिया गया, तब भी आंदोलन नहीं रुका। यह एक जन-आंदोलन था, जिसमें नेतृत्व का अभाव भी ऊर्जा को रोक न सका। छात्र, किसान, स्त्रियां, मजदूर सबने अपने-अपने ढंग से ब्रिटिश सत्ता को चुनौती दी। परंतु, इस व्यापक जनक्रांति के बीच कुछ ऐसे चेहरे और संगठन भी थे जिन्होंने मौन धारण कर लिया और यह मौन केवल रणनीतिक नहीं, वैचारिक था।

हिंदू महासभा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने आंदोलन से खुद को दूर रखा। सावरकर के निर्देश पर हिंदू महासभा के नेता प्रांतीय सरकारों में अंग्रेजों के साथ कार्यरत रहे। बंगाल और सिंध में मुस्लिम लीग के साथ मिलकर हिंदू महासभा ने सरकार चलाई उस समय जब देश के नौजवान जेलों में थे, यातनाएं झेल रहे थे, गोलियां खा रहे थे। आरएसएस ने प्रत्यक्ष भागीदारी नहीं की और आज जो संगठन राष्ट्रवाद का सबसे ऊंचा झंडा उठाते हैं, वे तब भारत की पुकार पर मौन थे। यह ऐतिहासिक सत्य है, जिसे विस्मृत नहीं किया जाना चाहिए विशेषकर तब, जब यही संगठन आजादी के आंदोलन में कांग्रेस की भूमिका पर बार-बार सवाल उठाते हैं।

भारत की रियासतों का एक बड़ा हिस्सा, विशेषत: राजपूताना, हैदराबाद, कश्मीर, ग्वालियर आदि, अंग्रेजों का स्थाई साझेदार बना रहा।

ये रियासतें कर वसूली और जागीरदारी के माध्यम से सत्ता में भागीदारी करती थीं और उन्हें स्वतंत्र भारत की कोई इच्छा नहीं थी। यह वर्ग कृ जमींदार, रईस, बड़े व्यापारी, ब्रिटिश सरकार के सहयोगी अधिकारी 1857 की क्रांति में क्रांति को विफल करने में सक्रिय भूमिका निभा चुके थे और 1942 में भी वही भूमिका दोहरा रहे थे। वे भारत को नहीं, अपने लाभ को बचाना चाहते थे। इसके बरक्स वह वर्ग था किसान, मजदूर, छोटा दुक.ानदार, दैनिक श्रमिक कृ जो अंग्रेजी शासन से त्रस्त था और जिसकी पीड़ा ही अगस्त क्रांति की आग में घी का काम कर रही थी। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की भूमिका अगस्त क्रांति में जटिल रही। 1941 में सोवियत संघ पर हिटलर के आक्रमण के बाद, सोवियत हितों की रक्षा के नाम पर कम्युनिस्टों ने ब्रिटिश युद्ध प्रयासों को समर्थन देना शुरू किया। उन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन से दूरी बनाई, यद्यपि कई स्थानीय स्तरों पर कार्यकर्ता आंदोलन से जुड़े रहे। यह एक उदाहरण है जब अंतर्राष्ट्रीय वामपंथी वैचारिक प्रतिबद्धताएं राष्ट्रीय आंदोलन से टकराईं।

डॉ. भीमराव अंबेडकर, इस समय वायसराय की कार्यकारिणी परिषद में श्रम सदस्य के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने आंदोलन का प्रत्यक्ष समर्थन नहीं किया। उनके लिए स्वतंत्रता से भी पहले सामाजिक समता और दलित अधिकारों की गारंटी जरूरी थी। यद्यपि वे ब्रिटिश सत्ता के स्थाई बने रहने के पक्षधर नहीं थे, पर उन्होंने कांग्रेस की नीयत पर सवाल उठाए और आंदोलन को अधूरी सामाजिक दृष्टि से देखा। हालांकि, इस लेख में उनकी भूमिका को विश्लेषण के लिए पृथक लेख में स्थान देना अधिक उचित होगा।

भारत छोड़ो आंदोलन केवल कांग्रेस का नेतृत्व आंदोलन नहीं था, बल्कि भारतीय जनता की निर्णायक भागीदारी का वह क्षण था जब लोग खुद आगे बढ़कर आंदोलन को जीवित रखते हैं। इसमें वही संगठन चुप थे, जो आज राष्ट्रवाद की ठेकेदारी करते हैं। इतिहास का यह चेहरा, हर बार स्मरण किया जाना चाहिए, क्योंकि जब आज सत्ता पक्ष आजादी के आंदोलन में कांग्रेस की भूमिका को धुंधलाने का प्रयास करता है, तो यह सवाल बार-बार पूछा जाना चाहिए कि 1942 ,जहां पूरा भारत सड़कों पर था और उसका नेतृत्व जेलों में, तब आप कहां थे? यहां इन पंक्तियों में हम केवल इतिहास का स्मरण नहीं कर रहे हैं बल्कि वर्तमान राजनीतिक विमर्श के बीच इस ऐतिहासिक सवाल को रख ना भी इसलिए जरूरी समझ रहे है क्योंकि स्वाधीनता केवल एक तारीख नहीं एक चेतना है, जिसे हर पल जिंदा रखना जरूरी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अपनी मर्जी से तेल खरीदेगा चीन

## बीजिंग ने सख्त रुख अपनाया, अमेरिका की मांग को ठुकराया

**बीजिंग।** अमेरिका, रूस और ईरान से कच्चा तेल खरीदने वाले देशों पर सख्ती कर रहा है। हालांकि चीन ने अमेरिका की इस मांग को मानने से साफ इन्कार कर दिया है। चीन और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर भी बातचीत चल रही है और उम्मीद जताई जा रही है कि दोनों देशों में व्यापार समझौता जल्द हो सकता है, लेकिन रूस और ईरान से तेल न खरीदने की बात पर चीन ने सख्त रुख अपनाया है। चीन के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि चीन हमेशा देशहित को ध्यान में रखते हुए अपनी ऊर्जा जरूरतों की आपूर्ति सुनिश्चित करेगा।


अमेरिका ने रूस और ईरान से तेल खरीदने पर चीन पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी है। जिस पर चीन के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि चीन हमेशा देशहित को ध्यान में रखते हुए अपनी ऊर्जा जरूरतों की



### ईरान का 80-90 फीसदी तेल खरीद रहा चीन

आपूर्ति सुनिश्चित करेगा। चीन ने कहा कि दबाव बनाने और जबरदस्ती से कुछ हासिल नहीं होगा। चीन अपनी संप्रभुता, सुरक्षा और विकास हितों की दृढ़ता से रक्षा करेगा। चीन की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय सामने आई है, जब दोनों देशों के अधिकारी स्टाकहोम में व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। चीन के सख्त रुख पर तंज कसते हुए अमेरिका के वित्त मंत्री स्काट बेसेंट ने कहा कि जब रूस से तेल खरीदने की बात आती है, तब चीन अपनी संप्रभुता को बहुत गंभीरता से लेता है। गौरतलब है कि अमेरिका का कहना है कि रूस से जो देश तेल खरीद रहे हैं, उससे रूस की सेना की मदद हो रही है और यूक्रेन में युद्ध जारी है। वहीं ईरान भी तेल बिक्री के पैसों से पश्चिम एशिया में आतंकी संगठनों को फंडिंग दे रहा है। ऐसे में अमेरिका में रूस और ईरान के वित्तपोषण पर रोक लगाना चाहते हैं। अमेरिका ने भारत पर भी इसके लिए 25 प्रतिशत टैरिफ और पेनल्टी लगाने की घोषणा की है। एशिया सोसाइटी पालिसी इंस्टीट्यूट के प्रतिष्ठित फेलो डैनी रसेल ने कहा कि रूस से तेल खरीदना जारी रखने से रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ शी जिनपिंग की 'रणनीतिक एकजुटता' बनी रहती है और चीन की आर्थिक लागत में भी उल्लेखनीय कमी आती है।

### तेल खरीदकर रूस की मदद कर रहा भारत



**राष्ट्रपति ट्रम्प के करीबी सहयोगी व्हाइट हाउस में डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ स्टीफन मिलर ने फिर लगाया आरोप**

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के एक वरिष्ठ सहयोगी ने रविवार को आरोप लगाया कि भारत मास्को से तेल खरीदकर यूक्रेन युद्ध में रूस को प्रभावी ढंग से वित्तीय मदद दे रहा है। ट्रम्प की ओर से नई दिल्ली पर रूस से तेल खरीदना बंद करने का दबाव बढ़ाने के बाद अमेरिकी अधिकारी ने यह आरोप लगाया है।

व्हाइट हाउस में डिप्टी चीफ आफ स्टाफ और शासन में ट्रम्प के सबसे प्रभावशाली सहयोगियों में से एक स्टीफन मिलर ने कहा, राष्ट्रपति टंप ने बहुत स्पष्ट रूप से कहा कि रूस से तेल खरीदकर भारत का इस युद्ध को वित्तपोषित करना स्वीकार्य नहीं है। मिलर ने फाक्स न्यूज से कहा लोग यह जानकर हैरान होंगे कि रूसी तेल खरीदने में भारत खासकर चीन के साथ जुड़ा हुआ है। यह एक आश्चर्यजनक तथ्य है। हालांकि मिलर ने अपनी आलोचना को नरम करते हुए ट्रम्प के भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ संबंधों का उल्लेख किया और इसे जबरदस्त बताया। मिलर की ओर से की गई भारत की यह आलोचना ट्रम्प प्रशासन की ओर से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका के प्रमुख साझेदारों में से एक के बारे में की गई अब तक की सबसे कड़ी आलोचनाओं में से एक थी। वाशिंगटन स्थित भारतीय दूतावास ने इस टिप्पणी का तुरंत जवाब नहीं दिया।

# यूक्रेनी सेना में महिलाओं का दबदबा

## साढ़े तीन साल में तादाद एक लाख पहुंची, ड्रोन से लेकर मोर्चे पर तोपें संभाल रहीं

- युद्ध शुरू होने के बाद महिलाएं सेना में शामिल होने के लिए खुद आगे आ रही
- 2022 में रूस के आक्रमण से पहले सेना में 15 प्रतिशत महिलाएं थीं, अब उनकी संख्या दोगुनी हो गई है



**कीव।** यूक्रेन और रूस युद्ध के बीच यूक्रेन की सेना में महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। बीते साढ़े तीन साल में सेना में महिलाओं की संख्या बढ़कर एक लाख हो गई है। फिलहाल यूक्रेनी सेना में कुल 10 लाख सैनिक हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, युद्ध शुरू होने के बाद महिलाएं सेना में शामिल होने के लिए खुद आगे आ रही हैं।

सशस्त्र बलों की सलाहकार ओक्साना ग्रिगोरिएवा बताती हैं कि रूस के खिलाफ फिलहाल साढ़े पांच हजार महिलाएं सीधे मोर्चे पर हैं। ये महिलाएं ड्रोन से लेकर सीधे मोर्चे पर तोपें संभाल रही हैं। इसके अलावा ये मेडिकल सपोर्ट, फ्रंटलाइन ट्रांसपोर्ट जैसी डयूटीज भी निभा रही हैं। बता दें कि 2022 में रूस के आक्रमण से पहले सेना में 15 प्रतिशत महिलाएं थीं। अब उनकी संख्या दोगुनी हो गई है। ग्रिगोरिएवा कहती हैं कि सैन्य स्कूलों और कालेजों में अब 20 प्रतिशत छात्राएं हैं, जो बड़ा बदलाव है। पूर्व पेशेवर हेप्टाथलीट अलीना शुख ने शुरू में प्रतिष्ठित अजोव ब्रिगेड में भर्ती होने की कोशिश की, लेकिन उन्हें बताया गया कि उनके लिए कोई पद नहीं है। इसके बाद वे खर्टिया ब्रिगेड में शामिल हुईं। शुख कहती हैं कि वह अपनी ब्रिगेड में ज्यादातर पुरुष सैनिकों से मजबूत हैं। वहीं, तोपखाने की कमांडर ओल्हा बिहार कहती हैं कि टेक्नोलाजी युद्ध को बदल रही है। अब सबसे अच्छा सैनिक ड्रोन पायलट हो सकता है, जिनकी उगलियां तेज चलती हैं। वे कहती हैं कि मुझे उम्मीद है कि मैं एक दिन रक्षा मंत्री बनूंगी। इनविजिबल बटालियन के एक रिसर्च प्रोजेक्ट में मदद करने वाली मारिया बर्लिंस्का रूस के शुरुआती आक्रमण के बाद से महिलाओं के लिए ज्यादा भूमिकाएं खोलने की कोशिश कर रही हैं। वे बताती है, हर युद्ध ने तकनीकी प्रगति और महिलाओं की आजादी को बढ़ावा दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### इज़रायल ने यमन से दागे गए ड्रोन को रोका

**यरूशलम/सना।** इज़रायल की सेना ने यमन से उसके क्षेत्र की ओर दागे गए एक ड्रोन को रोक दिया है। सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। सेना ने एक बयान में कहा कि दक्षिणी इज़रायल के बेनी नेत्ज़ारिम में सायरन यमन से प्रक्षेपित एक ड्रोन की घुसपैठ के कारण सक्रिय हो गए। बयान में यह भी कहा गया है कि ड्रोन को रोक लिया गया और किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### कैमरून के एंग्लोफोन में चार अलगाववादी लड़ाके मारे गए

**याउंडे।** कैमरून के अशांत दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र में एक सैन्य अभियान में कम से कम चार अलगाववादी लड़ाके मारे गए हैं। सुरक्षा सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। एक क्षेत्रीय सैन्य अधिकारी ने बताया कि सैन्य बलों ने शनिवार देर रात एंग्लोफोन क्षेत्र के मौमू इलाके में लड़ाकों पर घात लगाकर हमला किया। अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर बताया, अपने सूत्रों से सूचना मिलने के बाद हमारे बहादुर सैनिकों ने नियमित गश्त पर निकले और नागरिकों को आतंकित करने वाले अलगाववादी आतंकवादियों पर घात लगाकर हमला किया।

### मेक्सिको की जेल में हुए दंगे में सात कैदियों की मौत

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के पूर्वी राज्य वेराक्रूज़ के टक्सपैन शहर में शनिवार को एक जेल में हुए दंगे में कम से कम सात कैदियों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। राज्य के लोक सुरक्षा सचिवालय ने रविवार को यह जानकारी दी।

# रूस के ऑयल डिपो पर यूक्रेन का ड्रोन अटैक

## आग लगी, विस्फोट का वीडियो बनाने वाली दो रशियन लड़कियों को हिरासत में लिया

**मास्को।** यूक्रेन ने रूस के सोची स्थित एक आयल डिपो पर ड्रोन से हमला किया। हमले के बाद डिपो में भीषण आग लग गई। क्रास्नोडार क्षेत्र के गवर्नर वेनियामिन कोंद्रात्येव ने बताया कि ड्रोन के मलबे के तेल टैंक से टकराने के बाद आग लगी, जिसे बुझाने के लिए 120 से ज्यादा दमकलकर्मी लगाए गए।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में डिपो से उठते काले धुएं के गुबार देखे जा सकते हैं। हमले के बाद रूस की नागरिक उड्डयन एजेंसी रोसावियात्सिया ने कुछ समय के लिए सोची एयरपोर्ट पर उड़ानें रोक दीं। इस दौरान 2 रशियन लड़कियां विस्फोट के साथ वीडियो बनाते हुए भी नजर आईं। दोनों के साथ बैकग्राउंड में एक युवक भी मौजूद था। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने तीनों को



हिरासत में ले लिया। रूस के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, रशियन सेना ने शनिवार रात से रविवार सुबह तक रूस और ब्लैक सी के ऊपर यूक्रेन के 93 ड्रोन मार गिराए। हालांकि रूस के वोरोनेज क्षेत्र में एक और यूक्रेनी ड्रोन हमले में चार लोग घायल हो गए। सोची आयल डिपो पर यूक्रेनी ड्रोन हमले के बाद काले धुएं का गुबार उठता नजर आया। दूसरी तरफ रूस भी लगातार यूक्रेन पर मिसाइल और ड्रोन हमले कर रहा है। यूक्रेनी वायुसेना के मुताबिक शनिवार रात 2 अगस्त को रूस ने 76 ड्रोन और 7 मिसाइलें दागीं। इनमें से 60 ड्रोन और 1 मिसाइल को मार गिराया गया। बाकी 16 ड्रोन और 6 मिसाइलें आठ अलग-अलग जगहों पर गिरीं। इससे पहले 31 जुलाई को रूसी ड्रोन और मिसाइल हमले में यूक्रेन के 31 लोग मारे गए थे। इनमें 5 बच्चे शामिल थे, जबकि 150 से ज्यादा घायल हुए थे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन को शांति वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए 8 अगस्त तक का अल्टीमेटम दिया है। ट्रम्प ने चेतावनी दी कि अगर कोई हल नहीं निकला तो रूस पर नए आर्थिक प्रतिबंध लगाए जाएंगे। हालांकि उन्होंने यह भी कहा- रूसी काफी चालाक होते हैं, अक्सर प्रतिबंधों को चकमा दे देते हैं, देखते हैं क्या होता है। ट्रम्प ने बताया कि उनके विशेष दूत स्टीव विटकाफ बुधवार या गुरुवार को रूस की यात्रा पर जा सकते हैं।

# रूस से तेल खरीदने पर भड़के ट्रम्प, भारत पर भारी टैरिफ लगाने की फिर दी धमकी

**कहा: रूस से बड़ी मात्रा में कच्चा तेल खरीद कर उसे दूसरे देशों को बेच रहा भारत**

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोमवार को भारत पर भारी टैरिफ लगाने की धमकी दी है। ट्रम्प ने भारत पर आरोप लगाते हुए कहा कि भारत से अमेरिका में होने वाले आयात पर टैरिफ को वह बड़ी मात्रा में बढ़ाने वाले हैं।

ट्रम्प ने कहा कि भारत रूस से बड़ी मात्रा में कच्चा तेल खरीद कर उसे दूसरे देशों को बेच रहा है और इससे भारी मुनाफा कमा रहा है। ट्रम्प ने पिछले ह"ते भारतीय आयात पर 25 प्रतिशत सीमा शुल्क लगाने के साथ ही रूस से तेल एवं गैस खरीदने पर दंडात्मक जुर्माना लगाने की भी घोषणा की थी। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर लिखा, भारत रूस से भारी मात्रा में तेल सिर्फ खरीद ही नहीं रहा है, बल्कि उस तेल के बड़े हिस्से को खुले बाजार में ऊंचे दामों पर बेचकर भारी मुनाफा भी कमा रहा है।' इसके साथ ही ट्रम्प ने कहा कि भारत को इस बात की कोई परवाह नहीं है कि यूक्रेन में रूस की युद्ध मशीन कितने लोगों की जान ले रही है। इसी वजह से मैं भारत से अमेरिका को दिए जाने वाले शुल्क को काफी बढ़ाने जा रहा हूं। इस मुद्दे पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद!

### ट्रम्प की टैरिफ धमकी को भारत ने बताया अनुचित, कहा: राष्ट्र हित में सभी उपाय करेंगे

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों और आर्थिक सुरक्षा की रक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाएगा। उन्होंने यह बयान उस समय दिया, जब भारत पर अमेरिका और यूरोपीय संघ की ओर से रूस से तेल आयात को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। यह स्थिति यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद बनी है। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत ने रूस से तेल इसलिए खरीदा क्योंकि पहले जहां से तेल आता था, वहां का तेल युद्ध के कारण अब यूरोप को भेजा जाने लगा था। उस समय अमेरिका ने भी भारत को रूस से तेल खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया था। भारत जो भी तेल रूस से मंगवा रहा है, उसका मकसद यही है कि देश में उपभोक्ताओं को सस्ती और भरोसेमंद ऊर्जा मिल सके। भारत ने ईयू को भी आड़े हाथों लिया है, जिसने भारतीय तेल रिफाइनरी को उनके निर्यात को लेकर निशाना बनाया है।

### गाजा में अतिरिक्त धनराशि देगा ऑस्ट्रेलिया

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया सरकार ने गाजा में मानवीय सहायता प्रयासों के लिए अतिरिक्त धनराशि देने का वादा किया है। विदेश मंत्री पेनी वोंग और अंतर्राष्ट्रीय विकास मंत्री ऐनी एली ने सोमवार को घोषणा की कि ऑस्ट्रेलिया गाजा में भोजन, चिकित्सा आपूर्ति और अन्य जीवन रक्षक सहायता प्रदान करने वाले संगठनों को अतिरिक्त दो करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (1.29 करोड़ अमेरिकी डॉलर) प्रदान करेगा। नई धनराशि में संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम के लिए 60 लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (38 लाख अमेरिकी डॉलर) और यूनिसेफ तथा रेड क्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति के लिए 50 लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (32 लाख अमेरिकी डॉलर) शामिल हैं।

## थाईलैंड और कंबोडिया के अधिकारियों की मलेशिया में बैठक

**संघर्षविराम के बाद तनाव कम की कोशिशें तेज**

**कुआलालंपुर।** थाईलैंड और कंबोडिया के अधिकारियों ने सोमवार को मलयेशिया में पहली बार आमने-सामने बैठक की। पिछले हफ्ते दोनों देशों के बीच घातक सीमा संघर्ष के बाद संघर्षविराम लागू हुआ था।

उसके बाद यह पहली औपचारिक बैठक थी। इस संघर्ष में कई दर्जन लोगों की जान गई और 2.6 लाख से ज्यादा लोग बेघर हुए। चार दिन तक चलने वाली सामान्य सीमा समिति की यह बैठक पहले कंबोडिया में होनी थी। लेकिन बाद में दोनों देशों ने एक तटस्थ स्थान के तौर पर मलयेशिया में मिलने पर सहमति बनाई। मलयेशिया इस साल आसियान का अध्यक्ष भी और पिछले महीने दोनों देशों के बीच संघर्ष रुकवाने में मध्यस्थ की भूमिका निभा चुका है। 28 जुलाई को संघर्षविराम तब लागू हुआ, जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दोनों देशों को आर्थिक दबाव में लेकर चेतावनी दी कि अगर संघर्ष बंद नहीं हुआ, तो अमेरिका उनके साथ कोई व्यापार समझौता नहीं करेगा। संघर्षविराम के बाद एक अगस्त को अमेरिका ने इन देशों से आयात होने वाले सामान पर टैरिफ 36 फीसदी से घटाकर 19 प्रतिशत कर दिया। आज बातचीत का मुख्य उद्देश्य यह था कि भविष्य में दोबारा कोई झड़प न हो, इसके लिए नियम तय किए जाएं। सीमा विवाद वाले इलाकों पर पुराने दावों को इस चर्चा का हिस्सा नहीं बनाया गया।

### भारतवंशी मथुरा श्रीधरन अमेरिका में सॉलिसिटर जनरल बनी

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल की अमेरिकी वकील मथुरा श्रीधरन को ओहियो राज्य की सालिसिटर जनरल नियुक्त किया गया है। नियुक्ति के बाद मथुरा को आनलाइन ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा। कुछ लोगों ने उनकी बिंदी और भारतीय मूल को लेकर सवाल उठाए और कहा कि एक गैर-अमेरिकी को यह पद क्यों दिया गया। इसके जवाब में ओहियो के अटार्नी जनरल डेव योस्ट ने कहा कि कुछ लोग गलत कह रहे हैं कि मथुरा अमेरिकी नहीं हैं। वह अमेरिकी नागरिक हैं, एक अमेरिकी नागरिक से शादीशुदा हैं और उनके माता-पिता भी अमेरिकी नागरिक हैं। अगर उनका नाम या रंग आपको परेशान करता है, तो समस्या आप में है, न कि मथुरा या उनकी नियुक्ति में।



प्रयागराज। मानसून के मौसम में गंगा नदी के जलस्तर में वृद्धि के बीच एसडीआरएफ के जवान बाढ़ग्रस्त क्षेत्र से लोगों को निकालते हुए।



# नेहा धूपिया ने 'फ्रीडम टू फीड' अभियान को फिर से किया शुरू

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री-निर्माता और मातृत्व अधिकारों की समर्थक नेहा धूपिया ने अपने सराहे गए अभियान 'फ्रीडम टू फीड' को वर्ल्ड ब्रेस्टफीडिंग वीक 2025 के लिए फिर से शुरू किया है।

वर्ष 2019 में शुरू हुआ यह अभियान, नेहा के अपने मातृत्व के अनुभवों और इस चाह से शुरू हुआ था कि सार्वजनिक स्थानों पर स्तनपान को बिना शर्म या जजमेंट के सहजता से अपनाया जा सके। यह प्लेटफ़ॉर्म अब तक एक ऐसा मंच बन चुका है जहां माताएं और देखभाल करने वाले अपने अनुभव साझा करते हैं और खुलकर बात करते हैं। इस साल नेहा कुछ मशहूर अभिनेत्रियों राधिका आप्टे, युविका चौधरी और सोनाली सहगल के साथ डिजिटल बातचीत करेंगी। इन बातचीतों में वे शरीर पर नियंत्रण, समाज की अपेक्षाएं और मातृत्व से जुड़ी भावनात्मक बातों पर गहराई से चर्चा करेंगी। ये बातचीतें उनके सोशल मीडिया चैनलों पर पूरे हफ्ते साझा की जाएंगी।अब तक इस अभियान को बिपाशा बसु, फ्रीडा पिंटो, सोहा अली खान और दिया मिर्ज़ा जैसे कई जाने-माने सितारों का समर्थन मिला है, जिन्होंने ब्रेस्टफीडिंग और महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर खुलकर आवाज़ उठाई है। अभियान को फिर से शुरू करने पर नेहा धूपिया ने कहा कि जब मैंने पहली बार 'फ्रीडम टू फीड' शुरू किया था, तो यह मेरे निजी अनुभव से जुड़ा हुआ था। एक ऐसा समय जब मैं खुद को असहज, जज की गई और अकेली महसूस कर रही थी, जबकि वो मेरी जिंदगी का सबसे नैसर्गिक और सशक्त पल होना चाहिए था।

### ब्राजील में दिल का दौरा पड़ने से 20 साल की लड़की की मौत

**रियोडिजिनेरो।** ब्राजील में एक 20 साल की लड़की की चलती बस में मौत हो गई। उसे दिल का दौरा पड़ा था, लेकिन जब डाक्टरों ने उसका इलाज करना शुरू किया, तो उन्हें उसके शरीर से चिपके हुए 26 आईफोन मिले। यह घटना 29 जुलाई की है। लड़की बस में अकेले सफर कर रही थी। वह साओ पाउलो जा रही थी। इसी दौरान उसने सांस लेने में परेशानी की शिकायत की। उसकी हालत बिगड़ती देख बस स्टाफ ने तुरंत डाक्टरों को बुलाया। डाक्टरों की टीम ने करीब 45 मिनट तक उसे होश में लाने की कोशिश की, लेकिन वह सफल नहीं हो पाए और उसे मौके पर ही मृत घोषित कर दिया गया।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782, 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट